

## आसमान में दिखा स्ट्रॉबेरी मून का अद्भुत नजारा

नई दिल्ली। बुधवार रात आसमान में एक अद्भुत नजारा दिखाई दिया। खूबसूरत खगोलीय घटना घटी जिसमें स्ट्रॉबेरी मून नजर आया। जून में स्ट्रॉबेरी की कटाई की शुरुआत के बाद आने वाले फुल मून शेष पेज 5 पर


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

नई दिल्ली, गुरुवार 12 जून 2025 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-01 ■ वर्ष : 29, अंक : 58 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 41 न्यून.28 haribhoomi.com


मोदी सरकार के 11 साल पर विशेष

## नई चुनौतियों से निपटने और बडे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पीएम मोदी ने बनाया 'डबल इंजन पीएमओ'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के सफर को जहां राजनीतिक तौर पर भाजपा मील का पत्थर मान रही है वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय इसे भविष्य की अलग चुनौतियों की तरह देख रही है। देशभर के विभिन्न राज्यों की भिन्न भिन्न योजनाओं को लेकर बेहद द्रुत गति से काम के लिए नायाब टीम तैयार प्रधानमंत्री कार्यालय में तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल (मोदी सरकार 3.0) में केंद्र सरकार ने 2030 तक के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इस दृष्टिकोण को लागू करने में 'डबल इंजन पीएमओ' की अहम भूमिका होगी। इतिहास में ऐसा पहली बार है जब पीएमओ में दो पूर्णकालिक प्रधान सचिवों की नियुक्ति की गई है। जिनकी देखरेख में समयबद्ध योजनाएं, परियोजनाएं लागू हों



इसकी दीर्घकालिक और त्वरित दोनों तरह की नीतियां योजनाओं को देखते हुए बनायी गई है। दोनों पूर्णकालिक प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास समय समय पर मिली जिम्मेदारियों के माध्यम से अपनी कार्यकुशलता का लोहा बार बार मनवा चुके हैं। दोनों के नेतृत्व में काम कर रहा पीएमओ पहले से कहीं अधिक प्रभावी और गतिशील है। यह पहली बार है जब पीएमओ इस तरह के दोहरे नेतृत्व मॉडल के साथ संचालित हो रहा है, जिसे 'डबल इंजन' के रूप में देखा जा रहा है। एक वरिष्ठ नौकरशाह ने इस संबंध कें कहा, 'डबल इंजन' शब्द का शेष पेज 5 पर

### पाकिस्तान से तनाव के बीच युद्धाभ्यास में जुटी नौसेना और सेना

# नौसेना ने ब्रिटेन संग किया पैसेज युद्धाभ्यास सेना खान क्वेस्ट के लिए मंगोलिया पहुंची

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ पश्चिमी मोर्चे पर बने हुए तनाव के बीच भारतीय सशस्त्र सेनाओं की दुनिया के तमाम देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय युद्धाभ्यास की कवायद जारी है। जिसमें नौसेना ने जहां ब्रिटेन के प्रमुख युद्ध समूह के साथ बीते 9 से 10 जून तक पैसेज युद्धाभ्यास किया है। वहीं, बुधवार को भारतीय सेना का दस्ता खान क्वेस्ट नामक







भारत की यात्रा पर श्रीलंका के सेनाप्रमुख

बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास के लिए मंगोलिया के उलानबटोर पहुंचा। रक्षा मंत्रालय ने 11 जून को जारी किए गए अपने कुछ बयानों के जरिए यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन की नौसेना के साथ जारी पैसेज युद्धाभ्यास में बल के स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर, पनडुब्बी और लंबी दूरी का समुद्री गश्ती विमान पी8आई ने भाग लिया। जबकि ब्रिटेन की तरफ से इसमें मुख्य युद्धक समूह में शामिल एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड जैसे दो जंगी युद्धपोत शामिल हुए। शेष पेज 5 पर

### भारत दौरे पर श्रीलंकाई सेनाप्रमुख

*इन सबके बीच श्रीलंका के सेनाप्रमुख (कमांडर) लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासांथा रोड्रिगो बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे के तहत नई दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रांगण में गार्ड ऑफ आर्नर की समीक्षा की। मंत्रालय ने बताया, श्रीलंकाई सेनाप्रमुख की राजधानी में कुछ उच्च-स्तरीय बैठकें* शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पोर्टल पर हो गए हैं 50 हजार पंजीकरण

नई दिल्ली। आयुष मंत्रालय ने बताया कि देशभर के 50,000 से अधिक संगठनों ने योग संगम का हिस्सा बनने के लिए पंजीकरण कराया है। यह सामूहिक भागीदारी का नया रिकॉर्ड है। योग संगम का आयोजन 21 जून को सुबह 6 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 45 मिनट तक आयोजित होगा। इस साल का थीम 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' है।



### सोने के कुए के पानी से भगवान ने किया स्नान

नई दिल्ली। स्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ को मंदिर में ही बने सोने के कुए के पानी से नहलाया गया। इसे स्नान पूर्णिमा कहते हैं। इस दिन भगवान अपने बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ स्नान करते हैं। उड़ीसा की पुरी में पूरे साल में सिर्फ इसी दिन भगवान स्नान के लिए सोने के 108 घड़ों में पानी भरा जाता है।



### दुष्कर्म के आरोप में घिरे पूर्व जज की याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक पूर्व न्यायिक अधिकारी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने से इनकार कर दिया, जिस पर अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने का आरोप है। शीर्ष कोर्ट ने इसे हैरान करने वाला बताया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने पूछा, बेटी आरोप लगा रही है।



### ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिम की नासमझी के बीच जयशंकर ने खोल दी पाकिस्तान की पोलपट्टी

# बोले, ये भारत-पाक का नहीं बल्कि आतंकवाद का मामला है ओसामा बिन लादेन की दिलाई याद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले में आतंकवादियों द्वारा बर्बरता के साथ की गई 26 निर्दोष लोगों की हत्या के जवाब में की गई भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को भले ही एक महीने से कुछ अधिक का समय बीत चुका है। 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने इस पर विस्तार से दुनिया के तमाम देशों की यात्रा कर उनके समक्ष भारत का पक्ष भी रख दिया है। लेकिन इन सबके बावजूद पश्चिमी देशों की मामले पर बनी हुई नासमझी है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है।

यहां बात विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर द्वारा अपनी यूरोप यात्रा में 'यरैक्टिव' नामक एक यूरोपीय न्यूज वेबसाइट को बुधवार को दिए गए साक्षात्कार को लेकर हो रही है। जिसमें विदेश मंत्री से पूछा गया था कि क्या ऑपरेशन सिंदूर भारत और पाकिस्तान के बीच का संघर्ष है? जवाब में एस.जयशंकर ने अपने बेबाक में कहा कि ये केवल दोनों देशों के बीच का विवाद नहीं है। बल्कि यह आतंकवाद से जुड़ा हुआ मामला है। भारत के अलावा यही आतंकवाद अंत में आपको भी परेशान करेगा। भारतीय विदेश मंत्री की यह टिप्पणी भारत की 7 मई की कार्रवाई को दो परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देशों के बीच की प्रतिशोध की लड़ाई के रूप में प्रस्तुत करने के लिए की गई अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना का हिस्सा थी।

### अपनी यूरोप यात्रा के दौरान 'यूरैक्टिव' न्यूज वेबसाइट को दिए साक्षात्कार में बोले विदेश मंत्री



### पाकिस्तानी शहर में मिला था ओसामा

उन्होंने पश्चिमी देशों को अलकायदा के आतंकी ओसामा बिन लादेन की याद दिलाते हुए कहा कि इस नाम का एक शख्स वेस्ट प्वाइंट के ठीक बगल में पाकिस्तान के सैन्य शहर (एबटाबाद) में खुद को सुरक्षित क्यों महसूस करता था? भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में बढ़ोतरी पहलगाम हमले के बाद हुई थी। जिसके जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का नागरिक शामिल था। चार दिनों तक चली सैन्य कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच 10 मई से सैन्य संचालन महानिदेशकों की बातचीत के बाद संघर्षविराम लागू है। जो अभी तक चल रहा है।

### आतंकवाद सबकी सांझी चुनौती

जयशंकर ने पाक पर निशाना साधते हुए कहा, आतंकवाद केवल भारत की ही नहीं बल्कि सभी के लिए एक चुनौती है। लेकिन यहां एक तथ्य ये भी है जो इस चुनौती को भारत से जुदा करता है। वो यह है कि दुनिया में अमूमन एक समूह या कुछ ताकतों का समूह ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। लेकिन किसी देश द्वारा खुले तौर पर इसे राज्य की नीति के रूप में इस्तेमाल करने का कहीं कोई मामला नहीं है। यूरोप भी आतंकवाद का शिकार बनता है। लेकिन कोई भी पड़ोसी देश आतंकवाद को घोषित राज्य नीति के रूप में नहीं अपनाता है।

### युद्धक्षेत्र में नहीं निकलेगा समाधान

*विदेश मंत्री ने रूस के खिलाफ पश्चिमी पाबंदियों में भारत के शामिल न होने के प्रश्न के जवाब में कहा, मतभेदों को युद्ध के जरिए हल नहीं किया जा सकता है। हम नहीं मानते कि ऐसा युद्ध के जरिए संभव है या समाधान युद्धक्षेत्र में मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाधान क्या होना चाहिए? ये तय करना हमारा काम नहीं होना चाहिए। हम निर्देशात्मक, निर्णायक नहीं है। लेकिन मामले में असंबद्ध भी नहीं हैं। भारत के रूस और यूक्रेन के साथ मजबूत संबंध हैं। हर देश के साथ स्वाभाविक रूप से अपना अनुभव, इतिहास और हितों के तहत संबंधों का आकलन किया जाता है। पाकिस्तान को लेकर जयशंकर ने कहा कि हमारी स्वतंत्रता के बाद से हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया जा रहा है, पाकिस्तान ने घुसपैठिए भेजे। ये लंबे समय से बना हुआ मुद्दा है। पश्चिमी देशों का हमें सबसे ज्यादा समर्थन मिला है। नई भू-राजनीतिक व्यवस्था में भारत की जगह को लेकर कहा, बहुपक्षीय व्यवस्था पहले से मौजूद है। यूरोप अपने हित में ज्यादा से ज्यादा निर्णय लेने की आवश्यकता का सामना कर रहा है। अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल करते हुए संबंधों को मजबूती प्रदान की जा रही है। मैंने यूरोप द्वारा प्रयोग की जाने वाली सामरिक स्वायत्तता की शब्दावली के बारे में सुना है। जो कि कभी हमारे द्वारा प्रयोग की जाती थी। ईयू विश्व व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण भाग है। तेजी से उसकी स्वायत्तता बढ़ रही है। भारत भी ईयू के साथ अपने संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने का इच्छुक है।*

### सीबीएएम का विरोधी नहीं भारत

*कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) को लेकर जयशंकर ने कहा कि भारत ने इसका विरोध नहीं किया। लेकिन इस पर उसकी गहरी आपत्तियां हैं। दुनिया का एक भाग बाकी के लिए मानकों का निर्धारण करे। उस विचार के हम खिलाफ हैं। अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर उस संबंध को बढ़ावा देना है, जो हमारे हितों की पूर्ति करते हों। अमेरिका के साथ हम हमारे संबंधों को बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं।*

ऑपरेशन हनीमूनः राजा रघुवंशी हत्याकांड केस में बड़ा खुलासा

मेघालय पुलिस करवाएगी आरोपियों का आमना-सामना

# सोनम ने कबूला जुर्म...हां मैं ही हूं राजा की कातिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/इंदौर

सदर पुलिस स्टेशन में एसआईटी की पूछताछ के दौरान सोनम रघुवंशी ने राजा रघुवंशी की हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल की। अधिकारियों ने महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद उससे पूछताछ की। सोनम ने सुनियोजित अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

सोनम ने मेघालय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में यह कबूल किया कि उसने ही पति राजा को मरवाया था। मेघालय पुलिस ने बताया कि सोनम ही राजा को मारने के लिए हनीमून के बहाने ही शिलांग ले गई थी। मेघालय पुलिस के अनुसार इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम (25) अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) के साथ मिलकर उनकी हत्या की साजिश में शामिल थी। दोनों ने योजना को अंजाम देने के लिए तीन हत्यारों को काम पर रखा था। राजा रघुवंशी (29) और उनकी पत्नी सोनम की शादी 11 मई को यहीं हुई थी। वे 23 मई को मेघालय में अपने हनीमून के दौरान लापता हो गए थे। राजा रघुवंशी का शव 2 जून को पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में एक झरने के पास (गहरी खाई) में शेष पेज 5 पर

### सोनम को शिलांग कोर्ट ने आठ दिन की रिमांड पर भेजा

*मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलांग लाया गया है। सभी आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी कराएगी।*

### राजा की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई, कहा-मेरी बहन को फांसी दो



*राजा रघुवंशी के घर बुधवार को अचानक एक फिर उस वक्त मातम और चीख पुकार मच गई जब सोनम के भाई गोविंद वहां पहुंच गए। राजा की मां से गले लगकर गोविंद फूट-फूटकर रोने लगे। अपनी बहन पर लगे हत्या के आरोप को लेकर गोविंद ने कहा कि यदि वह दोषी है तो उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने राज के साथ सोनम के प्रेम* शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री सैनी ने जटेला धाम में 225 बिस्तर वाले अस्पताल का किया शिलान्यास

## जटेला धाम बना श्रद्धा, सेवा और पर्यावरण का त्रिवेणी संगमःमुख्यमंत्री

- *मुख्यमंत्री ने अस्पताल के लिए 31 लाख रुपये, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा व कृष्ण कुमार बेदी ने भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को झज्जर के गांव माजरा (दुबलधन) स्थित जटेला धाम में स्वामी नितानंद जी के 225वें निर्वाण दिवस के अवसर पर 225 बिस्तर वाले आधुनिक अस्पताल का शिलान्यास और स्वामी नितानंद आश्रम गौशाला का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व श्री कृष्ण कुमार बेदी ने भी अपने ऐच्छिक कोष से 11-11 शेष पेज 5 पर

2,170 टीमें भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह अभियान के अंतिम दिन आज गुजरात, बारडोली पहुंचेंगे

## 15 दिवसीय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का आज होगा समापन

*अब-तक एक करोड़ आठ लाख किसानों से वैज्ञानिकों ने किया है सीधा संवाद*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बृहस्पतिवार को गुजरात के बारडोली में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि 15



दिवसीय यह अभियान 29 मई को ओडिशा से शुरू हुआ था। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत चौहान अब-तक ओडिशा, जम्मू, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और दिल्ली के किसानों से संवाद कर चुके हैं। इसी कड़ी में कल वे शेष पेज 5 पर

### अनुशासन की 'लक्ष्मण रेखा' लांघने पर की गई कार्रवाई

# दिग्विजय के अनुज लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस ने दिया 6 साल का 'वनवास'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को अंततः पार्टी ने 6 साल के वनवास की सजा सुना दी। उनके खिलाफ यह कार्रवाई पार्टी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा लांघने के कारण हुई है।

पहलगाम के आतंकी हमले के बाद लक्ष्मण ने एक बयान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उनके बहनोई राबर्ट बाड्रा और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को कठघरे में खड़ा कर दिया था। इसके लिए कांग्रेस ने नोटिस जारी शेष पेज 5 पर



राहुल, राबर्ट और उमर को खड़ा किया था कठघरे में

### सत्य का आईना दिखाते थे लक्ष्मणः वीडी शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने देवास में कहा कि यह कांग्रेस संगठन का निर्णय है। इसमें मुझे कुछ कहने की जरूरत नही है, लेकिन लक्ष्मण सिंह कभी-कभी कांग्रेस को सत्य का आईना दिखाते रहते हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि मैं लक्ष्मण सिंह के भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देता हूं और ये भी कहता हूं कि आप अपनी लाइन शेष पेज 5 पर



# जस्टिस वर्मा के महाभियोग का सवाल अटकेगा जस्टिस यादव के महाभियोग पर विपक्ष तीखे सवालों से है लैस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा पर महाभियोग चलाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास सहयोग के लिए केंद्र सरकार की ओर से पहल की गई तो उनसे दो टूक सवाल किया गया कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर अभी सांसदों के हस्ताक्षर होने हैं जब कि छह महीने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 'मूव' किया गया उस पर केंद्र खामोश क्यों है? लग



रहा है कि महाभियोग पर अब विपक्ष सरकार से टकराने को तैयार है। विपक्षी नेताओं की शर्त है कि जस्टिस शेखर यादव और जस्टिस यशवंत वर्मा पर एक साथ महाभियोग संसद में लाया जाए। विदित हो कि जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर तय नियमों के मुताबिक 55 सांसदों ने हस्ताक्षर कर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड को छह महीने पहले सौंपा था। सभापति ने सांसदों के हस्ताक्षर असली हैं या नकली, या किसी दबाव में तो नहीं लिये गये इसकी जांच के लिए समय लिया था। मगर, छह महीने बीत जाने के बाद विपक्षी दलों ने सभापति की नीयत और नीति पर सवालिया निशान खडे करने शुरू कर दिये हैं। उल्लेखनीय है कि गत 8 दिसंबर 2024 को प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस शेष पेज 5 पर

### मंत्रालय ने मामले को राजधानी में मौजूद अमेरिकी दूतावास के समक्ष उठाया

भारतीय दूतावास ने की पुष्टि, हरियाणा का है युवक, अवैध ढंग से किया अमेरिका में प्रवेश, कोर्ट के आदेशानुसार भारत वापस भेज रही पुलिस

# बिना वैध वीजा के अमेरिका में घुसा था भारतीय युवक... इसलिए पुलिस ने लगा दी हथकड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया से लेकर समाचार-पत्रों की सुर्खियों में छाए हुए भारतीय युवक के साथ अमेरिका के नेवॉर्क हवाईअड्डे पर पुलिस द्वारा जमीन पर पटककर हथकड़ी लगाने के मामले की बुधवार को असल सच्चाई सबके सामने आ गई। जिसमें एक ओर भारत (विदेश मंत्रालय) ने मामले को मजबूती के साथ नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास के समक्ष उठाया। तो दूसरी ओर न्यूयॉर्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने बताया कि नेवॉर्क हवाईअड्डे पर पकड़ा गया भारतीय युवक हरियाणा का रहने वाला है। वह अमेरिका में बिना किसी वैध वीजा के 'अवैध ढंग' (डंकी रूट) से घुसा था। उसे अमेरिकी



अदालत के एक आदेश के बाद पुलिस द्वारा भारत वापस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। शेष पेज 5 पर

### अवैध प्रवेश कतई बर्दाश्त नहींः अमेरिका

*पिछले मंगलवार को नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने मामले पर एक्स पोस्ट के जरिए अपनी सफाई देते हुए कहा था कि अमेरिका में वैध यात्रियों का स्वागत जारी है। लेकिन अमेरिका आने का कोई अधिकार नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश, वीजा के दुरुपयोग और कानूनों के उल्लंघन को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

### अमेरिका से वापस भेजे गए 1080 लोग

*विदेश मंत्रालय में आयोजित की गई एक हालिया मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के जवाब में बताया था कि इस वर्ष जनवरी तक अमेरिका से कुल 1 हजार 80 लोग वापस भारत पहुंचे हैं। इनमें से 62 फीसदी कमर्शियल उड़ानों से स्वदेश पहुंचे हैं। अमेरिका के साथ प्रवासन (माइग्रेशन) के मुद्दे पर निकटता के साथ सहयोग और समन्वय बना हुआ है। लेकिन जो लोग अवैध ढंग से अमेरिका गए हैं। अगर उनके बारे में हमें जानकारी मिलेगी तो हम उन्हें वापस ले लेंगे।*

## खबर संक्षेप

### द्वारका अग्निकांड: तीनों मृतकों के शव परिजनों को सौंपे

नई दिल्ली। द्वारका में भीषण आग लगने के बाद अपार्टमेंट के फ्लैट से कूद कर जान गंवाने वाले तीनों लोगों के शवों का बुधवार को पोस्टमॉर्टम करवाया गया। यादव के पारिवारिक मित्र अमित भंडारी के अनुसार यश यादव, उनकी बेटी आशिमा और रिश्तेदार शिवम के शव दोपहर करीब सवा 12 बजे परिवार को सौंप दिये गये। भंडारी ने कहा कि अंतिम संस्कार उत्तर प्रदेश के एटा जिले में उनके पैतृक गांव में होगा। परिवार एक एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के बाद दोपहर करीब एक बजे शहर से रवाना हो गया। गौरतलब है कि द्वारका के शबद अपार्टमेंट में मंगलवार को एक 'डुप्लेक्स' फ्लैट की आठवीं और नौवीं मंजिल पर आग लग गई थी। आग से बचने के प्रयास में आठवीं मंजिल से कूदने के बाद दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में पिता और उसकी पुत्री व घर आया रिश्तेदार का बच्चा शामिल था। दो अन्य सदस्यों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई जारी

नई दिल्ली। दक्षिण जिले की पुलिस ने कई अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे 134 बांग्लादेशियों को निर्वासित करवाया है। इनमें 38 महिलाएं और 43 बच्चे भी शामिल हैं। दक्षिण जिले की टीमों ने 14 अलग-अलग अभियान में यह कार्रवाई की है। पुलिस संदिग्ध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड की जांच करने के लिए झुग्गी-झोपड़ियों और संदिग्ध क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रही हैं। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार विदेशी नागरिकों विशेष रूप से बांग्लादेशी प्रवासियों के अनधिकृत प्रवास पर बढ़ती चिंताओं के जवाब में दक्षिण जिला पुलिस ने गहन कार्रवाई शुरू की है। स्थानीय खुफिया नेटवर्क सक्रिय किए जा रहे है और मुखबिरों की भी मदद ली जा रही है। भारत में बिना किसी दस्तावेज के प्रवेश करने वाले अवैध प्रवासियों द्वारा आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले प्रवेश मार्गों का मानचित्रण और निगरानी करने के भी प्रयास किए गए है। सत्यापन के बाद पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई की और उन व्यक्तियों को हिरासत में लिया जो या तो वीजा अवधि से अधिक समय तक रह रहे थे या जिनके पास कोई वैध यात्रा दस्तावेज नहीं था।





दिल्ली के भूमिहीन कैंप में अवैध झुग्गियों को ध्वस्त करने के लिए अभियान शुरू

# गोविंदपुरी में सरकारी जमीन पर बनी झुग्गियों पर चला डीडीए का पीला पंजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी में स्थित भूमिहीन कैंप में भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच अधिकारियों ने बुधवार को सुबह ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। एक अधिकारी ने बताया कि गोविंदपुरी में सरकारी जमीन पर बनी 300 से अधिक झुग्गियों को गिराया जाएगा।

अधिकारी ने कहा कि हमने शांतिपूर्ण तरीके से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ-साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है। किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ध्वस्तीकरण स्थल पर बुलडोजर घरों को जमींदोज करते देखे गए। यह कार्रवाई दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा झुग्गी-झोपड़ी कैंप में घरों पर बेदखली नोटिस चिपकाए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसमें अतिक्रमण करने वालों को तीन दिन के भीतर जगह खाली करने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी गई थी।

कैंप में रहने वाले अधिकतर निवासी प्रवासी श्रमिक हैं। कैंप में पिछले साल से अब तक तीन बार ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इस साल मई और जून में तथा जुलाई 2023 में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया था।

### डीडीए ने कहा, नहीं हो रही कोर्ट की अनदेखी

नई दिल्ली। कालकाजी क्षेत्र में भूमिहीन कैंप झुग्गियों में की जा रही तोड़ फोड़ को लेकर बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कहा है कि कोर्ट की कोई अनदेखी नहीं की जा रही है। भूमिहीन कैंप के 1862 पात्र परिवारों को पी.के.टी. में ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में पुनर्वास किया गया है। ए-14, कालकाजी एक्सटेंशन नवंबर 2022 से मई 2023 के बीच। यह परियोजना डीडीए की 3.068 हेक्टेयर भूमि पर स्थित है, जिसकी कुल निर्माण लागत भूमि लागत को छोड़कर 345 करोड़ रुपये है। यह निवासी इन फ्लैटों में आराम से रह रहे हैं, जिनमें सभी आधुनिक नागरिक सुविधाएं हैं। यहां 25 वर्ग मीटर के कारपेट एरिया वाले प्रत्येक फ्लैट में 1 लिविंग रूम, 1 बेडरूम, 1 बाथरूम, बालकनी और 1 किचन है। प्रत्येक फ्लैट की निर्माण लागत 11.41 लाख रुपये है। यह फ्लैट लाभार्थी के अंशदान के 1.12 लाख रुपये की अत्यधिक रियायती कीमत पर दिए गए हैं। डीडीए ने बताया कि अपात्र निवासियों को सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अधीन डीडीए द्वारा गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने का अवसर दिया गया।

### भाजपा उजाड़ रही है गरीबों का घर : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि आखिरकार कालकाजी विधानसभा स्थित भूमिहीन कैंप की झुग्गियों तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि बुधवार को सुबह 5 बजे ही भारी पुलिस बल के साथ भाजपा के बुल्डोजर भूमिहीन कैंप पहुंच कर अपनी बर्बरता दिखाने लगे और यहां रह रहे लोग अपनी आंखों के सामने अपने आशियाने को टूटते हुए देखने को मजबूर थे। इस दौरान भूमिहीन कैंप पहुंची स्थानीय विधायक और नेता विपक्ष आतिशी ने बेघर हुए गरीबों से मिलने मिलीं।। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों का घर उजाड़ रही है। जबकि सीएम रेखा गुप्ता ने कहा था कि दिल्ली में एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी। भूमिहीन कैंप को लेकर बुधवार को सुबह 11 बजे कोर्ट में सुनवाई थी, लेकिन उससे पहले ही भाजपा की सरकार ने इन झुग्गियों पर बुल्डोजर चलवा दिया।

# मुठभेड़ के बाद काला जठेड़ी गैंग का बदमाश अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल की दक्षिणी रेंज ने नजफगढ़ इलाके में मुठभेड़ के बाद कुख्यात फरार शूटर और संदीप उर्फ काला जठेड़ी गैंग के सक्रिय बदमाश सुहैल उर्फ जग्गी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल, एक कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। आरोपी दिल्ली के जाफरपुर कलां थाने में दर्ज जमीन हड़पने और फायरिंग के दो मामलों में वांछित था।

पुलिस के अनुसार 10-11 जून की मध्य रात्रि एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद सुहैल उर्फ जग्गी (21) निवासी गांव पलड़ी कलां, सोनीपत, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। इसके बारे में विश्वसनीय इनपुट मिला था। आरोपी अपने किसी सहयोगी से मिलने के लिए बाइक पर नजफगढ़ इलाके में आया था। जब आरोपी को मोटरसाइकिल पर सवार होकर आते देखा तो पुलिस टीम ने उसे रुकने और आत्मसमर्पण करने का इशारा किया।

खुद को घिरा हुआ पाकर आरोपी ने बिना किसी उकसावे के पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। इस दौरान सुहैल के दाहिने पैर में गोली लग गई। उसे इलाज के लिए राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल, जाफरपुर कलां ले जाया गया। आरोपी सोनीपत के पलड़ी गांव में अपनी मां और छोटी बहन के साथ रहता है। इसके इलेक्ट्रीशियन पिता का 2021 में निधन हो गया था। आरोपी ने 2024 में सोनीपत के एक कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। सोनीपत के बहालगढ़ में अपने पिता की बिजली संबंधी काम में मदद करते समय सुहैल गैंगस्टर काला जठेड़ी के करीबी साथी जीतेंद्र उर्फ मोनू के संपर्क में आया। इसके बाद वह गैंग की गतिविधियों में शामिल हो गया था।

# कार पर गोलियां चलाने वाले दो दिन बाद भी गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

रोहिणी क्षेत्र के के एन काटजू मार्ग पर एक घर के बाहर खड़ी कार पर गोलियां चलाने वाले दो दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिये आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

गौरतलब है कि 9 जून को लगभग 9.15 बजे के एन काटजू मार्ग थाने को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें लेडी कॉलर ने आरोप लगाया कि मेरी खड़ी गाड़ी में दो गोली मार के गये है। मौके पर पहुंचने पर जांच की गई और पता चला कि कॉलर अपने पति के साथ लगभग 6:30 बजे सेक्टर 15 रोहिणी में सोमवार बाजार गई थी। जब वह वापस आई तो उसके पति ने कहा कि किसी ने उनके घर के बाहर खड़ी उनकी कार पर गोलीबारी की है। इसके बाद महिला ने इस संबंध में एक पीसीआर कॉल की। कारों और घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पहली कार के पीछे बाई ओर के दरवाजे पर दो गोली के निशान मौजूद थे और दूसरी कार के सामने के विंडशील्ड पर दो गोली के निशान मौजूद थे। क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच करवाई गई। शिकायत के बाद मंगलवार को केस पंजीकृत किया जा चुका है और मामले की जांच चल रही है।

# तेज रफ्तार कार से बाइक सवार की जान लेने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- 16 मई की रात लगभग 1:40 बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के पास खराब बाइक को खींच रहे शख्स को मारी थी टक्कर

तिलक नगर थाने की टीम ने एक जानलेवा दुर्घटना का मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में फरार कार चालक को पकड़ा गया है। 16 मई की रात लगभग 1:40 बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के पास लाल बत्ती पर खराब बाइक को खींच रहे शख्स को जबरदस्त टक्कर मारी गई थी। कई दिन चले इलाज के बाद शख्स की मौत हो गई थी। मृतक पेशे से एक कैफे का शेफ था।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि 16 मई को एक व्यक्ति, जिसकी मोटरसाइकिल खराब हो गई थी और वह उसे खींचते हुए सड़क पर ले जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। घायल व्यक्ति को पहले गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, रघुबीर नगर ले जाया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के दौरान घायल व्यक्ति ने 19 मई को दम तोड़ दिया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कि आरोपी वाहन और चालक के बारे में कोई सुराग नहीं था।

जांच के दौरान टीम ने आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच की और उस समय क्षेत्र से गुजरने वाले सभी वाहनों को शॉर्टलिस्ट किया। शॉर्टलिस्ट किए गए वाहनों की जांच के बाद वाहन और चालक की पहचान की गई। वाहन के मालिक का नाम मनीष कुमार (37) पुत्र फूल कुमार, निवासी नारायणा गांव पता चला। उसके पास से कार भी बरामद कर ली गई है। वहीं मृतक का नाम विकास पुत्र गणेश, निवासी शास्त्री नगर, दिल्ली था। 23 वर्षीय मृतक अविवाहित था और जनकपुरी में एक कैफे में शेफ के रूप में काम करता था।


### स्वरूप नगर इलाके में व्यक्ति का नग्न शव मिला

नई दिल्ली। स्वरूप नगर थाना एरिया में बुधवार को एक पुरुष का शव नग्न हालत में पाया गया। इस बारे में पीसीआर कॉल होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया गया है। अभी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के थाना एरिया से लापता लोगों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार बुधवार को डीडी नंबर 13 ए के माध्यम से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बालाजी प्रॉपर्टी, 10 किला, 35 फुट रोड, गायत्री गौशाला के सामने, नंगली के पास एक अज्ञात पुरुष का नग्न शव पड़े होने की सूचना मिली। कॉल आगे की कार्रवाई के लिए एसआई रॉकी के हैंडओवर की गई। वह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एक अज्ञात पुरुष का गर्दन कटा शव पड़ा मिला। उसके सिर, हाथ, गर्दन और पीठ पर चोट के निशान थे। क्राइम सीन का एफएसएल टीम द्वारा भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि अज्ञात व्यक्ति का गर्दन कटा शव यहां फेंका गया था। हत्या कहीं और की गई थी। स्थानीय लोगों द्वारा शव की पहचान नहीं की गई थी। मृतक की लंबाई 5'5 और शरीर पतला है। उम्र 25 से 30 वर्ष के लगभग है। एफएसएल टीम ने साक्ष्य उपलब्ध कराए, जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। शव को मेडिकल जांच और पोस्टमार्टम के लिए बीजेआरएम अस्पताल भेजा गया है। सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, ताकि कोई सुराग मिल सके। संबंधित व उचित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

एफआईआर से आरोपी का नाम निकालने के लिए कर रहा था 10 हजार रुपये की डिमांड

# गोविंदपुरी थाने का एएसआई रिश्वत के आरोप में धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





विजिलेंस टीम द्वारा गोविंद पुरी थाने में तैनात एएसआई को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिसकर्मी किसी मामले में आरोपी का नाम एफआईआर से निकालने के लिए 10 हजार रुपये की डिमांड कर रहा था। आरोपी थाने के नजदीक में ही चाय की दुकान चलाने वाली महिला के जरिए रिश्वत लेता था।

दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गोविंदपुरी थाने के एएसआई और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। एएसआई का नाम सुशील शर्मा है। वह एक निजी व्यक्ति के जरिये शिकायतकर्ता से पांच हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। दरअसल आरोपी पुलिसकर्मी उस मामले का जांच अधिकारी था जो दो परिवारों के बीच झगड़े और हमले के संबंध में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता गोविंदपुरी इलाके का निवासी है और दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने पहले ही 10 हजार रुपये का भुगतान कर दिया था। इसके बाद भी और रुपयों की मांग की जा रही थी। जांच टीम ने जाल बिछाया।

आरोपी एएसआई सुशील ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम एक चायवाले को देने का निर्देश दिया था। एएसआई के निर्देशानुसार शिकायतकर्ता ने रिश्वत की रकम चायवाले को सौंप दी। चायवाले ने थाने के अंदर एएसआई सुशील को दागदार नोट सौंपे तो कार्यवाही पर नजर रख रही विजिलेंस टीम ने चायवाले और आरोपी एएसआई दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एएसआई सुशील की जेब से रिश्वत की दागदार रकम बरामद हो गई। सारी कार्यवाही पूरी करने के बाद आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत विजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एएसआई सुशील वर्ष 1990 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। वह पिछले दो साल से गोविंदपुरी थाने में तैनात थे। दोनों आरोपियों को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सत्य पाल, पुत्रः नारायण सिंह, निवासीः मकान नं. 1/9854, गली नं. 16, बलबीर नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने **FIR No. 247/2013, U/s 457/380/511 IPC, पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सत्य पाल** मिल नही रहा है और मुझे समाधनप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **सत्य पाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **सत्य पाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
एल.डी.एम.–03, शाहदरा
कमरा नं. 19,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7523/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिहान पुत्रः** अनवर खान **निवासीः** 183, मेन गली, नई करदम पुरी, शाहदरा, दिल्ली ने **FIR No. 439/17 U/s 379/411/34 IPC. थानाः शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिहान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिहान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 439/17 U/s 379/411/34 IPC. थानाः शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रिहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
स्वाति शर्मा
सीजेएम, कमरा नं. 59
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7216/SHD/2025
(Court Matter)


• खून की कमी • पेड़ू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

## दिल्ली सरकार ने जारी किया बाढ़ नियंत्रण आदेश - 2025

# दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं होगी पैदा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मानसून के दिनों में दिल्ली में जलभराव और बाढ़ की समस्या उत्पन्न न हो इस दिशा में रेखा सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। इसी के तहत बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार का बाढ़ नियंत्रण आदेश 2025 को जारी करते हुए कहा कि अब दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह दस्तावेज बाढ़ की स्थिति में सभी विभागों के लिए एक गाइड बुक या मैनुअल के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस आदेश में जल निकासी प्रणाली, नदी के तटबंध, पंपिंग स्टेशन, नियामक तंत्र, ऑपरेशनल प्लान, सभी मशीनरी की जानकारी और नियंत्रण कक्षों के संपर्क नंबर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद और मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में सेक्टर कमेटियों का गठन किया गया है, प्रत्येक सेक्टर कमेटी में 3-4 जिला मजिस्ट्रेट शामिल होंगे। गौरतलब है कि इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में बाढ़ नियंत्रण उपायों को लेकर एपेक्स कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सांसद कमलजीत सेहरावत, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चांदोलिया, बांसुरी स्वराज, विधायक जितेन्द्र महाजन, मनोज कुमार शौकीन, अनिल कुमार शर्मा, शिखा रॉय सहित पीडब्ल्यूडी , सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, एमसीडी , डीडीए ,दिल्ली जल बोर्ड और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 15 जून 2025 से केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की शुरुआत की जाएगी, जो डीएम ईस्ट के कार्यालय में स्थापित किया गया है। यह केंद्र पूरे दिल्ली के लिए एक केंद्रीय समन्वय केंद्र की भूमिका निभाएगा और सभी सिविक एजेंसियों के प्रतिनिधि यहां 24 तैनात रहेंगे।

उन्होंने कहा कि इस साल शहर में सेंट्रल कंट्रोल रूम सहित 15 वायरलेस स्टेशन स्थापित किए गए है जो यमुना के जलस्तर सहित जलजमाव वाले इलाकों पर हर समय नजर बनाए रखेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी टीमों को अलर्ट पर रखें। साथ ही पीडब्ल्यूडी व अन्य विभाग सुनिश्चित करें कि बरसात के दौरान दिल्ली में जलजमाव न हो इसके लिए सभी स्थायी पंप हाउस की जांच हो और जलजमाव वाले इलाकों में मोबाइल पंप भी तैनात किए जाए। उन्होंने बताया कि अगर मानसून के दौरान यमुना नदी का जल स्तर चेतावनी स्तर यानी 204.5 मीटर को पार करता है, तो निचले इलाकों में रह रहे लोगों को सतर्क कर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए राहत और बचाव कार्यों के लिए 14 अहम जगहों पर नावों की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में दिल्ली ने एक भीषण बाढ़ का सामना किया था, उस समय हालात इतने खराब थे कि बैराज के गेट भी नहीं खोले जा सके। लेकिन इस बार की तैयारी व्यापक स्तर पर है। सभी बैराजों पर बड़े पैमाने पर मरम्मत और रखरखाव का काम किया गया है। कंट्रोल सेंटर्स पूरी तरह सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि दिल्ली इस बार बाढ़ जैसी स्थिति से सुरक्षित रहेगी।

### दिल्ली जल बोर्ड का कंट्रोल रूम 24 घंटे करेगा काम

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड के कंट्रोल कमांड सेंटर में सीवर ओवरफ्लो कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। नागरिक किसी भी समय इन समस्याओं की सूचना कॉल सेंटर (1916 / 1800-11-7118 – टोल फ्री), व्हाट्सएप (83830 68300, 96502 91021) या ईमेल (**grievances@ djb.delhi.gov.in**) के माध्यम से दे सकते हैं। कंट्रोल रूम में 6 अधिकारी और ऑपरेटर तैनात रहेंगे। साथ ही प्रत्येक शिफ्ट में दिल्ली सेंट्रल कंट्रोल रूम के साथ समन्वय के लिए 2 जल बोर्ड के अधिकारी नियुक्त रहेंगे।इसके अतिरिक्त, दिल्ली के 11 एसई सर्किलों में क्विक रिस्पांस सेंटर (क्यूआरसी)स्थापित किए गए हैं। हर क्यूआरसी में 1 सहायक अभियंता (एई), 2 जूनियर अभियंता (जेई) सहित पर्याप्त स्टाफ, वाहन और सीवर सफाई मशीनें तैनात रहेंगी।

### पीडब्ल्यूडी ने 153 पंप हाउस किए स्थापित

दिल्ली में पीडब्ल्यूडी ने 153 पंप हाउस स्थापित किए है, जिनमें 749 से अधिक पंप कार्यरत है। कुछ पंप हाउस पूरी तरह से आटोमेटिक है जो सेंसर के माध्यम से पानी के स्तर के बढ़ते ही स्वतः शुरू हो जाते हैं। साथ ही मानसून में जरूरत पड़ने पर पीडब्ल्यूडी अपने मोबाइल पंप यूनिट भी तैनात करेगी। पीडब्ल्यूडी के द्वारा नालों की डी-सिल्टिंग का काम लगातार जारी है। पीडब्ल्यूडी अपने मुख्यालय सेंट्रल कण्ट्रोल रूम से भी गंभीर जलजमाव वाले स्थानों की 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी कर रही है। कंट्रोल रूम में 36 स्थानों से 152 कैमरों की लाइव फीड भी उपलब्ध रहेगी। लोग जलजमाव संबंधित शिकायतें दर्ज कर सकें इसके लिए पीडब्ल्यूडी मानसून के दौरान हेल्पलाइन नंबर 011-23490323 , 8130188222 टोल फ्री नंबर -1908 जारी किया है। सभी जलभराव के चिन्हित स्थानों पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गए हैं।

### एमसीडी ने सफाई अभियान और पंपिंग व्यवस्थाएं की शुरू

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने बाढ़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने और मानसून के दौरान जलभराव से निपटने के लिए व्यापक सफाई अभियान और पंपिंग व्यवस्थाएं शुरू की हैं। जिन नालों की गहराई 4 फीट या उससे अधिक है, उनसे लगभग 1,11,940.23 मीट्रिक टन सिल्ट हटाई जा चुकी है। वहीं 4 फीट से कम गहरे नालों से 33,469.81 मीट्रिक टन सील्ट हटाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 800 से अधिक चिन्हित ड्रेनों (4 फीट से अधिक गहराई) और जलभराव वाले स्थानों की सफाई की निगरानी के लिए जेई /एई रैंक के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी 12 जोन में 79 स्थायी पंप लगाए गए हैं जो 24 घंटे संचालित रहेंगे, जबकि 465 अस्थायी पंप नगर निगम के स्टोर्स में तैयार रखे गए हैं जिन्हें ज़रूरत पड़ने पर तत्काल तैनात किया जा सकेगा।

## तीन लाख से ज्यादा स्वास्थ्य कार्ड हो चुके जारी: पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार अब तक 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (पीएमजेएवाई) और 'वय वंदना योजना' के तहत अब तक कुल 3 लाख 45 हजार 140 स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 1 लाख 66 हजार 841 कार्ड विशेष रूप से वय वंदना योजना के तहत वितरित किए गए हैं। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दी। डॉ.पंकज ने बताया कि वय वंदना कार्ड से 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्गों को मुफ्त और कैशलेस इलाज की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। दिल्ली में अब तक 85 अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है, जिनमें से 60 प्राइवेट और 25 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। ये सभी अस्पताल सभी पात्र लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। योजना के तहत अब तक बने कार्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि 1 लाख 24 हजार 215 स्व-पंजीकरण हुए हैं, जिनमें से 11 हजार 284 बीआईएस ऑपरेटरों के जरिए और 42 हजार 176 कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ऑपरेटरों के माध्यम से हुए हैं। जो हमारी सरकार के कुशल और समावेशी पंजीकरण की सुलभ प्रक्रिया की सफलता को दर्शाता है। यह कार्ड न केवल दिल्ली में बल्कि पूरे देश में सूचीबद्ध अस्पतालों में 10 लाख रुपए तक के कैशलेस इलाज के साथ अस्पताल में एडमिट होने की सुविधा प्रदान करता है।

डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने आगे बताया कि इसी महीने दिल्ली के लोगों को 30 से ज़्यादा नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सौगात मिल जाएगी। हमारी सरकार राजधानी दिल्ली में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण कर रही है। हमारी सरकार की प्राथमिकता यह है कि दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में समुचित संख्या में आरोग्य मंदिर बनाए जाएं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं हर गली-मोहल्ले से लेकर लोगों के और करीब पहुंच सकें। हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कई केंद्र हों, जो मेडिकल स्टाफ़, डायग्नोस्टिक टूल और ज़रूरी दवाएं उपलब्ध हों, ताकि नागरिकों को जरूरत पड़ने पर मुफ़्त, भरोसेमंद और तुरंत स्वास्थ्य देखभाल मिल सके।

### मालियों को दो माह से नहीं मिला वेतन, परेशान

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के उद्यान विभाग में करुणा मूलक आधार पर कार्यरत मालियों की हालत दिन-ब-दिन बद से बद्तर होती जा रही है और प्रशासन द्वारा इन मालियों से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम उद्यान विभाग यूनियन के महामंत्री अरुण शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल से मुलाकात की और इन मालियों की व्यथा उन्हें सुनाई। महापौर को अवगत कराया कि कर्मियों की एक्सटेंशन को खत्म हुए ढाई महीना हो गया है परंतु वर्तमान तक भी कर्मियों की एक्सटेंशन नहीं आई है। कर्मियों को पिछले दो महीने से तनख्वाह प्राप्त नहीं हुई है। कर्मियों की आर्थिक हालात बद से बद्तर हो रही है और घर चलाने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जनकल्याण ही सच्ची सेवा का मार्ग : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के हिंदू राव अस्पताल को मरीजों की सुविधा के लिए 100 सीलिंग फैन प्रदान किए। ये पंखे बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल (पंजीकृत) संस्था द्वारा दान किए गए थे। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि सेवा परमो धर्मः अर्थात जनकल्याण ही सच्ची सेवा का मार्ग है। उन्होंने कहा कि हर छोटा प्रयास किसी जरूरतमंद के लिए बड़ी राहत बन सकता है। इस अवसर पर बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल (पंजीकृत) के प्रधान संजय सिंघल, महामंत्री सुमन कुमार गुप्ता और अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सामाजिक समरसता और अंत्योदय की प्रेरणा देती है कबीर वाणी : इंद्राज

नई दिल्ली। कबीर की वाणी सामाजिक समरसता और अंत्योदय की प्रेरणा देती है। अंत्योदय की मूल भावना ही केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की कार्यशैली है, यह बात अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कबीर जयंती समारोह के अवसर पर कही। इंद्राज बुधवार को दिल्ली सचिवालय में इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। मंत्री ने संत कबीर के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की यह प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

## पिछली सरकार के 10 वर्षों से ज्यादा काम हमारी सरकार ने सिर्फ 100 दिनों में किया : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा सरकार ने अपने पहले 100 दिनों में ही वह कर दिखाया है, जो पिछली सरकार 10 वर्षों में भी नहीं कर सकी। यह अंतर सिर्फ कागजी योजनाओं में नहीं, बल्कि धरातल पर नजर आता है। यह बात दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने एक पौधा भी लगाया। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को पर्यावरणीय चेतना और भावनात्मक जुड़ाव का सुंदर संगम बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की यह पहल पर्यावरण और मातृत्व, दोनों को समर्पित है। मैं दिल्लीवासियों से अपील करता हूं कि वे अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं, चाहे वह किसी पार्क में हो या अपने घर के सामने। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली में हरियाली को बढ़ावा देना है, साथ ही नागरिकों और वृक्षारोपण के बीच भावनात्मक संबंध स्थापित करना भी है। मंत्री सिंह ने पिछले 100 दिनों में दिल्ली में जल प्रबंधन को लेकर उठाए गए प्रमुख कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं ताकि कहीं भी जल संकट न हो। दूषित जल की समस्या को लेकर भी हम तेज़ी से कार्रवाई कर रहे हैं। हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मुख्यमंत्री आवास पर पूर्व बस मार्शलों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ जब तक वादा पूरा नहीं होगा जारी रहेगी नारेबाजी

दिल्ली सिविल डिफेंस से बेरोजगार हुए बस मार्शलों ने अपने नियमित रोजगार की मांग को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निवास स्थान शालीमार बाग पर बुधवार को जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मार्शलों ने भाजपा और मुख्यमंत्री के विरोध में नारेबाजी की। बेरोजगार मार्शल मुकेश पाल सिंह ने यह जानकारी दी और कहा कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री अपना वादा भूल गई हैं। बताया गया कि प्रदर्शन में आदित्य राय, प्रेमजीत सिंह, पंकज, गीता, अमित, नरेंद्र कुमार राय, टीटू, जितेंद्र, शिवम, पूनम, शिवानी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे। पूर्व बस मार्शलों का कहना है जब तक भाजपा सरकार अपना वादा पूरा नहीं करेगी तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा और अब यह आंदोलन महा आंदोलन के रूप में बदलेगा और पूरी दिल्ली में अलग-अलग जगह पर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा सरकार के सभी मंत्रियों के पास में भी बेरोजगार बस मार्शल गुहार लगाने जाएगे।

## दिल्ली में 25 जून तक मानसून दस्तक की संभावना

# तीसरे दिन भी पारा 45 डिग्री पार, रेड अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भीषण गर्मी की चपेट में झुलस रही दिल्ली में लगातार तीसरे दिन बुधवार को कई इलाकों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके मद्देनजर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं राहत देने वाला अनुमान है कि दिल्ली में इस बार मानसून अपने तय समय से दो दिन पहले 25 जून 2025 को दस्तक दे सकता है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने दिल्ली में भीषण गर्मी को लेकर बुधवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया। जबकि आईएमडी ने गुरुवार के लिए भी चरम स्थितियों को देखते हुए पूर्वानुमान के बीच रेड अलर्ट जारी किया है। हालांकि, 13 जून की रात और 14 जून को कुछ राहत मिल सकती है और पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के दैनिक मौसम बुलेटिन के अनुसार दिल्ली में कई जगहों पर लू भी चली। जबकि आया नगर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा जा सामान्य स्तर के करीब रहा। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने अनुमान जताया है कि भीषण गर्मी झेल रही दिल्ली के लिए राहत वाली खबर है कि इस बार मानसून दो दिन पहले दस्तक दे सकता है। पलावत के अनुसार दिल्ली में मानसून की सामान्य तारीख 27 जून तय समय से दो दिन पहले मतलब 25 जून 2025 को दस्तक दे सकता है। पलावत ने कहा कि वर्तमान आंकड़े व अनुमान यही है कि दिल्ली में मानसून समय से पहले पहुंचने की प्रबल संभावना है। वहीं आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एन कुमार का कहना है कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी 12 जून तक जारी रहने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि 13 जून से एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गरज के साथ हल्की बारिश आंशिक राहत ला सकती है और रेड अलर्ट की जगह ऑरेंज अलर्ट जारी किया जा सकता है। सफदरजंग मौसम केंद्र में तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में सबसे अधिक 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## रेखा सरकार वाटर कूलर, कूलिंग शैल्टर, फुटपाथों पर शेडिंग स्ट्रक्चर, ग्रीन छत देने में नाकामः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में राहत देने की घोषणा के विपरीत दिल्ली वालों को हीटवेव की मार सहनी पड़ रही है। सीएम रेखा गुप्ता की हीटवेव से राहत प्लान की घोषणा के बावजूद दिल्ली में अभी तक 3000 वाटर कूलर, चुनिंदा व्यस्थ रास्तों पर कूलिंग शैल्टर, फुटपाथों पर शेडिंग स्ट्रक्चर, ग्रीन छत जैसी सुविधाएं केवल जुमला साबित हुई है। क्योंकि इन दिनों दिल्ली में झुलसाने वाली भीष्ण गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। ऐसे में जहां सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, बस स्टॉपों, बाजारों में दिल्लीवालों को अपनी अजीविका चलाने की मजबूरी में भयंकर हीट वेव से जूझना पड़ रहा है। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अप्रैल के मध्यांतर में हीटवेव से बचाने के लिए जो व्यापक योजना की घोषणा की थीए उसे भूल चुकी है। यादव ने कहा कि यह योजना भी भाजपा के 100 दिन के कार्यकाल में की गई खोखली घोषणाओं को दिखाती है। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार भ्रमित करने की कार्यशैली के कारण पिछली घोषणाओं को भूल कर दिल्ली की जनता की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएम रेखा ने हीटवेव से राहत देने के लिए जिस व्यापक योजना की घोषणा की थी उसमें 3000 वाटर कूलर, सार्वजनिक स्थानों पर ठंडक प्रदान करने वाले केन्द्र, बस स्टॉपों पर लोगों के लिए शीतल जल का इंतजाम, फुटपाथों पर छायादार संरचनाएं और चुनिंदा जगहों पर हरित छतें आदि बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।

**खबर संक्षेप**

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर की ठगी, काबू



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश कराकर की ठगी करने के मामले में साईबर सैन्ट्रल की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-19 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि ठगों द्वारा उसे 182.स्टॉक मार्केट वेल्थ क्रिएशन ग्रुप नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोडा गया। जहां स्टॉक और ट्रेडिंग को बारे में जानकारी सांझा की जाती थी।

### कार्ड रि-एक्टीवेट करने के नाम पर किया फ्राड



**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड रि-एक्टीवेट करने के नाम पर 1,43,850 रुपए का फ्राड साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने खाता आपरेटर को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में सुभाष कालोनी वासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से काल आया, शिकायतकर्ता का क्रेडिट कार्ड ऑटो केंसिलेशन में चला जाएगा।

### चोरी के मामले दो आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** गांव कौराली से लोहे के जाल चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने काबू कर उनके कब्जे से दो लोहे के जाल व 8000 रुपए बरामद किए है। थाना तिगांव में सरपंच अशोक कुमार वासी गांव कौराली ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह वर्तमान में गांव का सरपंच है ऑफिस के पास कौराली में रखवाए हुए थे।

# आवंटी अपनी मेल के माध्यम से भी हासिल कर सकेंगे आवंटन लेटर: उपाध्यक्ष वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में आरंभ की गई पहल पोर्टल के अर्तगत आवंटी अब घर बैठे ई मेल के माध्यम से भी न केवल आवंटन पत्र हासिल कर सकेंगे, बल्कि अपनी प्रोपर्टी का म्यूटेशन लेटर भी प्राप्त कर सकेंगे। इस कड़ी में मंगलवार को एक आवंटी को उसकी मेल पर आवंटन पत्र उपलब्ध कराया गया। जो काफी हद तक कामयाब रहा। इसके लिए आवंटी को आवेदन के दौरान अपने मोबाइल नबंर के साथ मेल का भी उल्लेख करना होगा। इसके लिए आवटी को केवल पोर्टल के लिक पर आवेदन करना होगा। चूंकि जो जीडीए के द्वारा आवंटन पत्र आदि जारी किया जाता है उस पर क्यू आरकोड होता है। प्राधिकरण की टीम व अन्य कोई भी जेनेरेटेड पत्र की प्रमाणिकता की भी




जाँच कर सकता है कि आवंटन पत्र उसी अर्वटि का है। इस व्यवस्था के बाद फर्जी आवंटन लेटर भी भविष्य में जारी नहीं कराया जा सकेगा, बल्कि आवटी के द्वारा घर बैठे ये भी जानकारी हासिल की जा सकेगी कि उनके द्वारा प्राधिकरण से जो भवन अथवा भूखंड आवंटित कराया गया है उसके एवज में कितनी राशि बकाया है तथा किस डेट में इस राशि का भुगतान किया जाना है, बल्कि चालान के माध्यम से जो राशि जमा की जा सकती है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि नई व्यवस्था लागू करने का उद्देश्य पारदर्शी व्यवस्था हो, ताकि आवंटी को छोटे छोटे कामों के लिए अपने व्यस्त समय का सदुपयोग किया जा सके।

### अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों का फीडबैक लिया

नई व्यवस्था का आवंटियों को बेहतर लाभप्राप्त हो इस दिशा में हर सभव कदम उठाए जा रहे है। प्राधिकरण के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिह ने बताया कि अक्सर शिकायते रहती थी कि आवंटी को छोटे छोटे कार्य के लिए प्राधिकरण में एक सीट से दूसरी सीट पर भटकना पड़ता है अब पहल के माध्यम इन सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। पहल पोर्टल की समीक्षा व इसके बारे मे हर पटल पर बैठकर अपर सचिव व अन्य अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों से उसका फीडबैक लिया जा रहा है।

## आजादी के बाद बल्लभगढ़ में दो कॉलेज का सपना हुआ साकार

# सेक्टर 23 में अब लगभग 25 करोड़ की लागत से बनेगी कॉलेज की भव्य इमारत, सीएम ने दी मंजूरी

### ऐतिहासिक निर्णय पर आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़

बल्लभगढ़ से विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टर-23 में सरकारी कॉलेज निर्माण हेतु एचजीपीसीएल की 5 एकड़ भूमि को उच्च शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने के ऐतिहासिक निर्णय पर हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

विधायक मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 18 महीने पहले उन्होंने कॉलेज की नई इमारत के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा था, जब वह स्वयं पूर्व में उच्चतर शिक्षा मंत्री रहे थे।

**बल्लभगढ़ को शिक्षा का हब बनाने के लिए वह हमेशा प्रयासरत है: शर्मा**



*उन्होंने बताया कि फिलहाल में इस कॉलेज की कक्षाएं खेड़ी गुजरान स्थित राजकीय महाविद्यालय में लगती है। लेकिन अब वह दिन दूर नहीं जब सेक्टर 23 के अंदर बनने वाले इस कॉलेज में कक्षाएं लगेगी और बेटा और बेटियां इस कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करेंगे। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा बल्लभगढ़ विधानसभा को शिक्षा का हब बनाने के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहे हैं और आज उसी का परिणाम है कि आजादी के 75 साल बाद बल्लभगढ़ विधानसभा में सेक्टर-2 में श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय के बाद सेक्टर 23 में लड़का और लड़कियों के लिए यह कॉलेज बनकर तैयार होगा जिससे आसपास के इलाके के लोगों को भी इसका सीधा लाभ पहुंचेगा।*

### आभार व्यक्त किया

विधायक मूलचंद शर्मा ने बताया की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कॉलेज को मंजूरी दी थी लेकिन जमीन हस्तांतरण नहीं हो पाया था जो अब लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा मंजूरी मिली है उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का भी आभार व्यक्त किया है।

## नगर निगम ने फरीदाबाद में 41 दुकानें सील, 93 लाख का संपत्ति कर बकाया

**फरीदाबाद।** नगर निगम ने बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कंसना शुरू कर दिया है। आठ जोन में कुल 400 बकायेदारों की लिस्ट तैयार की गई है। जिमसें पांच से ऊपर वाले बकाएदार शामिल है। बुधवार को निगम ने सेक्टर-20 ए स्थित पाश्र्वनाथ मैनहैटन माल की 41 दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर कुल 93 लाख रुपये संपत्तिकर बकाया था। निगम के अनुसार दुकान मालिकों को तीन बार टैक्स जमा कराने का नोटिस दिया जा चुका था। जिसमें दुकानदारों ने टैक्स जमा कराना तो दूर नोटिस का भी जवाब देना भी जरूरी नहीं समझा। जिसके बाद नगर निगम की ओर से सीलिंग की कार्रवाई की गई। इससे पहले भी निगम की ओर से सेक्टर-12 स्थित शापिंग माल में 12 दुकानों को सील कर दिया। पिछले सप्ताह सीएम नायब सैनी ने नगर निगम के विकास कार्यों और प्रॉपर्टी आइडी सत्यापन को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में भी सत्यापन की धीमी गति को लेकर सीएम और कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने नाराजगी जताई थी। बैठक में निगम से गति को तेज करने के लिए कहा था, ताकि निगम को विकास कार्यों और कर्मचारियों के वेतन को लेकर सरकार से ग्रांट नहीं लेनी पड़ी।

**विकसित भारत की सशक्त होती हकीकत**

## सेवा, सुशासन और संकल्प से बना है विश्व का विश्वास: अतुल गर्ग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 11 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा महानगर गाजियाबाद ने बुधवार को विकसित भारत का अमृतकाल को लेकर मीडिया को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में सेवा को संकल्प, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर भारत को विश्वसनीय शक्ति के रूप में स्थापित किया है। यह नया भारत अब आतंक के खिलाफ घर में घुसकर वार करता है और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर ब्रह्मोस, तेजस, प्रचंड जैसे स्वदेशी शौर्य का निर्माण और निर्यात कर रहा है। गर्ग ने बताया कि जनकल्याण मोदी सरकार की प्रत्येक नीति के मूल में है। 44 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों को मिली, 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले, और 55 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुले। टेक्नोलॉजी के ज़रिए पारदर्शिता लाई गई। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म्स आज दुनिया के लिए मिसाल हैं। आज भारत विश्व की डिजिटल शक्ति है। इंटरनेट यूजर्स 97 करोड़ हो चुके हैं, डेटा सबसे सस्ता है, और यूपीआई ट्रांजैक्शन 24 लाख करोड़ रुपए पार कर चुका है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत ने 142वीं से 63वीं रैंक तक छलांग लगाई है। भारत की युवा शक्ति पर उन्होंने कहा चंद्रयान-3, गगनयान, और 1.6 लाख से अधिक स्टार्टअप्स के माध्यम से भारत की नई पीढ़ी वैश्विक मंच पर नेतृत्व कर रही है। यही 'विश्व का विश्वास' है। गर्ग ने केंद्र सरकार की नीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने प्रदर्शन आधारित राजनीति की नई परंपरा स्थापित की है। शासन अब उत्तरदायी, जवाबदेह, और जनसहभागिता आधारित बन गया है। जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, पीएम किसान निधि जैसी योजनाओं ने 27 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। इस अवसर पर एमएलसी दिनेश गोयल, महामंत्री सुशील गौतम, आयाम की संयोजिका रनिता सिंह, सह संयोजक गौरव चोपड़ा आदि।

## जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन कर रहा निरंतर कार्रवाई: डीसी

**सेक्टर-5 फरीदाबाद, नेहरू कॉलोनी सेक्टर 49 तथा संजय कॉलोनी में अभियान जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानसून के आगमन से पूर्व जिले में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया अभियान निरंतर जारी है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी कड़ी में आज बुधवार को जिन क्षेत्रों में सफाई कार्य प्रगति पर है उनमें सेक्टर 21, सेक्टर 5 फरीदाबाद, नेहरू कॉलोनी सेक्टर 49 तथा संजय कॉलोनी सेक्टर-48 आदि स्थान प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन इलाकों में नालों की सफाई और जल निकासी प्वाइंट्स को बाधा मुक्त बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए जिला प्रशासन बहुआयामी रणनीति अपना रहा है, जिसमें नालों की समयबद्ध सफाई, अतिक्रमण हटाने और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के सहयोग से सभी प्रमुख नालों, ड्रेनेज प्वाइंट्स की सफाई कार्य तेजी से चल रहा है। जहां कहीं अतिक्रमण हैं, वहां से अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं ताकि वर्षा जल के निर्बाध बहाव में कोई रुकावट न आए। इस कार्य के प्रभावी संचालन हेतु संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की गई है और



वहां विशेष रूप से एचसीएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक अधिकारी को सौंपे गए हैं विशिष्ट क्षेत्र, जिनकी वे नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं तथा आवश्यकतानुसार त्वरित कदम भी उठा रहे हैं। साथ ही कई पंपिंग स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई गई है और खराब पंपों को बदला गया या उनकी मरम्मत कर ली गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति में जलभराव को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जल निकासी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा रही है और कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए नगर निगम अधिकारियों को प्रतिदिन फील्ड विजिट करने व सफाई कार्यों की रीयल टाइम निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

## क्रेडिट कार्ड से प्रोटेक्शन सर्विस हटाने के नाम पर 45000 रुपए की ठगी

**बल्लभगढ़ की टीम ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्रेडिट कार्ड से प्रोटेक्शन सर्विस हटाने के नाम पर 45000 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर 62 बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से काल आया। जिसने खुद का परिचय क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर के रुप में दिया तथा कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड पर प्रोटेक्शन सर्विस लगी हुई है, जिसका चार्ज 2499 रुपए प्रति माह है यदि सर्विस नही लेना चाहते तो इसे हटा दें। जिस पर शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे यह सर्विस हटानी नही आती। जिसके बाद ठग ने शिकायतकर्ता को ऑनलाइन मोबाइल सर्विस एप डाउनलॉड करने व उस एप में अपनी कार्ड की डिटेल व जन्म तिथि भरने को कहा। इसके कुछ देर बाद शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 45000 रुपए कट गए। जिस पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।




पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी फुरकान हुसैन व कफील अहमद निवासी विष्णु गार्डन नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी दोस्त है। फुरकान हुसैन ठगी के लिए कॉल करता है तथा कफिल अहमद लिंक के जरिए क्रेडिट कार्ड का एक्सेस लेकर ऑनलाइन शापिंग करता है। फुरकान हुसैन 10वीं पास है वहीं कफील अहमद बारहवीं पास है, कफील की अपनी फर्नीचर की दुकान है। दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## स्क्रैप वेयरहाउस में लगी भीषण आग बुझाने की मशक्कत में जुटे फायरकर्मी

***वेयरहाउस में काम करने वाले कर्मचारियों ने किसी तरह भागकर जान बचाई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पटौदी के निकट जमालपुरा स्थित एक स्क्रैप वेयरहाउस में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया। वेयरहाउस में काम करने वाले कर्मचारियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर दमकल की टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने की मशक्कत में जुटे हुए हैं। आग से वेयरहाउस में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह का फिलहाल पता नहीं लग सका है।

गुरुग्राम से पटौदी के बीच में जोड़ी सांपका और जमालपुर के पास करीब पांच एकड़ जमीन पर वेयरहाउस बना हुआ है। बुधवार की दोपहर अचानक वेयरहाउस में आग लग गई। आग लगने पर आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की लपटें और धुएं के काले गुबार ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। जिससे स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। वेयरहाउस में



स्क्रैप के साथ-साथ अन्य ज्वलनशील सामग्री जैसे प्लास्टिक, रबर और लकड़ी के ढेर थे, जिसके कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया।

वेयरहाउस में काम करने वाले कर्मचारियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही गुरुग्राम और आसपास के क्षेत्रों से आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल की टीमें मौके पर आग को बुझाने में लगी है।

### गुरुग्राम और मानेसर से बुलवाई 15 फायर ब्रिगेड

फायर ब्रिगेड ऑफिसर ललित कुमार ने बताया कि करीब ढ़ाई बजे वेयरहाउस में आग लगने की कॉल प्राप्त हुई थी। जिसके बाद पटौदी और मानेसर से फायर की टीमें भेजी गई। लेकिन आग इतनी बढ़ चुकी है कि गुरुग्राम और मानेसर से और गाड़ियां मंगवानी पड़ी। अभी 15 गाड़ियां मौके पर बुलाई गई हैं। जरूरत पड़ी तो और गाड़ियों को भी बुलाया जाएगा। आग इतनी तेज थी कि लपटें और धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। धुएं के कारण आसपास के निवासियों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। जिसके चलते प्रशासन ने एहतियातन आसपास के इलाकों को खाली कराया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या ज्वलनशील सामग्री का गलत भंडारण माना जा रहा है। हालांकि, सटीक कारण अभी पता नहीं चल सका है।

**डॉ. जितेंद्र कुमार ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश**

## राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य दिवस पर एकॉर्ड अस्पताल ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बुधवार को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जितेंद्र कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति से ही स्वस्थ परिवार और अंततः एक मजबूत व समृद्ध राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है।

डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि भारत में गैर-संचारी रोग जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, किडनी रोग, हृदय रोग और कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं। इन बीमारियों का एक बड़ा कारण जीवनशैली में तेजी से आ रहे नकारात्मक बदलाव, खराब खानपान, व्यायाम की कमी और मानसिक तनाव है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि हम परिवार स्तर पर स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

उन्होंने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के हालिया आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में महिलाओं में एनीमिया, बच्चों में कुपोषण और पुरुषों में धूम्रपान जैसी आदतें अब भी चिंता का विषय हैं। ऐसे में लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत जरूरी हो गए हैं। कार्यक्रम में आए लोगों से उन्होंने आग्रह किया कि वे साल में कम से कम एक बार पूर्ण बॉडी चेकअप अवश्य कराएं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य पर बल दिया और कहा कि परिवार की रीढ़ मानी जाने वाली महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर महिला स्वस्थ होगी तो पूरा परिवार स्वास्थ्य लाभ की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने किशोरियों में पोषण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और बुजुर्गों के नियमित चेकअप करवाने की बात कही। कार्यक्रम में हेल्थ एजुकेशन से जुड़े पोस्टर, स्लाइड प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने, योग और व्यायाम की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई।

**खास बातें**

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन
- बीमारियों का एक बड़ा कारण जीवनशैली में तेजी से आ रहे नकारात्मक बदलाव, खराब खानपान




## स्टॉक मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर 39 लाख रुपए की ठगी

***खाताधारक सहित सभी 3 आरोपियों को सूरत से पकड़ा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्टॉक मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर 39,61,573 रुपए की ठगी करने के मामले में साईबर थाना सैन्ट्रल की टीम ने खाताधारक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-88 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 4 जनवरी को उसके पास विजय नामक एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने बताया कि वह निर्मल बंग सिक्योरिटीज से जुड़ा हुआ है। उसकी बातों से लगा कि वह स्टॉक मार्केट एनालिसिस के बारे में जानता है और अपना गुरु जीनियस एआई ऐप लॉन्च कर रहा है।

उसकी बातों में आकर शिकायतकर्ता ने अपने मौजूदा पोर्टफोलियो का कुछ स्टॉक एनालिसिस लेने के बारे में सोचा। फिर शिकायतकर्ता ने छोटी राशियों में स्टाक में निवेश किया, इस प्रकार सभी निवेश लाभदायक रहे तथा उसने लाभ के एक लाख रुपए भी निकाले। इसके बाद शिकायतकर्ता ने विभिन्न ट्रांजेक्शन



के माध्यम से कुल 39,61,573 रुपये स्टाक मार्केट में निवेश किए तथा जब निकालने चाहे तो नहीं निकाल पाया। जिस पर साइबर थाना सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए डेरा विजय भाई निवासी अमरेली गुजरात, सुरानी हरदीप भगवान भाई निवासी सूरत गुजरात व केतन भाई निवासी सूरत गुजरात को गिरफ्तार किया है।

**खबर संक्षेप**

## डेढ़ साल के इश्क ने कराया कत्ल

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के ढेबरुआ थाना इलाके की एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर



पति की हत्या कर दी। महिला पति को सिद्धार्थनगर से बलरामपुर ले गई और वहां नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी की मदद से उसे पुल से राप्ती नदी में फेंक दिया था। लोग कहते हैं कि प्यार की उम्र नहीं होती, लेकिन वर्तमान का प्यार लोगों के रिश्तों को तार-तार कर रहा है। इसमें शादीशुदा महिलाएं पति की जान ले रही हैं।

## चलती कार में महिला से दुष्कर्म

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा क्षेत्र से चलती कार में महिला से दुष्कर्म का मामला



सामने आया है। बरेली के फरीदपुर क्षेत्र की महिला ने थाने में तहरीर देकर छह युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बरेली के फरीदपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला को कार में बैठाने के बाद युवकों ने सुनसान जगह पर ले जाकर कोल्डड्रिंक में नशे की दवा पिला दी। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

## बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को किया सस्पेंड

**पटना।** बिहार सरकार ने बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अभिराम कुमार को सस्पेंड कर



दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने डीएम के द्वारा दिए गये रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। कार्रवाई होने के बाद उनका मुख्यालय दरभंगा कमिश्नरी बनाया गया है। इस संबंध में बताया गया है कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस के मौके पर 24 अप्रैल 2025 को मधुबनी जिले के झंझारपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा थी।

# यूपी में बिजली विभाग के निजीकरण का मामला गरमाया, पीएम तक पहुंची शिकायत!

### राजनीतिक और सामाजिक हलकों में मची हलचल, सीबीआई जांच की मांग

टी एन मिश्र ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के प्रस्ताव ने अब तूल पकड़ लिया है, और यह मामला दिल्ली तक पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस मुद्दे पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस मामले ने अब राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल मचा दी है। उत्तर प्रदेश विद्युत उपभोक्ता परिषद का दावा है कि सरकार रिवाइज्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत 43,454 करोड़ रुपए की भारी-भरकम राशि खर्च कर बिजली कंपनियों का ढांचा मजबूत कर रही है। इसके बावजूद इन कंपनियों को निजी घरानों को बेचने की साजिश रची जा रही है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इसे सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। वर्मा ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना का मकसद ही बिजली कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाना और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देना है। रिफॉर्म के लिए यूपी में 43,454 करोड़



रुपए हो रहे खर्च केंद्र सरकार इसके तहत यूपी में 43,454 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। यह राशि देश में इस योजना के तहत खर्च होने वाली कुल राशि का 15 प्रतिशत है। इन कंपनियों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानों को बेचने की योजना पर सवाल उठ रहे हैं। परिषद का कहना है कि यह कदम न केवल उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ है, बल्कि यह एक बड़े भ्रष्टाचार का संकेत भी देता है। निजीकरण का विरोध बेवजह : एके शर्मा ऊर्जा मंत्री यूपी के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निजीकरण के विरोध को बेवजह बताया है। बिजली चोरी के कारण सरकार को 47,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी देनी पड़ रही है, और निजीकरण से बिजली व्यवस्था में सुधार होगा, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। कर्मचारी संगठनों का विरोध जारी निजीकरण के इस प्रस्ताव का बिजली विभाग के कर्मचारी संगठन लगातार कड़ा विरोध कर रहे हैं।

### सीएम योगी के निर्देश पर 2.50 लाख वर्ग मीटर एरिया में रूफ टॉप सिस्टम लगाने का लक्ष्य तय

# भूजल स्तर बढ़ाने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से लैस होंगे यूपी के सभी सरकारी भवन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों में से 47 जिलों के 269 विकासखंडों में भूजल का जरूरत से ज्यादा दोहन हुआ है। परिणामस्वरूप इन जिलों में भूजल स्तर तेजी से नीचे चला गया है। अब यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले दस वर्षों में इन 47 जिलों में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा।

पर्यावरण विशेषज्ञों की इस चेतावनी का संज्ञान लेते हुए योगी सरकार ने भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए सभी सरकारी और अर्द्ध-सरकारी भवनों पर रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का फैसला किया है। जिसके चलते अब सूबे का भूगर्भ जल विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 2.50 लाख वर्ग मीटर एरिया में रूफ टॉप सिस्टम लगाने का



लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही अटल भूजल योजना के तहत 56,000 वर्ग मीटर एरिया में रूफ टॉप सिस्टम लगाए जाएंगे। योगी सरकार का यह लक्ष्य सरकारी फाइलों में कैद होकर दम ना तोड़ दे इसके लिए हर दो माह में मुख्यमंत्री सचिवालय ने इसकी समीक्षा करेगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि यूपी के मुख्यमंत्री रहते हुए मुलायम सिंह यादव, मायावती और अखिलेश यादव ने भी सूबे की सभी सरकारी और अर्द्ध-सरकारी भवनों पर रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने का फैसला किया था लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सका। यही वजह है कि सीएम योगी ने पहले तो अधिकारियों के इस योजना की सभी बारीकियों को समझा। फिर उन्होने भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए इस वित्तीय वर्ष से केंद्र सरकार की अटल भूजल योजना जो सिर्फ दस जिलों के लिए थी उसका दायरा बढ़ाकर पूरे प्रदेश में इसे लागू करने का फैसला किया। सीएम योगी यह तय किया कि भूगर्भ जल विभाग अब हर साल 50,000 वर्ग मीटर एरिया में रूफ टॉप सिस्टम लगाने के बजाए इस वित्तीय वर्ष में 2,50 लाख वर्ग मीटर एरिया में रूफ टॉप सिस्टम लगाएगा। यह रूफ टॉप सिस्टम लगाने के दौरान खासतौर पर उन ब्लॉकों में प्राथमिकता दी जाएगी। जहां का भूजल स्तर क्रिटिकल या अतिदोहित श्रेणी में पहुंच गया है। इसके साथ ही सूबे के सभी सरकारी और अर्द्ध-सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट भी लगाए जाएंगे। भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों के अनुसार सूबे में अभी तक सरकारी भवनों पर रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की योजना के तहत 3.36 लाख वर्ग मीटर एरिया कवर किया जा चुका है। लेकिन अभी बहुत काम बाकी है और अगले पांच वर्षों के भीतर राज्य के सभी सरकारी और अर्द्ध-सरकारी भवनों पर रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा दिया जाएगा। सरकारी भवनों में यह सिस्टम लगाने जाने से प्राइवेट सेक्टर में भी लोग इसे लगाने में रुचि लेंगे, जिसके चलते तेजी से नीचे जा रहा भूजल स्तर रुकेगा। पर्यावरण विशेषज्ञों का यह मत है। उत्तर प्रदेश में भूजल स्तर के नीचे जाने के कई कारण पर्यावरण विशेषज्ञ बता रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा कारण सिचाई के लिए सबसे अधिक ताजा पानी निकालने को बताया जा रहा है।

### आईजी बोले- संदिग्ध का सटीक लोकेशन मिलेगा

# अब अयोध्या पुलिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उपयोग करेगी



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था अब एआई सॉल्यूशंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हाईटेक की जाएगी। इसके तहत अयोध्या के कई माध्यमों में लगे 10 हजार सीसीटीव्ही कैमरे एक सॉफ्टवेयर से जोड़े जाएंगे। उसकी मदद से पल भर में ही किसी भी संदिग्ध की गर्दन पुलिस तक बेहद आसानी से पहुंच सकेगी।

अयोध्या विवाद की शुरुआत होने की समय से ही अयोध्या अति संवेदनशील रही है। यह नगरी सन 1999 से ही आतंकी संगठन के निशाने पर अयोध्या रही है। सदियों के विवाद के पटाक्षेप के बावजूद बीच-बीच में आतंकी हमले व अन्य गतिविधियों को लेकर धमकियां मिलती रहती हैं। 5 जुलाई 2005 को राम मंदिर पर आतंकी हमला भी हो चुका है। इसके अलावा जिले में हर समय राम लला दर्शन पूजन को वीआईपी दौरे भी होते रहते हैं और भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इस लिहाज से भी सुरक्षा तंत्र मजबूत किया गया है। अब इसमें तकनीक का अधिक उपयोग करने की योजना है। इसके लिए पुलिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उपयोग करेगी। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि इस तकनीक से फेस रिकॉग्नाइज आसानी से हो सकेगा। किसी भी संदिग्ध का स्केच सॉफ्टवेयर में डालते ही इसका सटीक लोकेशन पता चल जाएगा। संदिग्ध व्यक्ति कपड़े से पहचान हो सकेगी। किसी विशेष रंग के कपड़े वाले व्यक्ति को खोजने के लिए सॉफ्टवेयर की मदद से संबंधित इलाके में उस विशेष रंग के कपड़े पहनने वाले व्यक्ति चिन्हित हो जाएंगे जिनकी जांच के बाद अपराधी तक पहुंचा जा सकेगा।

सीसीटीवी कैमरे में अपराधियों का चेहरा कैद होते ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से कंट्रोल रूम भी अलर्ट हो जाएगा। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया इन सब आधुनिक तकनीक के बावजूद जो मैन्युअल मुखबिर हैं उनको भी नकारा नहीं जा सकता। स्थानीय लोग मल्लाह गोताखोर भी सूचना देते हैं ये भी एक सूचना तंत्र के एक पार्ट माने जाते हैं।

# 16 जून को यूपी फिल्म सिटी का शिलान्यास करेंगे सीएम योगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का जल्द ही शिलन्यास होने जा रहा है इसके साथ ही निर्माण काम की औपचारिक शुरुआत भी हो जाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है, लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना का शिलान्यास अब जल्द ही होने जा रहा है। 16 जून 2025 को इसका शिलान्यास प्रस्तावित किया गया है। इस दिन के बाद फिल्म सिटी के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की जा सकती है। नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी को उत्तर प्रदेश को एक ग्लोबल फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है।



## पेज एक का शेष

### आसमान में दिखा...

की वजह से इसे स्ट्रॉबेरी मून नाम दिया गया था। खास बात है कि स्ट्रॉबेरी मून की यह घटना हर 18.6 साल में एक बार होती है। अब अगली बार ऐसा नजारा साल 2043 में ही दिखेगा।

### नौसेना ने ब्रिटेन संग किया ...

नौसेना के युद्धाभ्यास में एकीकृत हेलिकॉप्टरों का नियंत्रण, रणनीतिक उड़ान, समन्वित पनडुब्बी रोधी अभियान और अधिकारियों के बीच पेशेवर आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों का अभ्यास किया गया।

**द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मिलेगी मजबूती :** मंत्रालय ने बताया कि पैसेज युद्धाभ्यास के जरिए भारत-ब्रिटेन की नौसेनाओं के बीच गहरा सहयोग साफ तौर पर प्रदर्शित हुआ है। जिसमें समुद्री सुरक्षा और व्यापक द्विपक्षीय संबंधों को लेकर साझा प्रतिबद्धता भी झलकती है। यह सहयोग दोनों सशस्त्र सेनाओं के बीच मजबूत संबंध के साथ एक सुरक्षित और स्थिर समुद्री वातावरण के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है।

**14-28 जून तक होगा सेना का अभ्यास :** सेना का खान क्वेस्ट युद्धाभ्यास मंगोलिया के उलानबटोर में 14 से 28 जून तक आयोजित किया जाएगा। भारत के साथ ही दुनिया के बाकी देशों की सेनाएं भी इसमें एक साथ भाग लेंगी और अपनी शांति सेना से जुड़ी हुई क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आपस में सहयोग करेंगी। 2003 में यह युद्धाभ्यास मंगोलिया और अमेरिका की सेनाओं के बीच द्विपक्षीय रूप से होता था। 2006 से यह बहुराष्ट्रीय शांति सेना युद्धाभ्यास के रूप में तब्दील हुआ। इस वर्ष युद्धाभ्यास का 22 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारतीय सेना की कुमाऊं रेजिमेंट के 40 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। उनके साथ बाकी सेनाओं की भी भागीदारी है। सैन्य दस्ते में एक महिला अधिकारी और दो महिला जवान भी शामिल हैं। 2024 में खान क्वेस्ट युद्धाभ्यास मंगोलिया में 27 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य भारतीय सेनाओं को बहुराष्ट्रीय माहौल में एकजुटता से शांति अभियानों का संचालन करने के लिए तैयार करना है। इसके केंद्र में संयुक्त राष्ट्र का अध्याय-7 रहेगा।

### भारत दौरे पर श्रीलंकाई ...

*हुईं। जिनमें उन्होंने भारतीय सेना के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस.राजा सुब्रामणि, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के साथ मुलाकात की। भारत और श्रीलंका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने अपनी बैठकों में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों के मामले पर चर्चा की। उप-सेनाप्रमुख ने लेफ्टिनेंट जनरल रॉड्रिगो को ऑपरेशन सिंदूर और भारत के सुरक्षा परिदृश्य व दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े हुए विषयों के बारे में जानकारी दी। श्रीलंका के सेनाध्यक्ष ने मानेकशॉ केंद्र में भारत-श्रीलंका के समय के साथ जांचे परखे हुए संबंधों के प्रतीक के रूप में पौधारोपण भी लगाया।*

### नई चुनौतियों से निपटने ...

उपयोग आमतौर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र और राज्य में अपनी सरकारों के समन्वय को दर्शाने के लिए किया जाता है। लेकिन इस संदर्भ में, डबल इंजन पीएमओ का तात्पर्य दो अनुभवी और शक्तिशाली प्रशासकों—पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास—के नेतृत्व में पीएमओ की बढ़ी हुई कार्यक्षमता से है। पीएमओ में नीति निर्माण और प्रशासन में गहरी विशेषज्ञता के साथ, पीके मिश्रा जहां मोदी सरकार की दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, वहीं पूर्व रिजर्व बैंक गवर्नर के रूप में शक्तिकांत दास आर्थिक नीतियों और वैश्विक वित्तीय मामलों में उनकी विशेषज्ञता पीएमओ को आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से मजबूत करने के उपक्रम में जुटे हैं। मोदी सरकार के कई अहम नौकरशाही किरदारों में से एक वरिष्ठ नौकरशाह ने दावा किया कि पीएमओ में दोहरी नेतृत्व संरचना नीतियों के तेजी से कार्यान्वयन, बेहतर समन्वय और विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी के लिए सशक्त बनाती है। यह मॉडल सरकार के 2030 तक के विजन को हासिल करने के लिए एक मजबूत नींव प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार 3.0 ने 2030 तक भारत को वैश्विक स्तर पर एक आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक महाशक्ति बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद विभिन्न मंचों से बात का उद्घोष किया है कि भारत को 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना। यही वजह है कि सरकार 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों को बढ़ावा दे रही है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बुनियादी ढांचे और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बडे बजटीय प्रावधान किये गये हैं। स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का अनुसंधान और नवाचार कोष स्थापित किया गया है। अंत्योदय, जलजीवन मिशन, आयुष्मान भारत, लखपति दीदी योजना सहित महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास की योजनाएं सहित अन्य सामाजिक कल्याण योजनाओं से 25 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं वैसे ही एक वृहत योजना पर भी पीएमओ में तेजी से काम चल रहा है। पीएम किसान योजना और किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के निर्देश पर कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान देशभर में किसानों से उनके ही खेत में संपर्क कर ये समझने का प्रयास कर रहे हैं कि किसान को कैसे और समृद्ध बनाया जा सकता है।

### सोनम ने कबूला ....

मिला था।

**देवास के जितेंद्र रघुवंशी का नाम ...सोनम का प्रेमी हवाला से जुड़ा था:** राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब एक नया नाम सामने आया है, वो है देवास के जितेंद्र रघुवंशी का। सोनम रघुवंशी का प्रेमी राज कुशवाह हवाला का काम भी करता था। उसके द्वारा चार बैंक अकाउंट में लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन मिला है। यह चारों अकाउंट जितेंद्र रघुवंशी के नाम पर हैं। सोनम के भाई गोविंद के अनुसार जितेंद्र उनकी मौसी का लड़का है। वो उनके ही गोडाउन में काम करता है, उसके अकाउंट हम ही संचालित करते हैं। राज कुशवाह ही सोनम रघुवंशी के बिजनेस से संबंधित हर काम देखता था। वो ही रुपयों का लेन-देन भी करता था। इसी को लेकर सोनम और राज के बीच लगातार बात होती रहती थी। आशंका है कि इसी में से 50 हजार रु. राज कुशवाह ने अपने साथियों को दिए थे, जिसके बाद वो ट्रेन से शिलांग पहुंचे थे। इसमें सोनम के द्वारा रु. दिलाने की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने जितेंद्र रघुवंशी से भी इस मामले में पूछताछ कर सकती है। आशंका है कि सोनम ने ही राज कुशवाह के जरिए लाखों रु. हवाला के जरिए कही और भिजवाए हों।

**यूपी से सिक्किम गए जोड़े का 13 दिन से कोई सुराग नहीं :** प्रतापगढ़। शादी के बाद हनीमून पर सिक्किम गए प्रतापगढ़ के नवदंपती का 13 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। उधर, बेटे कौशलेंद्र और बहू अंकिता की तलाश में सिक्किम गए पिता शेर बहादुर भी रिश्तेदारों के साथ मंगलवार शाम को घर वापस आ गए हैं। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रतापगढ़ जिले के उदयपुर के राहाटीकर के रहने वाले भाजपा नेता उम्मेद सिंह के भतीजे कौशलेंद्र और बहू अंकिता सिंह 24 मई को हनीमून मनाने के लिए सिक्किम गए थे। उत्तर सिक्किम के मंगन जिला के चुंगथाग इलाके में एक टूरिस्ट वाहन से घूमकर वापस गंगटोक होटल में 29 मई की रात आ रहे थे। इसी दौरान करीब 1000 फीट ऊंचाई से सैलानियों से भरा वाहन तीस्ता नदी में गिर गया था। वाहन में सवार एक यात्री की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए, वहीं, आठ सैलानी लापता हो गए, जिसमें प्रतापगढ़ जिले के कौशलेंद्र और अंकिता भी शामिल हैं। सभी लापता लोगों की तलाश में पुलिस और प्रशासन ने अभियान चलाया हुआ है। अभी तक लापता किसी भी यात्री का पता नहीं चल पाया है। लापता कौशलेंद्र सिंह अपने मां-बाप की इकलौती संतान है। कौशलेंद्र दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अंकिता लखनऊ के मेदांता अस्पताल में मेडिसिन विभाग में कार्यरत थी।

### राजा की मां से ...

*संबंध या इसकी जानकारी होने से इनकार किया। सोनम और राजा के शिलॉन्ग में लापता होने के बाद गोविंद राजा के भाई विपिन के साथ मेघालय गए थे।*

### जटेला धाम बना श्रद्धा...

लाख रुपये देने की घोषणा की। नायब सिंह सैनी ने पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन जटेला धाम श्रद्धा, सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का अद्भुत त्रिवेणी संगम का साक्षी बना है। स्वामी नितानंद जी का यह धाम आध्यात्मिक चेतना से जोड़ता है। जटेला धाम की यह पवित्र तपोभूमि संतों के आशीर्वाद से आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पहचान स्थापित कर रही है।

**मानवता की सेवा का मंदिर बनेगा चिकित्सा संस्थान :** मुख्यमंत्री ने चिकित्सा संस्थान के प्रथम चरण के निर्माण का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह चिकित्सा संस्थान केवल सीमेंट-कंकरीट की इमारत नहीं बल्कि मानवता की सेवा का एक मंदिर है। इस संस्थान के बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित होने वाले इस संस्थान से झज्जर ही नहीं बल्कि साथ लगते क्षेत्रों को भी स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। सरकार ने गरीबों के इलाज के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। सरकार द्वारा गरीबों याणा योजना, मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजनाएं सहित अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका आमजन को लाभ मिल रहा है। सरकार द्वारा इस वित्त वर्ष में स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 10,159 करोड़ किया है। उन्होंने कहा कि झज्जर जिले के बाढ़सा में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान खोला गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सा सुविधाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश में कुल एक करोड़ 33 लाख चिरायु कार्ड बनाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर इस धाम द्वारा लगभग 82,125 पौधारोपण करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, विधायक राजेश जून, सुनील सांगवान, उमेद पातुवास, कंवर सिंह यादव, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, महंत राजेंद्र दास, स्वामी सूर्यानंद जी महाराज, स्वामी रामानंद सरस्वती जी महाराज सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### 15 दिवसीय 'विकसित कृषि...

गुजरात के बारडोली में किसानों से मिलेंगे और उनकी व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री व्यक्तिगत रूप से उनकी बात सुनने के लिए किसान चौपाल में शामिल होंगे। इस अभियान से समापन समारोह से देशभर से 16 हजार वैज्ञानिकों की 2170 टीमें भी वर्चुअली जुड़ेंगी। अब-तक ये टीमें विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के जरिए एक करोड़ आठ लाख किसानों से संवाद कर चुकी हैं। उन्नत कृषि, 'लैब टू लैंड' और 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम' के विजन के साथ इस अभियान के तहत किसानों के कारगर संवाद किया गया है। ताकि किसान और खेत की जरुरतों के अनुसार भविष्य की नीतियां तय की जा सके।

### दिग्विजय के अनुज...

कर 10 दिन के अंदर जवाब मांगा था। लक्ष्मण के जवाब से कांग्रेस की केंद्रीय अनुशासन समिति संतुष्ट नहीं थी। लिहाजा, समिति की सिफारिश पर लक्ष्मण सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर अनुशासन समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने यह आदेश जारी किया। लक्ष्मण कांग्रेस के सांसद और विधायक रहे हैं। कमलनाथ के नेतृत्व में बनी कांग्रेस सरकार में जब उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज कर उनके भतीजे को मंत्री बना दिया गया तो वे अपने भाई दिग्विजय से भी नाराज हो गए थे। लक्ष्मण सिंह ने 24 अप्रैल को राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों से मिले हुए हैं। इसलिए कांग्रेस को उनसे समर्थन वापस ले लेना चाहिए। उन्होंने राहुल के जीजा रॉबर्ट वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा था कि 'ये हमारा रॉबर्ट वाड्रा, राहुल गांधी का जीजा कहता है कि मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते इसलिए आतंकवादियों ने हमला किया। इन दोनों का ये बचपना हम कब तक झेलेंगे। राहुल गांधी भी थोड़ा सोच समझकर बात करें। इनकी नादानियों की वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।'

### सत्य का आईना....

को मत छोड़िएगा। सच कहना अगर बगावत है तो समझो हम भी बागी हैं। आप और हम इसी लाइन पर चलते रहेंगे।

### जस्टिस वर्मा के महाभियोग...

शेखर यादव ने समान नागरिक संहिता पर बोलते हुए कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यक लोगों की इच्छा के मुताबिक देश चलेगा। उन्होंने मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बिना 'कठमुल्ला' जैसे शब्दों का उपयोग किया और बहुविवाह, तीन तलाक, और हलाला जैसी प्रथाओं को अस्वीकार्य बताया। इसके अलावा, उन्होंने छुआछूत, सती प्रथा, और कन्या भ्रूण हत्या जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर इन प्रथाओं को खत्म किया जा सकता है, तो बहुविवाह जैसी प्रथाएं क्यों नहीं। इस भाषण के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद विपक्षी दलों, वरिष्ठ वकीलों, और नागरिक संगठनों ने इसे न्यायिक गरिमा, धर्मनिरपेक्षता, और संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन बताया। जस्टिस यादव के बयानों को नफरत फैलाने वाला करार देते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठी। विगत 13 दिसंबर 2024 को, वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल की अगुआई में 55 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा महासचिव को एक नोटिस सौंपा, जिसमें जस्टिस यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव शुरू करने की मांग की गई। इस नोटिस में संविधान के अनुच्छेद 124(4), 124(5), और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3(1)(बी) का हवाला देते हुए जस्टिस यादव पर सिद्ध दुर्व्यवहार और न्यायिक अक्षमता का आरोप लगाया गया। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने फरवरी 2025 में बताया कि उन्हें 13 दिसंबर 2024 को महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस प्राप्त हुआ था, और हस्ताक्षरों की वैधता की जांच (वेरिफिकेशन) चल रही है। हालांकि, जून 2025 तक इस प्रस्ताव पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे विपक्षी दलों ने सभापति पर देरी का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना है कि सभापति द्वारा हस्ताक्षरों की जांच में अनावश्यक समय लिया जा रहा है, जो महाभियोग प्रक्रिया को कमजोर करता है। विपक्ष के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मॉनसून सत्र में अगर जस्टिस वर्मा पर महाभियोग चलाने का प्रस्ताव सरकार लाएगी तो जस्टिस यादव के प्रस्ताव को भी सदन पटल पर रखना होगा।

### बिना वैध वीजा के अमेरिका में...

**यूं होगी भारत रवानगी :** सूत्रों ने कहा कि वाशिंगटन डीसी में भारत के दूतावास और न्यूयॉर्क में वाणिज्य दूतावास अमेरिकी अधिकारियों के साथ मामले पर और अधिक विस्तृत जानकारी एकत्रित करने के लिए लगातार संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि नेवॉर्क में अपने ट्रांजिट के दौरान युवक का व्यवहार यात्रा के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया। जिसके बाद उसे रोककर एक मेडिकल सुविधा में भर्ती कराया गया है। एक बार जब वह पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएगा। उसके बाद ही उसे भारत वापस भेजा जाएगा। मामले पर न्यूयॉर्क में भारत का वाणिज्य दूतावास निरंतर आधार पर अमेरिकी अधिकारियों के साथ संपर्क में बना हुआ है। सूत्रों ने पहले कहा था कि अभी तक उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं मिली है। जिससे ये पता लगाया जा सके कि किन परिस्थितियों में भारतीय युवक को यूं पकड़कर अंतिम गंतव्य तक की यात्रा के लिए विमान में बैठाया जा रहा है?

**प्रवासी भारतीय की पोस्ट से खुला मामला :** गौरतलब है कि ये पूरा मामला नेवॉर्क हवाईअड्डे से भारत लौट रहे एक प्रवासी भारतीय उद्यमी कुणाल जैन की सोशल मीडिया पर की गई वीडियो पोस्ट के बाद सामने आया था। जिसमें उन्होंने लिखा, हवाईअड्डे पर मैंने देखा कि पुलिस ने एक भारतीय युवक के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया। उसे पकड़कर हथकड़ी लगाकर वापस भेजा गया। जबकि वो रोते हुए हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं लेकिन पुलिस मुझे पागल साबित करने में लगी हुई है। कुणाल की यह पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल हो गई थी और उससे भारतीय भी काफी आक्रोशित थे। उद्यमी ने अपनी पोस्ट में इस पूरी घटना को एक मानवीय त्रासदी करार देते हुए कहा कि ये छात्र किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं। बल्कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए अमेरिका आया था। कुणाल ने कहा कि इस घटना के बाद वो खुद बेहद असहाय और दुखी महसूस कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अब ये रोजाना की बात हो गई है। रोज करीब 3 से 4 ऐसे मामले सामने आते हैं। जिनमें लोग बिना वैध वीजा के अमेरिका में प्रवेश करते हैं। लेकिन उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी यात्रा के संबंध में ठोस स्पष्टीकरण देने के अभाव में उन्हें भारत वापस भेज दिया जाता है।

आज के दौर में अधिकतर लोग किसी न किसी प्रकार के तनाव से ग्रस्त नजर आते हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए आप एक सरल योगसन का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानिए।

# रोज करें आनंद बालासन रहें तनावमुक्त-आनंदित

**योगोपचार**
दिव्यज्योति 'नंदन'

आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में हर कोई इतना व्यस्त है कि लोग चाहकर भी अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रख पाते हैं, जिस कारण तनाव में रहते हैं और इस तनाव के चलते उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है। ऐसी जीवनशैली जीने के लिए मजबूर लोगों को उनके तनावों से छुटकारा पाने के लिए योग विशेषज्ञ हर दिन आनंद बालासन योग करने की सलाह देते हैं। आनंद बालासन योग को हैप्पी बेबी पोज भी कहा जाता है। यह एक रिलैक्सिंग योगासन है। इसे हर दिन किया जाए तो कोई कितनी ही परेशानियों से क्यों न घिरा हो, लेकिन इस योगासन की बदौलत वह किसी हद तक तनाव मुक्त हो जाता है, जिससे उसे न



सिर्फ मानसिक राहत मिलती है बल्कि कई तरह की शारीरिक समस्याओं से भी छुटकारा मिल जाता है।

**इसे करने के फायदे:** यह योगासन तनाव और चिंता कम करता है। इसे नियमित करने से पीठ दर्द में आराम मिलता है। पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर का लचीलापन बढ़ता है। इसे नियमित करने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है। शरीर में एनर्जी बढ़ती है। कब्ज, गैस और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। रीढ़ की हड्डी और हैमस्ट्रिंग मजबूत होती है। इतने सारे फायदे मिलने से इसे नियमित करने वाले लोग बच्चे की तरह खुशी और बेफिक्री महसूस करने लगते हैं। इसीलिए इस योगासन को आनंद बालासन कहते हैं।

**आनंद बालासन करने की विधि:** इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले अपने योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। ध्यान रखें, इस दौरान आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी हो। अब धीरे से अपने दोनों पैरों को ऊपर की ओर उठाएं और दोनों घुटनों को सीने के नजदीक लाएं। इस दौरान अपने दोनों पैरों के मध्य दूरी बनाएं और फिर आहिस्ता से दोनों हाथों के जरिए पैरों को मोड़ लें तथा पैरों के तलवों को छत की ओर रखें और घुटनों की मदद से नब्बे डिग्री का कोण बनाएं। इस पोज में रहने के दौरान अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए गहरी सांस लें और फिर उसे धीरे-धीरे रिलीज करें। पैरों को पकड़ने के बाद उन्हें अपने सीने की ओर बालसुलभ भाव से खींचें जैसे छोटे बच्चे करते हैं। इस आनंद की मुद्रा में शरीर को 30 सेकेंड से 1 मिनट तक रखें। उसके बाद शरीर को कुछ देर के लिए रिलैक्स छोड़ दें। इससे तन और मन दोनों को शांति मिलती है। इस मुद्रा से बाहर आने के लिए धीरे से अपने पैरों को छोड़ें और घुटनों को वापस अपनी छाती की ओर लाएं। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को मैट पर फैला लें।

**क्या सावधानियां बरतें:** आनंद बालासन बहुत फायदेमंद होता है लेकिन इसे करते समय कुछ सावधानियां अवश्य बरतें। अगर आपको हर्निया या स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है तो यह योगासन करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह लें। सलाह न भी लें तो भी यदि योगासन के दौरान दर्द या असुविधा महसूस हो रही हो तो तुरंत इसे करना बंद कर दें और योग शिक्षक से उसकी वजह जानें। जिन लोगों को घुटनों और टखनों की चोट लगी हो उन्हें यह आसन करने से बचना चाहिए। इस बात का भी ख्याल रखें कि इस आसन को करते समय शरीर को ज्यादा झटके से न हिलाएं अन्यथा रीढ़ की हड्डी को नुकसान हो सकता है। आनंद बालासन करने के बाद, कुछ देर के लिए शवासन की मुद्रा में आकर आराम करना चाहिए। गर्भवती महिलाएं यह आसन न करें। स्लिप डिस्क या रीढ़ की समस्या से पीड़ित लोग भी इसे न करें। हाल ही में पेट की सर्जरी करवाने वाले व्यक्ति, हर्निया या अपच के पेशेंट, जिन्हें हो घुटनों या कूल्हों में दर्द की शिकायत उन्हें यह आसन नहीं करना चाहिए।

**ये आसन करना फायदेमंद:** आनंद बालासन के पहले आप सुप्तबद्ध कोणासन और पवनमुक्तासन का अभ्यास कर सकते हैं। आनंद बालासन के बाद आप सेतु बंधासन, सुप्त मत्स्येंद्रासन और शवासन का अभ्यास कर सकते हैं। ऐसा करना और भी फायदेमंद रहेगा। *

हम जानते हैं कि ज्यादा गर्मी की वजह से शरीर के बीमार होने का रिस्क बढ़ जाता है, शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कमजोरी और थकान महसूस होना भी आम बात है इसलिए मौसम के हिसाब से आपको अपना डाइट प्लान बनाना बहुत जरूरी है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# डाइट में शामिल करें ये फूड-लिक्विड इस सीजन में आप रहेंगे हेल्दी


**डाइट सजेशन**
ललिता गोयल

गर्मी का मौसम पाचन तंत्र के लिए अनुकूल नहीं होता है। लोगों को बहुत सारी पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मौसम के हिसाब से डाइट में बदलाव नहीं करने पर हेल्थ पर बुरा असर हो सकता है। गर्मी के मौसम में वॉमिट और पेट में जलन जैसी समस्या भी आम होती है। इसलिए इस मौसम में हेल्दी रहने के लिए डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। गर्मियों में ठंडी तासीर वाली चीजों को डाइट में शामिल करने से सेहत दुरुस्त रहती है और शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन भी मिलता है। ऐसे में शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखने वाली चीजों को डाइट में शामिल करना चाहिए। आइए जानते हैं कि गर्मी के मौसम में डाइट में किन फूड्स को शामिल करके हेल्दी रहा जा सकता है?



## तरबूज

तरबूज में पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है और यह एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसलिए इसका सेवन शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, इंफ्लेमेशन कम करने में मदद करता है और इस



मौसम में होने वाली शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता। तरबूज में विटामिन सी, ए और पोटेशियम जैसे पौष्टिक तत्व भी होते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स को बनाए रखने में मदद करते हैं।

## खीरा

खीरा भी एक हाइड्रेटिंग फूड है, जो पानी से भरपूर होता है और इसका सेवन करने से कैलोरी भी ज्यादा नहीं कंज्यूम होती है। यह शरीर के तापमान को रेगुलेट करने में मदद करता है और टॉक्सिन को फ्लश आउट करने में सहायक होता है इसलिए गर्मियों में खीरे को डाइट में शामिल करना, सेहत के



लिए एक बेहतर ऑप्शन है। खीरा शरीर को हाइड्रेटेड रखने और ठंडक देने के साथ-साथ शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाने, डाइजेशन को सुधारने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मदद करता है। लंच से आधे घंटे पहले सलाद के तौर पर खीरा खाना चाहिए।

## नारियल का पानी

गर्मियों में नारियल का पानी शरीर के लिए काफी लाभदायक रहता है। इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं। गर्मियों के



दौरान नारियल पानी पीने से पसीने के रूप में फ्लूड लॉस से शरीर को बचाता है और शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।

## पुदीना

पुदीना गर्मियों में शरीर के लिए एक रिफ्रेशिंग इंग्रेडिएंट्स का काम करता है और शरीर पर इसका काफी कूल प्रभाव होता है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ इंफ्लेमेशन कम करने में भी मददगार होता है। गर्मियों में पुदीने को सलाद, ड्रिंक्स या फिर चटनी आदि में मिला कर लिया जा सकता है। पुदीना डिटॉक्स वॉटर की तरह काम करता है और इससे डाइजेशन दुरुस्त होता है, साथ ही यह स्किन हेल्थ में भी सुधार करता है।

## दही

दही में प्रोबायोटिक होते हैं, जो अच्छे बैक्टीरिया होते हैं और पाचन तंत्र के लिए लाभदायक होते हैं। यह



शरीर की गर्मी को कम करने में, इंफ्लेमेशन को कम करने में और पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में सहायक होते हैं। दही को लस्सी, स्नैक, सलाद में मिला कर खाया जा सकता है।

## ज्वार की रोटी

गर्मी के मौसम में लंच में ज्वार की रोटी खानी चाहिए। यह फाइबर से भरपूर और ग्लूटन-फ्री होती



है। इससे ब्लड शुगर लेवल रेगुलेट होता है और एनर्जी बूस्ट होती है।

## गोंद कतीरे का पानी

गर्मियों में सुबह गोंद कतीरे का पानी पीना चाहिए। गोंद कतीरा फाइबर से भरपूर होता है, शरीर को ठंडक देता है, डाइजेशन सुधारता है और गर्मी से होने वाली थकान को कम करता है। इससे स्किन को भी हाइड्रेशन मिलता है।

## छाछ



इस मौसम में दोपहर के खाने से पहले छाछ पीना बहुत लाभकारी होता है। इससे डाइजेशन में सुधार होता है, शरीर को ठंडक मिलती है और गट हेल्थ दुरुस्त होती है।

## लौकी

गर्मियों में लौकी को डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। लौकी को चीला, सब्जी या दाल में डालकर खाया जा सकता है। लौकी से भी शरीर को हाइड्रेशन मिलता है। लौकी कैलोरीज में कम होती है, शरीर को डिटॉक्स करती है और डाइजेशन को सुधारती है।

## गन्ने का रस

गन्ने का रस गर्मियों में शरीर के लिए काफी फायदेमंद रहता है। इसमें विटामिंस और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, लिवर फंक्शन में सुधार होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। *

**(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

## इनके सेवन से बचें

गर्मी के मौसम में हेल्दी रहने के लिए कुछ फूड्स के सेवन से बचना भी जरूरी होता है।

- मसालेदार और तले, भुने भोजन का सेवन करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और पाचन से जुड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है इसलिए गर्मियों में इन्हें खाने से बचना चाहिए।
- शराब का सेवन करने से शरीर डिहाइड्रेट होता है और इससे शरीर का तापमान भी बढ़ता है। इसलिए इसके सेवन से बचना चाहिए।
- गर्मियों में शुगर से भरपूर ड्रिंक्स जैसे एनर्जी ड्रिंक्स, कोल्ड ड्रिंक्स या फिर सोडा का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे शरीर डिहाइड्रेट होता है और ब्लड शुगर लेवल भी तेजी से बढ़ सकता है।

**घरेलू औषधि / शिवचरण चौहान**

# कई रोगों में कारगर हरड़

हरड़, बहेड़ा, आंवला तीन फल हैं, जो आयुर्वेद में अमृत के समान माने गए हैं। तीनों के फलों को सुखाकर, पीसकर त्रिफला चूर्ण पावडर बनता है, जो अनेक रोगों के लिए अचूक औषधि है। इन्हीं तीन फलों में से एक हरड़ यानी हर्र के बारे में यहां बता रहे हैं। हर्र के अनेक नाम हैं। जैसे रोग के भय को दूर करने के कारण अभया नाम है। रोगों को हर लेती है, इस कारण हरीतकी नाम है। पथ्य रूप होने से पथ्या नाम है। शरीर को बुढ़ापे से रक्षा करती है, इस कारण कायस्था नाम है। हिमालय पर उत्पन्न होने से हेमवती नाम है। अमृत के समान गुण होने से अमृता नाम है। व्यथा को दूर करने से अव्यथा नाम है। शरीर को पवित्र करने वाली होने से पूतना नाम है। कल्याणकारी होने से श्रेयसी और शिवा नाम है। जीवंती, विजया, रोहिणी नाम भी इसके गुण के अनुसार ही हैं।



**इन रोगों में लाभकारी:** भुनी हुई हर्र त्रिदोष को दूर करती है और बल, बुद्धि तथा इंद्रियों को शक्ति प्रदान करने वाली होती है। चबाकर खाई हुई हर्र पाचन अग्नि को बढ़ाती है। पिसी हुई हर्र खाने से मल की शुद्धि होती है। तली हुई हर्र खाने से संग्रहणी दूर होती है। इसमें मीठा, कड़ुवा, कसैला रस पित्त नाशक है, खट्टा रस वातनाशक है और तिक्त, कटु, कसैला रस कफनाशक है। गुड़ के साथ सेवन करने से हर्र सर्व रोगनाशक है। लवण के साथ हर्र कफ को शांत करती है। शहद के साथ सेवन करने से हर्र पित्त नाशक है। वसंत ऋतु में शहद के साथ, ग्रीष्म ऋतु में गुड़ के साथ, वर्षा ऋतु में सेंधा लवण के साथ, शरद ऋतु में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, शिशिर ऋतु में पीपर के साथ हर्र सेवन करना चाहिए। हर्र की एक तोला से अधिक मात्रा भी ली जा सकती है।

**त्रिफला है लाभकारी:** हरड़, बहेडा, आंवला, इनको त्रिफला कहते हैं। त्रिफला को संध्या समय भिगो दें, सबेरे छान कर उससे नेत्र धोएं तो सब प्रकार के नेत्र संबंधी रोग शांत हो जाते हैं। संध्या में भिगोया हुआ त्रिफला, सुबह और छान कर नमक मिला कर पीने से खांसी और कफ के रोग दूर हो जाते हैं। अकेली हरड़ को जल के साथ घिस कर गरम कर ऊपर लेप करने से नेत्र रोग दूर हो जाता है। जो मनुष्य थका हो, धातु विकार हो, जिसका खून निकाला गया हो तथा गर्भवती स्त्री को हर्र नहीं खाना चाहिए और जिसको ज्वर आता हो उसको पीली हर्र नहीं खाना चाहिए। इसका किसी भी प्रकार के औषधीय सेवन से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें। *

वर्क प्रेशर, आगे बढ़ने की जल्दी, अनहेल्दी फूड हैबिट, एक्सरसाइज से दूरी और टेंशनफुल लाइफ ऐसे तमाम कारण हैं, जो पुरुषों के स्वास्थ्य पर लगातार नकारात्मक असर डाल रहे हैं। पुरुषों के स्वास्थ्य निगरानी माह (जून) के अवसर पर इस बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# बिगड़ती लाइफस्टाइल से पुरुष हो रहे बीमार

**अवेयरनेस**
रेखा देशराज

दिन पर दिन तेजी से भागती लाइफस्टाइल, दिनों-दिन जटिल होती काम-काजी तकनीक और करियर में प्रतिस्पर्धा का असर पुरुषों के समूचे स्वास्थ्य पर कहर बनकर टूट रहा है। यही वजह है कि इस 21वीं सदी में पुरुषों की औसत आयु, महिलाओं के मुकाबले करीब डेढ़ से दो साल और कम हो गई है। साथ ही पुरुषों का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी तेजी से गिरता जा रहा है।



**बिगड़ते स्वास्थ्य का कारण:** पुरुषों के स्वास्थ्य में गिरावट का कारण जीवन का 'रनिंग एजेंडा' है। सुबह जल्दी उठना, ऑफिस में वर्क प्रेशर, घर पहुंचकर भी ऑफिशियल प्रोजेक्ट में बिजी रहना, देर रात तक सोशल मीडिया में उलझे रहना, ये गतिविधियां आज ज्यादातर पुरुषों के जीवन का अहम हिस्सा बन गई हैं, जिस कारण वे अकसर शरीर से थके रहते हैं और दिमाग से बोझिल। पूरी दुनिया के पुरुषों की नियमित नींद में कमी आ रही है। एक तो काम का दबाव और करियर में आगे बढ़ने का प्रेशर, ऊपर से डिजिटल तकनीक का मायाजाल। इन वजहों से दुनियाभर के पुरुषों में वर्तमान लाइफस्टाइल तमाम परेशानियां पैदा कर रही हैं।

**नई तकनीक का असर:** नई तकनीक आ जाने के कारण काम-काज तो आसान हुआ है, लेकिन इस तकनीक को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी जिन पुरुषों पर है, उन पर यह भारी पड़ रही है। ई-मेल, व्हाट्सएप, टीम मीटिंग, जूम कॉल, वर्क फ्रॉम होम इन सबने दैनिक काम को सिर्फ 9 से 5 तक सीमित नहीं रहने दिया बल्कि इसे 24X7 में तब्दील कर दिया है। पुरुषों में लगातार टेक्नोलॉजी में अपग्रेड रहने का दबाव रहता है। इससे भी दिमाग तनाव से मुक्त नहीं हो पाता है।

**अनहेल्दी फूड हैबिट:** जिस तरह की काम-काजी तेजी का दबाव है, उसके चलते फास्ट फूड खाने की हैबिट भी पुरुषों में बढ़ रही है। दुनियाभर के 52 फीसदी से ज्यादा काम-काजी पुरुष फास्ट फूड खाने के आदी हो गए हैं। भारत में 40 करोड़ पुरुष घरों से बाहर रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, जिनमें से 17 से 20 करोड़ लोग अकेले रहते हैं और इनमें से 70 से 80 फीसदी पुरुष अमूमन हफ्ते में तीन बार फास्ट फूड खाते हैं।

**एक्सरसाइज से दूरी:** एक्सरसाइज से दूरी भी पुरुषों में बढ़ती बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। भारत में पिछले एक दशक में पुरुषों के काम-काज के घंटे औसतन दो से ढाई घंटे बढ़ गए हैं। व्यस्तता बढ़ जाने के कारण पुरुषों में नियमित एक्सरसाइज की गतिविधि कम हो गई है।

**बढ़ रही है बीमारियां:** तमाम वजहों से पुरुष चाहकर भी अपने स्वास्थ्य की जरूरी देख-रेख नहीं कर पाते, उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। काम-काज की शैली और रफ्तार बदल जाने के कारण जिस चीज की सबसे ज्यादा उपेक्षा हो रही है, वह पुरुषों का स्वास्थ्य ही है। भारत के करीब 87 फीसदी काम-काजी पुरुष कम से कम एक या दो लाइफस्टाइल बीमारियों के चंगुल में फंसे हुए हैं और दुनिया के स्तर पर तो यह आंकड़ा 90 फीसदी के ऊपर है।

इससे साफ है कि कंडीशन तभी बदल सकती है, जब पुरुष स्वयं अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस होंगे और अपनी लाइफस्टाइल में जरूरी बदलाव करेंगे। *

**मेंटल हेल्थ**
शिखर चंद जैन

इन दिनों अखबार, टीवी और सोशल मीडिया, हर तरफ से युद्ध और हिंसा की खबरें देखने और सुनने को मिल रही हैं। कुछ लोग इससे मेंटली डिस्टर्ब होने लगते हैं। यही वॉर एंग्जायटी कहलाता है। इसके लक्षण और उपचार के बारे में यहां बता रहे हैं।

# इन दिनों कई लोगों को हो रही है वॉर एंग्जायटी

इस समय दुनिया के कई देशों में युद्ध हो रहा है या वॉर के हालात बने हुए हैं। रात-दिन वॉर से जुड़ी खबरें देखने, पढ़ने और सुनने से मीरा ने महसूस किया कि उसका जी मिचला रहा है, हल्के चक्कर आ रहे हैं और सिर भारी-भारी सा लग रहा है। उसे बार-बार टॉयलेट भी जाना पड़ रहा था और प्यास भी लग रही थी। उसने शुगर चेक किया, तो नॉर्मल था। बीपी चेक किया तो, खास बढ़ा हुआ नहीं था, सामान्य ही था। मीरा ने टीवी बंद किया, एक गिलास नीबू पानी पिया और पार्क में टहलने के लिए निकल पड़ी। सोसायटी की कुछ सहेलियां मिल गईं। उनसे बातें करते हुए उसने जब अपनी समस्या के बारे में बताया, तो एक और महिला ने भी बिल्कुल वैसे ही लक्षणों का जिक्र किया और कहा, 'मेरा भी हार्ट ऐसे ही तेज धड़क रहा था तो मैं इधर आ गई। यहां अच्छा लग रहा है।' मीरा को भी अच्छा फील होने लगा। उनकी बातें सुनकर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अवंतिका ने कहा, 'अरे तुम दोनों को वॉर से जुड़ी न्यूज देखते-सुनते वॉर एंग्जायटी की प्रॉब्लम हो गई है।'

**वॉर एंग्जायटी क्या है:** जब युद्ध, हिंसा और विनाश के बारे में ब्रेकिंग न्यूज, वीडियो और तस्वीरें मीडिया में छा जाती हैं, तो यह स्थिति कई लोगों के लिए परेशान करने वाली और डरावनी हो सकती है। कुछ लोगों में ये सब भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने इस स्थिति को 'हेडलाइन स्ट्रेस डिसऑर्डर', 'युद्ध की चिंता' या 'युद्ध चिंता' नाम दिया है। इस बारे में मनोविज्ञानी स्टेफनी कोलियर, ने हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित अपने लेख में बताया है कि युद्ध की चिंता, सैन्य बलों द्वारा हमलों या आतंकी हिंसा के बारे में समाचार और भयावह



तस्वीरों के प्रति भय से उपजी यह प्रतिक्रिया ही वॉर एंग्जायटी होती है।

**प्रमुख लक्षण:** डर, चिंता और अनिश्चितता उत्पन्न करने वाले समाचार, एंकर्स और प्रवक्ताओं की उग्र टिप्पणियां, बम और मिसाइलों के धमाके, रक्तपात और विनाश के दृश्य किसी के भी दिल, दिमाग और शरीर में तीव्र प्रतिक्रियाएं स्टिमूलेट कर सकते हैं। शारीरिक लक्षणों में दिल की तेज धड़कन, पेट में गुड़गुड़ाहट या मरोड़, मितली या चक्कर आना शामिल हो सकते हैं। सोने में परेशानी, बेचैनी या बुरे और डरावने सपने भी आ सकते हैं।

**इस कंडीशन में क्या करें:** अगर आप इन्हीं वजहों से बेचैनी महसूस करते हैं तो न्यूज चैनल से अपने संपर्क को सीमित करें। आप अपनी किसी हॉबी पर समय दें। अच्छी किताबें पढ़ें और प्रेरक आलेख पढ़ें। परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। अपने प्रियजनों से जुड़े रहें और उनका हाल-चाल लेते रहें। माइंडफुलनेस, शारीरिक गतिविधि और ब्रीदिंग एक्सरसाइज से इमोशंस को पॉजिटिव रखें। बच्चों के साथ खेलें और पार्क में टहलने की आदत डालें। शोध बताते हैं कि प्रकृति के करीब समय बिताने से तनाव और चिंता से राहत मिल सकती है। अपनी शारीरिक गतिविधि की तीव्रता बढ़ाएं। कोई भी एरोबिक गतिविधि चिंता को कम कर सकती है, लेकिन व्यायाम की तीव्रता और उसमें आपकी संलग्नता जितनी अधिक होगी, चिंता पर अच्छा प्रभाव उतना ही अधिक होगा। पोषक और सेहतमंद भोजन खाएं। पर्याप्त नींद लें। हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पिएं। अनिश्चितता को स्वीकार करें। अनिश्चितता महसूस करना पूरी तरह से सामान्य है। आपको स्वयं को समझाना होगा कि इस स्थिति पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। *

**(मनोविज्ञानी रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

**क्या कहती है रिसर्च:** एक अध्ययन में पाया गया कि परमाणु युद्ध के बारे में चिंतित किशोरों में पांच साल बाद सामान्य मानसिक विकारों का जोखिम बढ़ गया था। चिंता से ग्रस्त लोगों में संकटों के बारे में मीडिया कवरेज की तलाश करने की अधिक संभावना होती है। ऐसे में युद्ध की चिंता धीरे-धीरे आप पर हावी हो सकती है या यह किसी ट्रिगर के जवाब में अचानक प्रकट हो सकती है।



## खबर संक्षेप



### एम्सः पैथोलॉजी लैब्स को मिली 88 पैरामीटर्स के लिए एनएबीएल मान्यता

**भोपाल।** एम्स भोपाल के पैथोलॉजी एवं प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग की प्रयोगशालाओं को 88 डायग्नोस्टिक मापदंडों के लिए आईएसओ 15189:2022 मानकों के अंतर्गत राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि प्रत्यायन केवल एक प्रमाणपत्र नहीं है, बल्कि यह हर रोगी से एक वादा है कि उन्हें सटीकता, गुणवत्ता और वैश्विक मानकों पर आधारित सेवाएं मिल रही हैं। एम्स को चिकित्सा उत्कृष्टता का राष्ट्रीय केंद्र बनाया जाए। प्रयोगशाला प्रत्यायन यह सुनिश्चित करता है कि डायग्नोस्टिक सुविधाएं गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता और सुरक्षा के कड़े मानकों का पालन करें। यह नियमित ऑडिट, बाहरी मूल्यांकन और तकनीकी दक्षता परीक्षणों से सटीक एवं विश्वसनीय परिणामों की गारंटी देता है। इस मान्यता की सफलता का श्रेय के लिए डॉ. ई. जयशंकर, डॉ. तान्या, डॉ. हेमलता, डॉ. जयकुमार, और डॉ. शक्ति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 26 करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाला लोहा व्यापारी पकड़ाया

**रायपुर।** राज्य जीएसटी विभाग की टीम ने टैक्स चोरी के एक बड़े मामले का राजफाश किया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए 26 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अगस्त्या एंटरप्राइजेज और अग्रवाल एंटरप्राइजेज के संचालक 32 वर्षीय अमन अग्रवाल है, जिसे रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया है कि लोहा व्यापारी अमन अग्रवाल ने वर्ष 2023 से 2025 के बीच प्रदेश के अलग-अलग जिलों में स्थित बोगस फर्मों के माध्यम से करीब 144 करोड़ रुपए की फर्जी खरीदी की थी। इसके आधार पर उसने इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया और उसे अन्य जिलों के व्यापारियों को पास आन कर करीब 26 करोड़ का अवैध फायदा उठाया।

# मोदी ने किसान सम्मान निधि की शुरुआत करके किया सम्मान : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल के शासन के दौरान देश को आगे ले जाने का काम किया है। यह वर्ष संकल्प से जन कल्याण तक समर्पित रहे। मोदी के नेतृत्व में हमारा देश पूरी दुनिया को रास्ता दिखाने का काम करेगा। यह बात प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने खेड़ी चोपटा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल के शासन के दौरान देश को बदलने का काम किया है। हमारा देश 1947 में आजाद हुआ था और 2047 तक भारत को सबसे बड़ी ताकत बनाना है, भारत विश्व गुरु बनेगा। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी किसानों की सुध नहीं ली। देश का किसान दिन-रात खेतों में ही रहकर सर्दी गर्मी की परवाह न करके देश के लोगों का पेट भरने के लिए हल चलाता है। किसानों की आज तक कोई भी पेंशन नहीं थी लेकिन पहली बार किसानों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के तहत छह हजार रुपए पेंशन के रूप में देकर उनका मान सम्मान किया। आने वाली पीढ़ियों तक इस क्रांतिकारी निर्णय को याद रखा जाएगा। फसल बीमा के नाम पर पहले किसानों को 5 या 10 रुपये के ही चैक मिल पाते थे लेकिन 11 साल के दौरान किसानों को तीन लाख करोड रुपये मिल चुके हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, चेयरमैन सोनू डाटा, चेयरमैन शमशेर कूकन, बिजेंद्र लोहान, नीलम जांगड़ा, अजय सिंधु, जिला पार्षद संजय खरब, सुधीर पांचाल, कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, नरेश वर्मा, सोनू नरवाल, सोनू खांडा, कपिल गुराना, साधु खेड़ी, देवेंद्र ब्यास आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया

*पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने वर्ष 2014 से पहले जम्मू कश्मीर में हमारे सैनिकों को बड़ी परेशानी होती थी। सैनिकों के सिर तक काटकर दुश्मन देश ले जाता था, लेकिन मोदी ने संकल्प लिया कि जो आतंकवादी हमारे देश के सैनिकों को नुकसान पहुंचाएगा हम उनका पीछा करके उनको नष्ट करने का काम करेंगे और जहां पर उनके आका बैठे हैं उनको भी ढूंढ कर निशाना बनाने का काम करेंगे। पाकिस्तान की हालत कितनी खराब है यह सबको पता है। उनका पानी बंद कर दिया गया है। अभी और भी काम बाकी हैं।*

### देश के प्रधानमंत्री ने 11 साल में देश को बदलने का काम किया



**नारनौंद।** खेड़ी चोपटा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



**नारनौंद।** भारत माता के चित्र पर पुष्प भेंट करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

#### आयुष्मान से निशुल्क इलाज करवा रहे लोग

#### महिलाओं को चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण

*मोदी ने हर हिंदुस्तानी का दुख व तकलीफ दूर करने का काम किया है। पहले गरीब व्यक्ति जब बीमार हो जाता था तो इलाज के लिए उसको जमीन या जेवर बेचने पढ़ते थे लेकिन आज आयुष्मान योजना के तहत देश के हजारों लोग मुफ्त में इलाज करवा रहे हैं। कांग्रेस राज में सिलेंडर भी लाइन में लगकर ब्लैक में मिलते थे। आज घर जाकर गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। महिलाओं को चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। वर्ष 2014 से पहले सिर्फ साढ़े तीन करोड लोगों के बैंक में खाते थे लेकिन आज 55 करोड़ लोगों के बैंक में खाते हैं। योजनाओं के पैसे सीधे उनके खातों में पहुंचते हैं। पहले बाद फर्जीवाड़ा होता था अभी कुछ योजनाओं में ऐसा होता है लेकिन उनका इलाज होना बाकी है। कांग्रेस पार्टी की सोच थी कि लोगों को गरीब और कमजोर रखा जाए लेकिन मोदी ने मजबूत बनाने का काम किया है।*

## मप्र में बड़े पैमाने पर सोलर तथा पवन ऊर्जा का हो रहा है उत्पादन: मुख्यमंत्री डॉ.यादव

# मध्यप्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए बिजली के बिल से दिलाएगी मुक्ति, आगामी तीन वर्ष में लगाए जाएंगे 32 लाख सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महेश्वर में बना फ्लोटिंग एनर्जी पार्क अद्भुत है। नीमच और रीवा में बड़े सोलर प्रोजेक्ट संचालित हैं। प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 15 गुना बढ़ चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा में 48 प्रतिशत और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में राज्य में 9300 मेगावॉट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा की परियोजनाएं संचालित हैं। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर बैंक सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी से किसानों की जीवन-शैली भी बदलेगी। सोलर एनर्जी से कोयला भंडार भरा रहेगा। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएगी। आगामी तीन वर्ष में 32 लाख सोलर पंप कनेक्शन लगाए जाएंगे।

### जनता को पर्याप्त बिजली होगी प्राप्त, प्रदूषण से भी मिलेगी मुक्ति : मंत्री तोमर

1 *प्रधानमंत्री मोदी का सपना और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प होगा पूरा*

2 *कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुई सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट*



### अभूतपूर्व योगदान के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगीः मंत्री शुक्ला

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि समिट के आयोजन से सौर ऊर्जा में देश को अग्रणी बनाने के स्वप्न को पूरा करने में मुख्यमंत्री के अभूतपूर्व योगदान के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समिट 'सूर्य मित्र कृषि फीडर' योजना को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रदेश में इस योजना में 1900 सब-स्टेशनों पर 100 प्रतिशत क्षमता तक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाएगा। निवेशकों को अपनी परियोजनाओं के लिए 1.5 करोड़ रुपए प्रति मेगावॉट का केन्द्रीय अनुदान चुनने की स्वतंत्रता दी गई है।

### बिजली की कमी दूर करने के लिए ग्रीन एनर्जी पर जोर

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिजली की कमी दूर करने के लिए ग्रीन एनर्जी पर जोर दिया जा रहा है। वे भावी पीढ़ियों के लिए कार्य कर रहे हैं इससे पर्याप्त बिजली प्राप्त होगी और प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के साथ हमारा विभाग मिलकर कार्य कर रहा है। सोलर पंप लगने से किसानों को लाभ मिलेगा। सरकार किसानों से अतिरिक्त बिजली भी खरीदेगी। बिजली से बचत की राशि स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित करने पर खर्च की जाएगी।

### सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें सभी की उत्साहपूर्वक सहभागिता प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ऊर्जावान मार्गदर्शन में उत्पादन एवं वितरण से संबद्ध विभाग तत्परतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। अपर मुख्य सचिव ऊर्ज मंडलोई ने कहा कि प्रदेश में नवीन ऊर्जा के विकास के लिए यह समिट अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान अब बिजली बनाकर सिंचाई पंप चला रहे हैं। पीएम कुसुम-सी परियोजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार को 3.50 लाख यूनिट का लक्ष्य दिया है। यह करीब 1725 मेगावॉट क्षमता के रूप में परिलक्षित होता है।

### टेंडर डॉक्यूमेंट की दी प्रक्रियागत जानकारी

*मप्र ऊर्जा विकास निगम के एमडी अमनबीर सिंह बैंस ने 'सूर्य मित्र कृषि फीडर' योजना की जानकारी निवेशकों को दी। उन्होंने निवेशकों के लिए टेंडर डॉक्यूमेंट की प्रक्रियागत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से उपस्थिति दर्ज कराने वाले अतुल कुमार, नितिन भार्गव, दिव्यांश शर्मा, देवेंद्र सिंह चौहान, अनामिका कुमारी को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने नवीन ऊर्जा परियोजना में निवेश करने वाले अभिषेक तिवारी, हरचंद्र महेश्वरी, विनोद पोरवाल, सुरेंद्र सिंह, निर्मला बरखा को लेटर ऑफ अवॉर्ड भी सौंपे। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, मधुबनी के सांसद अशोक यादव, प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया आदि मौजूद रहे।*

### परियोजना को धरातल पर उतारने का कार्य किया

अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों को दिन में भी और अधिक सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने का महती कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली दिक्कतों का हर संभव समाधान किया जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों को बड़ी सौगात वेतन में 2100 रुपये की बढ़ोतरी

- सिरसा के मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र बनाया जाएगा
- संकल्प पत्र में जो हमने कहा है, उसे पूरा करेंगे

## कबीर जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के शहरी निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को सौगात देते हुए मासिक वेतन में 2100 रुपये बढ़ोतरी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सैनी ने यह घोषणा बुधवार को सिरसा की अनाज मंडी आयोजित संत कबीर जयंती समारोह में की। मुख्यमंत्री ने सिरसा में बन रहे संत सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। इसके अलावा डबवाली में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में 10 बेड की संख्या को बढ़ाकर 30 बेड करने और ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल के पास 30 बेड का नया नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में सफाई कर्मियों के वेतन को चरणबद्ध तरीके से 5 सालों में 26 हजार तक बढ़ाने का संकल्प लिया है, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है।



**बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार दिया जा रहा**

■

**पहले की सरकारों में बाप-दादा की जयंती समारोह होते थे**

### संत कबीर के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार संत कबीर द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। गरीब को सशक्त करने का काम किया जा रहा है और बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज के बच्चों को भी अब हरियाणा में नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों में बाप-दादा की जयंती समारोह होते थे और भाजपा की सरकार बनने के बाद संत-महापुरुषों की जयंतियां समय-समय पर मनाई जा रही हैं।

### पिछले 11 साल में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाईं

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा संत कबीर के विचारों को आधुनिक भारत की नींव बताया है। संत कबीर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों को सशक्त व मजबूत करने का काम किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने भी समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू की हैं।

### सरकार का मूल दर्शन 'अंत्योदय'

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मूल दर्शन 'अंत्योदय' है, पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान है। यही संत कबीर का मार्ग है, यही हमारी नीतियों का आधार है। आज हमारी ट्रिपल इंजन सरकार तीन गुणा रफ्तार से संत कबीर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब 'वंचित अनुसूचित जाति' के लिए आरक्षण के प्रावधान पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया तो हरियाणा सरकार ने उस निर्णय को प्रदेश में लागू करने का काम किया और डीएससी समाज को उसका हक दिया। इस मौके पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि देश का पूरा डीएससी समाज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो भी बात कही वह हर बात बहुत ही जल्द ही पूरा होगी। उन्होंने संत कबीर जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि समाज व राष्ट्र के उत्थान के लिए उनके द्वारा बताए गए सिद्धांतों व विचारों का अनुसरण करने की जरूरत है। समारोह में मंत्री रणबीर गंगवा, अरविंद शर्मा, कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, विधायक रणधीर पनिहार, कपूर सिंह वाल्मीकि सहित पार्टी के स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे।

# किसान का बदल गया भाग्य, ऑनलाइन गेमिंग एप में 39 रुपए से कमाए 4 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरूर ब्लॉक के भोथली गांव के रहने वाले किसान कीर्तन कुमार साहू ने अपने धैर्य, खेल की समझ और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निरंतर अभ्यास से ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो हर ग्रामीण युवा के लिए प्रेरणा बन गया है।

उन्होंने 39 रुपए लगाकर देश के सबसे बड़े क्रिकेट लीग आईपीएल के सेमीफाइनल मैच में 4 करोड़ रुपए की इनामी राशि जीती है। इस जीत से गांव में हर्ष का माहौल है और कीर्तन खुद को बेहद सौभाग्यशाली मानते हैं।



**सेमीफाइनल बना सपनों का टर्निंग पॉइंट**

आईपीएल के सेमीफाइनल में मुंबई वर्सेस पंजाब के मुकाबले में कीर्तन ने अपनी रणनीति से कप्तान और उपकप्तान चुनकर बेहतरीन टीम तैयार की। मैच खत्म होने के बाद उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वो करोड़पति बन जाएंगे। अगले दिन जब उन्होंने मोबाइल देखा तो उन्हें यह जानकारी मिली कि उन्होंने प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर लिया है। शुरुआत में उन्हें यकीन नहीं हुआ, लेकिन गेमिंग कंपनी की ओर से फोन आने और पैसे खाते में ट्रांसफर होने के बाद यह हकीकत साबित हुई।

### खेती से करोड़ों तक का सफर

*मूल रूप से कृषक परिवार से ताल्लुक रखने वाले कीर्तन साहू खेती-किसानी करते हैं। वे बताते हैं कि उन्होंने यूट्यूब से ऑनलाइन गेमिंग के गुर सीखे। क्रिकेट के प्रति गहरी रुचि और लगातार अभ्यास के चलते उन्होंने हर मैच में अपनी समझ का इस्तेमाल करते हुए टीम बनाई। आखिरकार सेमीफाइनल में उन्होंने परफेक्ट टीम बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया।*

### क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई कर 2 स्मैक तस्करों को दबोचा

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने 2 स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 40.70 ग्राम स्मैक, एक बुलेरे वाहन एवं एक मोबाइल जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक विदिशा में भी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार हो चुका है। दरअसल क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर सफेद रंग की बोलेरो कार में बैठे युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक पिता राम सिंह रघुवंशी उम्र 34 साल निवासी गीता टॉकीज के पास गंजबासौदा जिला विदिशा का बताया। तलाशी ली तो बोलेरो में मोबाइल और पन्नी में मटमेला सफेद रंग का पाउडर मिला।

### पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ, 6 ग्रामीण और बच्चों पर किया था जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है, फारेस्ट ऑफिसरों ने धावा क्षेत्र के आछी डोंगरी में आदमखोर तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया है। बता दें कि 2024 से अब तक कुल 6 ग्रामीण और बच्चों पर जानलेवा हमला करके घायल कर दिया था। तेंदुए के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जिले से सटे गांवों में इन दिनों तेंदुए ने आतंक मचा रखा था। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था।

## 9 जिलों में आंधी-तूफान और बिजली का अलर्ट

# लोकल सिस्टम की वजह से बारिश ने लोगों को गर्मी से दी थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मूड कुछ बदला-बदला सा है। मानसून ने भले ही अभी पूरी तरह जोर नहीं पकड़ा, लेकिन लोकल सिस्टम की वजह से कई इलाकों में बारिश ने लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दी है। मंगलवार शाम रायपुर में हुई आधे घंटे की बारिश ने जहां सड़कों को तालाब में बदल दिया, वहीं बस्तर संभाग के 9 जिलों में मौसम विभाग ने यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### जून में सूखे की मार

इस साल जून का महीना बारिश के लिहाज से छत्तीसगढ़ के लिए अच्छा नहीं रहा. प्रदेश के 33 में से 27 जिलों (लगभग 82%) में बारिश सामान्य से कम हुई है। पूरे राज्य में औसतन 51% बारिश की कमी दर्ज की गई है। सिर्फ 6 जिलों में ही सामान्य या उससे ज्यादा बारिश हुई। अगर मानसून की स्थिति ऐसी ही रही, तो खरीफ फसलों पर इसका बुरा असर पड़ सकता है.।



### पिछले साल से बेहतर स्थिति

पिछले साल की तुलना में इस बार का मौसम थोड़ा राहत देने वाला है। जून 2024 में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री तक पहुंच गया था, जबकि इस साल यह 42-43 डिग्री के आसपास ही रहा. पिछले साल जून का औसत अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम 27.7 डिग्री था। इस बार न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री तक दर्ज किया गया।

### मानसून में देरी, लोकल बारिश का असर

मौसम विभाग के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में मानसून अभी पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है। बस्तर से आगे बढ़ने में मानसून को अभी 2-3 दिन और लग सकते हैं। फिलहाल, जो बारिश हो रही है, वो लोकल सिस्टम की वजह से है। मंगलवार को रायपुर में हुई बारिश ने कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। विधानसभा क्षेत्र में तो ब्लैकआउट जैसी स्थिति बन गई। बस्तर संभाग के 5 जिलों में यलो अलर्ट और 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी है। धमतरी और गरियाबंद में तेज हवाओं के साथ अंधड़ और बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

### मौसम में बदलाव की संभावना बनी

छत्तीसगढ़ में मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और बिजली गिरने का खतरा भी बना रहेगा, जिससे सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। राजधानी रायपुर में बादल छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान लगभग 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

## चिंतन

# रक्षा क्षेत्र में अधिक निवेश व टेक तैयारी की जरूरत

भारत को चीन व पाकिस्तान से रक्षा चुनौतियां हैं। अब बांग्लादेश भी सिरदर्द बन रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद और उग्रवाद भी भारत के लिए चुनौतियां हैं। ज्यों-ज्यों भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक ताकत के तौर पर उभरेगा, सामरिक चुनौती बढ़ती जाएगी। इसमें संदेह नहीं कि आज का भारत सैन्य रूप से काफी मजबूत है और भारतीय रक्षा क्षेत्र सभी प्रकार के सैन्य उपकरणों व हथियारों से लेस है, लेकिन जिस तेजी से वार तकनीक बदल रही है और इसमें लेजर, ड्रोन व साइबर तंत्र की एंट्री हो रही है, समूचे डिफेंस सिस्टम को अपडेट करने की जरूरत महसूस हो रही है। आज विश्व में दो सैन्य संघर्ष को देखें, तो जब भी कोई युद्ध होता है तो उसमें केवल दो देश ही शामिल नहीं होते हैं, बल्कि युद्ध मित्र राष्ट्रों के बीच होने लगता है। रूस व यूक्रेन जंग ने दिखाया है कि दोनों पक्षों को बाहरी मदद मिल रही है। भारत व पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के समय भी ऐसा देखने को मिला। चीन व तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ आए व अमेरिका पाक की तरफ झुका दिखा। इसलिए भारत को मजबूत रक्षा तैयारी की जरूरत है, वह भी स्वदेशी दम पर। यूक्रेन ने रूस में जिस प्रकार से अंदर घुस कर ऑपरेशन स्पाइडर वेब को अंजाम दिया, उससे भारत को अपनी रक्षा तैयारियों को उस स्तर से भी आगे ले जाने की आवश्यकता है। सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उस वक्त तक भारत का रक्षा निर्यात पचास हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के दौरान भारतीय स्वदेशी सैन्य अस्त्र-शस्त्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आयातित महंगे उपकरणों ने अपनी सीमाएं दिखाई। यहां से भारत के लिए अपने रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के साथ इसे उच्च तकनीक आधारित विकसित करना चाहिए। आतंकवाद से निपटने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रक्षा क्षेत्र को 'आत्मनिर्भर भारत' के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक के रूप में तैयार करना होगा। वर्ष 2014 में वार्षिक रक्षा उत्पादन लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, जो आज 1.30 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये का था। भारत में निर्मित रक्षा उत्पाद लगभग 100 देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। इस स्थिति को और मजबूत करने की आवश्यकता है। रक्षा बजट को बढ़ाकर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.22 लाख करोड़ रुपये किया गया था, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 6.81 लाख करोड़ रुपये है। यह पिछले वित्त वर्ष से 9.5 फीसदी अधिक है। अगले बजट में इसमें 50 हजार करोड़ की वृद्धि हो सकती है। इसे करीब 8 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर ले जाना होगा। पिछले कुछ सालों में भारत में रक्षा खर्च में करीब 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारत दुनिया में सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भी है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। भारत को नई रक्षा तैयारियों में काउंटर ड्रोन सिस्टम, लेजर ड्रोन किलिंग सिस्टम, हार्ड किल ड्रोन सिस्टम पर ध्यान देना चाहिए और ड्रोन झुंडों को मारने के लिए मोबाइल 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम को मजबूत करना चाहिए। भारतीय नेवी अभी 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम का ट्रायल कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) गाइडेड ड्रोन ने अब कम खर्चे में प्रभावी वार टूल के रूप में अपनी क्षमता साबित की है। भारत को इस क्षेत्र में अधिक निवेश करना चाहिए।



गरीबी उन्मूलन
रवि शंकर

# असमानता की खाई को पाटना जरूरी

> विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं। ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं।

भारत में विकास दर लगातार बढ़ती जा रही है। अब हालात पहले से बेहतर हो गए हैं। भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में काफी ज्यादा कमी देखी गई। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2011-12 में 27.1 प्रतिशत की अत्यधिक गरीबी दर 2022-23 में घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन के बाद देश को अच्छी खबर मिली है। विश्व बैंक ने कहा है कि भारत में अत्यंत गरीबों की संख्या घटी है। विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 344.47 मिलियन से घटकर 75.24 मिलियन हो गई है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी, साझा समृद्धि और असमानता के रुझानों के बारे में बताती है।

विश्व बैंक समूह और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वसंत और वार्षिक बैठकों के लिए साल में दो बार जारी होने वाली ये जानकारी किसी देश की गरीबी और असमानता के बारे में तस्वीर पेश करती है। रिपोर्ट के अनुसार देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 18.4 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.8 प्रतिशत हुई। शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत हुई। वहीं, ग्रामीण और शहरी गरीबी के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत अंक से घटकर 1.7 प्रतिशत अंक रह गया। इसके अलावा, भारत ने मल्टी डायमेंशनल पावर्टी को कम करने में भी शानदार प्रगति की है। आंकड़ों के अनुसार, मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स 2005-06 में 53.8 फीसदी से घटकर 2019-21 तक 16.4 फीसदी हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 15.5 फीसदी हो गया। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की बदली हुई जिंदगी की कहानी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य, जहां 2011 में सबसे ज्यादा गरीब आबादी थी। उन्होंने इस बदलाव में बड़ा योगदान दिया। अकेले इन्हीं राज्यों ने देशभर में गरीबी घटाने में दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा निभाया है। इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए क्योंकि यह मानव कल्याण में बड़ी प्रगति की तरफ इशारा करता है। यह आर्थिक वृद्धि और लक्षित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को परिलक्षित करता है।

हमारे देश में गरीबी के कई कारण रहे हैं। देश में ग्रामीण गरीबी का मूल कारण कृषि में अर्द्ध सामंती उत्पादन संबंधों का होना है। स्वंतत्रता के बाद भूमि सुधारों के लिए जो कदम उठाए गए, वे नाकाफी हैं और भूमि पर बड़े किसानों का अधिकार होने से भूमिहीनों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग सभी खेतिहर मजदूरों के परिवार, काफी संख्या में छोटे व सीमांत किसान तथा भूमिहीन गैर-कृषि क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिक परिवार गरीब हैं। जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है, किन्तु भूमि उतनी ही रहती है।

इससे श्रम उत्पादकता और वास्तविक प्रति व्यक्ति आय कम होती जाती है। कृषि में तकनीकी परिवर्तनों और खाद्यों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि का लाभ बड़े किसानों को ही हुआ है। वहीं देश में बढ़ते पूंजीवाद के




कारण नवउदारवादी नीतियों तथा खुदरा क्षेत्र में विदेशी निवेश की नीतियां गरीबों के लिए अहितकर सिद्ध हुई है। बहरहाल,भारत ने वैश्विक गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि नीति, प्रयास और जनसहभागिता से गरीबी जैसी चुनौती को मात दी जा सकती है। हालांकि, इस रिपोर्ट से इतर भी हाल की कई रिपोर्टों में अत्यधिक गरीबी घटने की बात रेखांकित की गई थी। इसका कारण आर्थिक विकास दर का निरंतर मजबूत बने रहना और सरकारी नीतियां हैं।

रिपोर्ट में जहां मोदी सरकार इस बड़ी उपलब्धि की तारीफ की गई है, तो वहीं दूसरी ओर इकोनॉमी को लेकर कहा गया है कि भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वित्त वर्ष 2024-25 तक कोरोना महामारी पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग 5 फीसदी कम थी। पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। जाहिर तौर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है, जिसका नतीजा सामने है। इसके बावजूद जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। ये असमानताएं हैं जिन्हें अवश्य ही दूर किया जाना चाहिए। यह ठीक है कि एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है। संघीय सरकार वाले इतने बड़े, विविधतापूर्ण देश में नीति निर्माण की चुनौतियों को देखते हुए,पीएम मोदी ने कई मौकों पर कठोर परिस्थितियों और गैर-समर्थक विपक्ष के बावजूद समय पर निर्णय और नीतियों को लागू करके 1.4 बिलियन लोगों के विकास के लिए अपने समर्पण का उत्तरदायित्व निभाया है। अपने पहले कार्यकाल में उन्हें विरासत में मिली सुस्त अर्थव्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इसे सकारात्मक विकास के स्रोत में बदल दिया है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं।

ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। खैर, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## अभिव्यक्ति

डॉ. मोनिका शर्मा



# प्रतिनिधिमंडल में दिखा भारतीयता का मुखर भाव

बीते कई दशक से भारत आतंकवाद से जूझ रहा है। बावजूद इसके पड़ोसी देश पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर भ्रम फैलाने में पीछे नहीं रहता। बीते दिनों पहलगाम हमले के बाद की गई सफल सैन्य कार्रवाई से साथ ही हमारे देश द्वारा दुनिया के कई देशों में अपना पक्ष रखने का प्रयास भी अहम रहा। ध्यातव्य है कि ऑपरेशन सिंदूर पर 'ग्लोबल-आउटरीच' के लिए सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया के अलग-अलग देशों का दौरा कर ना केवल पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब किया बल्कि आतंकवाद को लेकर भारत का रुख भी स्पष्टता से रखा है। 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर अलग-अलग राजनीतिक दलों के 51 सांसदों के साथ ही राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाहों ने परायी धरती पर भारत का पक्ष रखा। सुखद है कि ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखते हुए दुनिया के अनेक देशों का दौरा कर लौटे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों में हर मतभेद से परे भारतीयता का मुखर भाव दिखा।


असल में आतंक के दंश के खिलाफ दिखी यह साझी अभिव्यक्ति मौजूदा समय के लिए ही नहीं, भविष्य में भी आतंकवादी गतिविधियों के प्रति भारत की सख्ती को वैश्विक स्तर पर रेखांकित करने वाली रही। सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के अलावा कांग्रेस समेत कई पार्टियों के नेताओं ने प्रभावी ढंग से अपने देश की रणनीति और कार्रवाई को दुनियाभर के लोगों को समझाया। रेखांकित करने योग्य पक्ष यह भी है कि देश में सरकार का मुखर विरोध करने वाले नेताओं ने भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को वैश्विक मंच पर एक सहयोगी भाव के साथ रखा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाइयों के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी की बातों में भारतीयता की सोच साफ नजर आई। ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर से जुड़े विवादित पक्ष को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीज़फायर के लिए अमेरिका का दबाव पाकिस्तान पर था, भारत पर नहीं, क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। वहीं डीएमके सांसद कनिमोझी द्वारा भारत की राष्ट्रभाषा को 'विविधता में एकता' की भाषा बताना भी रहा। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के शशि थरूर और बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा कही गई बातों की तो वैश्विक स्तर पर खूब चर्चा भी हुई। पाकिस्तान के सहयोग से पल रहे आतंकवाद को वैश्विक मंच पर उजागर करने का यह कदम सचमुच सार्थक संदेश देने वाला रहा।

देश की सुरक्षा और अस्मिता के मोर्चे पर सभी राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्त की गई साझी चिंता देशवासियों को भी भरोसा देने वाली रही। देखा जाए तो यह कूटनीतिक मुहिम वैश्विक मंचों पर पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की प्रतिबद्धता को सामने रखने वाला अहम कदम तो थी ही, भविष्य के लिए भी आतंकी गतिविधियों को लेकर भारत की सोच को स्पष्ट करने में कामयाब रही। बहुत देशों ने खुलकर भारत का समर्थन किया। कोलंबिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मारे गए आतंकियों पर शोक जताने वाला अपना बयान भी वापस लिया। मलेशिया में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे को लेकर पाकिस्तानी दूतावास ने धर्म की आड़ लेकर अपनी मनवाने की कोशिश की।

मलेशियाई सरकारी अधिकारियों से हमारे देश के प्रतिनिधिमंडल के सभी 10 कार्यक्रमों को रद करने का यह कहते हुए आग्रह किया कि हम एक इस्लामी देश हैं, आप भी एक इस्लामी देश हैं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बात न सुनें, मलेशिया में उनके सभी कार्यक्रम रद कर दें। बावजूद इसके मलेशियाई सरकार ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन की न केवल मंजूरी दी बल्कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत कर उनका पक्ष भी सुना गया। कोलंबिया की उपविदेश मंत्री वियाविसेंसियो ने भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर के साथ खड़े होकर कहा, "हमें अब इस बात की पूरी जानकारी है कि कश्मीर में वास्तव में क्या हुआ था।' एक अन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर लौटीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि 'आतंकवाद के खिलाफ़ हर देश भारत के साथ पूरी ताकत से खड़ा है।' निःसंदेह, सभी दलों के प्रतिनिधियों का साझा स्वर देश के भीतर आतंकवादी घटनाओं को लेकर जनमानस की भावना समझने से लेकर वैश्विक मोर्चे पर भारत का पक्ष रखने तक, कामयाब कूटनीतिक मुहिम रहा है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
**दर्शन**

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।


## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
**प्रेरणा**

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा- लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा- क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला- पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हमारे जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। - *राजेंद्र ठाकुर, कवर्धा*

## ट्रेंड

### साझा मूल्यों पर चर्चा




आज सुबह ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। भारत-यूरोपीय संघ संसदीय संबंधों को और मजबूत बनाने, लोकतंत्र एवं बहुलवाद के हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।
**- एस जयशंकर, विदेश मंत्री**

### हिंदी सीखने का भी महत्व



तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम हमारी मूल भाषाएं हैं और हमें उन्हें सीखना चाहिए, इस पर कोई समझौता नहीं। लेकिन इसके अलावा हिंदी सीखने का भी महत्व है। यह हमारे युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान कर सकती है।
**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश**

### पायलट को श्रद्धांजलि



जब किसानों और मजदूरों के बच्चे पढ़-लिख कर उन पदों पर पहुंचेंगे जहां से इस देश की नीतियां बनती है, तभी भारत का सही मायनों में विकास होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, किसानों के हितैषी, राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**


### मोदी सरकार की साजिश



मोदी सरकार के 11 साल दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए अपमान, हिंसा और भेदभाव से भरे रहे हैं। इन्हें संस्थागत रूप से दोयम दर्जे का नागरिक बनाने और मुख्यधारा से दूर रखने की साजिश जारी है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


# सिंगापुर ने साइबर अपराध से जुड़े 1,000 आईपी हटाए



सिंगापुर के अधिकारियों ने 1,000 से अधिक इंटरनेट प्रोटोकॉल (या आईपी) पते को हटा दिया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे साइबर अपराधों से जुड़े थे । अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) के आपराधिक जांच विभाग के तहत साइबर अपराध कमान के अधिकारियों ने देश में आईपी पते को हटाने के लिए सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीएसए) के साथ काम किया। यह वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल के नेतृत्व में 26 देशों में चार महीने के अभियान का हिस्सा था और इसे 'ऑपरेशन सिक्योर' नाम दिया गया था। साइबर अपराधियों के खिलाफ यह अभियान इस साल जनवरी से अप्रैल तक चलाया गया। 26 देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मिलकर भौतिक सर्वरों का पता लगाया, जिनके बारे में माना जाता है कि वे 'इन्फोस्टीलर्स' के रूप में जाने जाने वाले दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर (मैलवेयर) को बनाए रखते हैं। इस अभियान में भौतिक नेटवर्कों की मैपिंग और लक्षित टेकडाउन को अंजाम देना शामिल था। बयान में कहा गया है कि वैश्विक प्रयास के कारण 20,000 से अधिक दुर्भावनापूर्ण आईपी पते और डोमेन को हटाया गया।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड का केंद्र आप नहीं पा सकते हैं



पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि ''सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएँ एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे। इसी तरह, आप ब्रह्मांड में किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं और कभी भी उसका केन्द्र नहीं पा सकेंगे, क्योंकि गुब्बारे की सतह की तरह, इसका भी कोई केन्द्र नहीं है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

3 राज्य के 7 जिलों को मोदी सरकार ने दी सौगात

# 6,400 करोड़ के रेलवे प्रोजेक्ट से और बढ़ेगी लोगों की 'रफ्तार'

## झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में होंगे कार्य, टिकाऊ और कुशल रेल प्रचालन को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के 7 जिलों को शामिल करते हुए भारतीय रेल की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार के अनुसार इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट आएगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल प्रचालन को बढ़ावा मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी



### कोडरमा-बरकाकाना मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कोडरमा से बरकाकाना के बीच 133 किमी की डबल लेन को मंजूरी मिल गई है, जिसकी लागत 3,063 करोड़ है। इससे पटना और रांची के बीच की दूरी कम हो जाएगी। यह कोडरमा, चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ जिलों को अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।झारखंड में भारतीय रेलवे की कोडरमा-बरकाकाना मल्टीट्रैकिंग परियोजना पर रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि विशेषज्ञों की गणना के अनुसार इस परियोजना से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 7 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर होगी। इससे देश में सालाना 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत भी होगी। इससे 938 गांवों और 15 लाख की आबादी को लाभ होगा। यह 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल ले जा सकती है, जो सड़क मार्ग से माल भेजने के विपरीत पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अच्छा साबित होगा।

### बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को स्वीकृति

केंद्र सरकार ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भारतीय रेलवे की बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी है। इसे डबल लेन किया जाएगा, जिससे मंगलौर पोर्ट से कनेक्टिविटी अच्छी हो जाएगी। इसे लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत 185 किमी रेलवे लाइन को डबलिंग किया जाएगा, जिसमें 3,342 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

### इससे निर्बाध कनेक्टिविटी बढ़ेगी

ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है। ये लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को शामिल करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के विद्यमान नेटवर्क को लगभग 318 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। अनुमोदित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 1,408 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी, जिनकी आबादी लगभग 28.19 लाख है। कोयला, लौह अयस्क, परिष्कृत इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए ये आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 49 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) का अतिरिक्त माल यातायात होगा।

### लॉजिस्टिक्स लागत में लगभग 4 फीसदी की कमी आई

रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के दौरान, परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। आईआईएम बैंगलोर और आईआईएम कलकत्ता के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि परिवहन में निवेश से देश की लॉजिस्टिक्स लागत में लगभग 4 फीसदी की कमी आई है।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने की आत्महत्या



**नवी मुंबई।** यहां स्थित एक नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि कॉलेज की प्रधानाचार्या ने छात्र को अपमानित किया था और उसके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपी प्रधानाचार्या के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राचार्य पर छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है।

### पीएम मोदी ने संत कबीर को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संत कबीर दास की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कबीर दास को सामाजिक सद्भाव और सुधार के लिए उनके आजीवन समर्पण को याद किया। सामाजिक समरसता के प्रति आजीवन समर्पित रहे कबीरदास को मेरा कोटि-कोटि नमन। उनके दोहों में सरलता, भावों की प्रगाढ़ता है।

### जासूसी मामले में ज्योति की जमानत खारिज



**हिसार।** यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से जुड़ी बड़ी खबर है। जासूसी मामले मे लगे आरोप में ज्योति की जमानत याचिका खारिज हुई है। ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने जमानत याचिका लगाई थी। जासूसी के मामले में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को हिसार कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हिसार कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को जमानत देने से इंकार किया है।

### गुजरात के 35 यात्रियों से भरी बस पलटी



**टिपरी।** नई टिहरी-घनसाली मोटर मार्ग पर एक बस टिपरी के समीप पलट गई। बस में सवार यात्रियों की संख्या और उनकी स्थिति को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। नई टिहरी-घनसाली मोटर मार्ग पर टिपरी से करीब 1.5 किमी आगे डबा खाले नामे तोके स्थान पर एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी। सभी यात्री गुजरात के निवासी बताए जा रहे हैं।

### प्रियंका को केरल हाईकोर्ट ने जारी किया समन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने भाजपा नेता नव्या हरिदास द्वारा दायर एक चुनावी याचिका पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को समन जारी किया है। 2024 में प्रियंका ने वायनाड उपचुनाव में नव्या हरिदास को हराकर जीत दर्ज की थी। प्रियंका के खिलाफ दायर इस याचिका में 2024 में उपचुनाव के परिणामों को चुनौती दी गई है।

सीईसी ज्ञानेश ने स्टॉकहोम में अंतरराष्ट्रीय चुनावी साख सम्मेलन में कहा

# भारत की चुनाव प्रक्रिया दुनिया में उत्कृष्ट मजबूती, पारदर्शिता और विविधता से भरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन के स्टॉकहोम में हुए अंतरराष्ट्रीय चुनावी साख सम्मेलन में भारत की चुनाव प्रणाली की मजबूती, पारदर्शिता और विविधता को वैश्विक मंच पर रेखांकित किया। यह सम्मेलन इंटरनेशनल आइडिया संस्था द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।उन्होंने बताया कि भारत में चुनाव प्रक्रिया दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि है। 2024 के आम चुनाव में लगभग 98 करोड़ मतदाता थे, 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए गए और 62 लाख ईवीएम मशीनें इस्तेमाल की गईं। चुनाव आयोग ने 743 राजनीतिक दलों के 20,271 उम्मीदवारों के साथ चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न किया।इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सक्रिय और अग्रणी भूमिका को वैश्विक चुनाव प्रबंधन समुदाय ने सराहा है।

*भारत में चुनाव प्रक्रिया को बताया दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि*

**50** देशों के चुनाव प्रबंधन निकाय रहे शामिल

**100** से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया



**चुनाव दलों मीडिया की निगरानी में हो रहे**

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव राजनीतिक दलों, मीडिया, पर्यवेक्षकों और पुलिस की निगरानी में होते हैं। इस दौरान लगभग 2 करोड़ से अधिक कर्मचारी तैनात रहते हैं, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी कार्यबल वाली संस्था बन जाती है।

### प्रमुख द्विपक्षीय बैठकें

सीईसी ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोगों के प्रमुखों और अधिकारियों से मुलाकात की

- **मैक्सिको:** मारिसा अर्लीन कैब्राल पोर्चास (अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक) और नॉर्मा इरीन डे ला क्रूज (इलेक्टोरल काउंसलर), नेशनल इलेक्टोरल इंस्टीट्यूट
- **इंडोनेशिया :** मोचम्मद अफीफुद्दीन, चेयरपर्सन, जनरल इलेक्शन कमीशन
- **मंगोलिया:** पूर्वी डेल्गार्नरन, चेयरपर्सन, जनरल इलेक्शन कमीशन
- **दक्षिण अफ्रीका :** साइमन मोएप्या, चेयरपर्सन, इलेक्टोरल कमीशन
- **स्विट्ज़रलैंड :** हांसपीटर वीस, नीति सलाहकार, स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन
- **मोल्दोवा :** एंजेलिका करामान (चेयरपर्सन) और पावेल पोस्टिका (डिप्टी चेयरपर्सन), सेंट्रल इलेक्शन कमीशन
- **लिथुआनिया :** डेरियस गैजॉस्कस, प्रमुख, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, सेंट्रल इलेक्टोरल कमीशन
- **मॉरिशस :** अब्दुल्ल रहमान मोहम्मद इरफान, इलेक्टोरल कमिश्नर
- **संयुक्त राजशाही :** विजय रंगराजन, चीफ एग्जीक्यूटिव, इलेक्टोरल कमीशन ऑफ यूके
- **जर्मनी :** अन्ना-कारिना एल्बर्ट (प्रमुख) और सुश्री क्लाउडिया इसफोर्ट (सहायक प्रमुख), फेडरल रिटर्निंग ऑफिसर का कार्यालय
- **यूक्रेन :** ओलेह डिडेंको (चेयरपर्सन) और विताली प्लुकार (डिप्टी चेयरपर्सन), सेंट्रल इलेक्शन कमीशन
- **क्रोएशिया :** द्राजेंको पांडेक, स्टेट इलेक्टोरल कमीशन ऑफ द रिपब्लिक ऑफ क्रोएशिया

### हर मतदाता की भागीदारी हो रही सुनिश्चित

उन्होंने कहा कि भारत हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करता है। चाहे वह पहली बार वोट देने वाला हो, वरिष्ठ नागरिक हो, दिव्यांग हो या दुर्गम क्षेत्र में रहने वाला हो। सम्मेलन के दौरान उन्होंने 12 देशों के चुनाव आयुक्तों से द्विपक्षीय चर्चा भी की। इन बैठकों में प्रवासी मतदान, चुनावी तकनीक और संस्थागत सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

### भारत की मतदाता सूची प्रक्रिया दुनिया की सबसे पारदर्शी प्रणाली

उन्होंने भारत की मतदाता सूची प्रक्रिया को दुनिया की सबसे पारदर्शी प्रणाली बताया। 1960 से हर वर्ष राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची साझा की जाती है, जिसमें दावे, आपत्तियां और अपील की पूरी प्रक्रिया होती है।

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग को जरूरी बताया

मंगलवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रमुख भाषण दिया। उन्होंने चुनावी निष्पक्षता, पारदर्शिता और नवाचारों पर भारत की भूमिका को साझा करते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को जरूरी बताया।

बघेल बोले- ट्रंप के बयानों पर चुप क्यों?

# प्रधानमंत्री की पूरी राजनीतिक यात्रा विघटन और विभाजन की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल को विफलताओं और जनविरोधी नीतियों का स्मारक बताया है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूरी राजनीतिक यात्रा विघटन और विभाजन की रही है, जिससे देश में हर समाज के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं द्वारा दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और यहां तक कि सेना के अधिकारियों के अपमान पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर भी सार्थक सवाल उठाए।

बघेल ने मोदी सरकार पर विकास के झूठे दावों और आंकड़ों में हेरफेर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झूठे आंकड़ों और खोखले नारों से देश को लगातार गुमराह किया गया, सच्चाई छुपाई गई। उन्होंने कुंभ मेले में हुई मौतों का उदाहरण दिया, जहां सरकारी आंकड़ों के विपरीत दुनिया के एक प्रमुख सार्वजनिक प्रसारण नेटवर्क की रिपोर्ट में कहीं अधिक मौतें बताई गईं। नोटबंदी को एक खोखला दावा बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे न तो काला धन वापस आया और न ही आतंकवाद की कमर टूटी, बल्कि आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, कोरोना महामारी में इलाज नहीं मिलने से लाखों लोगों की जान चली गई थी।

बघेल ने मोदी सरकार की विफल विदेश नीति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले भारत की आवाज को पूरी दुनिया गंभीरता से सुनती थी, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के इतने देशों का दौरा करने के बावजूद कोई देश भारत के समर्थन में खड़ा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर संघर्ष विराम करवाने का दावा किया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने धमकी देकर संघर्ष विराम कराया। इससे पूरा देश अपमानित महसूस कर रहा है। उन्होंने पूछा कि चुनाव के समय जमकर बोलने वाले मोदी की ऐसे समय में चुप्पी की क्या मजबूरी है? बघेल ने मोदी सरकार के 11 साल को धोखे, छल और झूठ की राजनीति बताया, जहां अमीर और अमीर, गरीब और गरीब होता गया। उन्होंने कहा कि जितने वादे किए, वे छल-प्रपंच और झूठ पर आधारित रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन रिक्त पड़े सरकारी पदों को ही नहीं भरा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई और यहां तक कि चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं भी भाजपा सरकार के दबाव में हैं, जिससे लोकतंत्र कमजोर हुआ है।

बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना और नल-जल योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं की विफलताएं गिनाईं। उन्होंने एसटी-एससी, ओबीसी योजनाओं की स्थिति भी दयनीय बताई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार महिला आरक्षण की बात करती है, लेकिन वो लागू कब किया जाएगा?

राहुल गांधी की पाती पीएम मोदी के नाम

# छात्रों के हॉस्टल, अल्पसंख्यक छात्रों की बदहाली सहित कई सवाल उठाए, कन्हैया, भूरिया और गौतम ने फिर किया प्रहार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर बिहार के दरभंगा के छात्र हॉस्टलों की खराब व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। बिहार में भाजपा, जदयू गठबंधन सरकार चल रही। इसी साल नवंबर में चुनाव होने हैं। लिहाजा सुबाई सरकार की घेराबंदी शुरू हो गई है। राहुल ने छात्रों की स्कॉलरशिप में भारी गिरावट और हॉस्टल सुविधाओं की दुर्दशा के साथ दलित-ओबीसी-आदिवासी-अल्पसंख्यक छात्रों को शिक्षा से वंचित रहने का सवाल भी उठाया। राहुल ने कहा-दलित, ओबीसी, एसटी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के हॉस्टल में सुधार हो, स्कॉलरशिप समय पर मिले। बाद में एआईसीसी के मंच से युवा नेताओं को युवाओं की आवाज उठाने को बिठाया गया। कांग्रेस एससी विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, आदिवासी विभाग के चेयरमैन डॉ. विक्रांत भूरिया, कांग्रेस कार्य समिति सदस्य डॉ. कन्हैया कुमार ने पत्र का हवाला देते हुए कहा कि लाखों छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं और यह स्थिति संविधान प्रदत्त समानता के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने सरकार से छात्रों की स्कॉलरशिप समय पर देने और इसकी राशि बढ़ाने, एससी-एसटी सब-प्लान का पैसा बिना डायवर्ट किए छात्रों के लिए खर्च करने की मांग की। गौतम ने बताया कि राहुल ने दरभंगा के डॉ. अंबेडकर हॉस्टल का दौरा किया और वहां एससी, एसटी, ओबीसी, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के छात्रों की दयनीय स्थिति देखी। से छात्रों की स्कॉलरशिप की समस्या पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप या तो समय पर नहीं आती या कई बार एनआईसी पोर्टल काम ही नहीं करता, जिससे छात्र आवेदन नहीं कर पाते। उन्होंने उदाहरण दिया कि 2020-21 में 32 लाख छात्रों ने प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए आवेदन किया था।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली के किसानों से मुलाकात की

# केंद्र की हर कृषि योजना का लाभ अब दिल्ली के किसानों को भी मिलेगाः शिवराज

**शिवराज ने किसान चौपाल में चर्चा की**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों के साथ दिल्ली के बाहरी इलाके स्थित तिगिपुर गांव का दौरा कर किसानों से संवाद किया। इस अभियान के जरिए किसानों की समस्याएं सुनने, किसान-वैज्ञानिक संवाद स्थापित



करने और कृषि में प्रौद्योगिकी को तेज गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने सबसे पहले तिगिपुर में किसान चौपाल में किसानों से बातचीत की।

### दिल्ली के किसानों को मिलेंगे लाभ

सिंह ने कहा कि अब-तक दिल्ली के किसान केंद्र सरकार की कई योजनाओं से वंचित थे, लेकिन अब यह स्थिति बदलेगी। दिल्ली के किसान अब आत्मनिर्भर भारत में पूरी भागीदारी निभाएंगे। केंद्र की हर कृषि योजना का लाभ अब दिल्ली के किसानों को मिलेगा। कई योजनाएं हैं जिनमें पीएम-आशा, मूल्य समर्थन योजना, मूल्य घाटा भुगतान योजना, बाजार हस्तक्षेप योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पाली हाउस और ग्रीन हाउस बनाने के लिए केंद्र से सब्सिडी शामिल हैं, जिससे अब-तक दिल्ली के किसान वंचित रहे हैं। परंपरागत कृषि विकास योजना, नए बाग लगाने के लिए योजना, नर्सरी के लिए योजना सब्सिडी की योजनाएं, कृषि उपकरणों पर सब्सिडी का लाभ किसानों तक नहीं पहुंचा है।

सीजेआई गवई ने ऑक्सफोर्ड यूनियन कार्यक्रम में कहा

# कार्यपालिका फेल तो हस्तक्षेप जरूरी पर न्यायिक आतंकवाद न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीजेआई बीआर गवई ने मंगलवार को कहा कि देश में न्यायिक सक्रियता की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। चीफ जस्टिस ने स्पष्ट किया कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार सीजेआई ने कहा कि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन कभी-कभी जब सीमाएं लांघी जाती हैं और न्यायपालिका उन क्षेत्रों में प्रवेश करती है जहां उसे नहीं करना चाहिए, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। न्यायिक समीक्षा का उपयोग केवल विशेष परिस्थितियों में होना चाहिए। यह शक्ति केवल तब प्रयोग की जानी चाहिए जब कोई कानून संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता हो या किसी मौलिक अधिकार के प्रतिकूल हो या वह पूरी तरह मनमाना व भेदभावपूर्ण हो।

### कभी-कभी सीमाएं लांघी जा रहीं, यह चिंता का विषय

### 'फ्राम रिप्रेजेंटेशन टु रिवलाइजेसनः एंबोडाइंग द कांस्टिट्यूशन्स



सीजेआई ने यह विचार ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'फ्राम रिप्रेजेंटेशन टु रिवलाइजेसनः एंबोडाइंग द कांस्टिट्यूशन्स प्रोमिज' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में रखा। सीजेआई गवई ने एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तन्वी दुबे की ओर से आयोजित 'ऑक्सफोर्ड यूनियन' कार्यक्रम में ये बातें कही हैं। सीजेआई ने कहा कि एक समय था जब लाखों भारतीयों को अछूत कहा जाता था, लेकिन आज उसी समुदाय से आए व्यक्ति को देश की सर्वोच्च न्यायिक जिम्मेदारी मिली है जो भारतीय संविधान की समानता की भावना का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

**न्यायपालिका की भूमिका संतुलित**

सीजेआई के ये बयान उस व्यापक बहस के बीच आए हैं, जिसमें यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या न्यायपालिका अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा रही है। ऐसे में सीजेआई के विचार न्यायपालिका की भूमिका, उसकी सीमाएं और उसकी जिम्मेदारियों पर हैं।

### सत्ता केवल संस्थाओं के बीच ही नहीं, समुदायों में भी हो

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान उन लोगों की धड़कनों को संजोए हुए है जिन्हें कभी सुना नहीं गया। यह न केवल अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि उन्हें सशक्त करने, सुधारने और न्याय दिलाने के लिए राज्य को बाध्य करता है। सीजेआई गवई ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी टिकाऊ होता है जब सत्ता केवल संस्थाओं के बीच ही नहीं, बल्कि समुदायों के बीच भी वितरित हो।

सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद व्यक्ति को दी जमानत

# राज्य अंतरधार्मिक जोड़े के एक साथ रहने पर 'आपत्ति' नहीं कर सकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उस व्यक्ति को जमानत दे दी, जिसे दूसरे धर्म की महिला से विवाह करने के बाद उत्तराखंड पुलिस ने धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि विवाह उनके संबंधित परिवारों की सहमति से हुआ था, इसलिए अपीलकर्ता को जमानत देने पर राज्य की आपत्ति अस्वीकार्य थी। खंडपीठ ने कहा कि राज्य अंतर-धार्मिक जोड़े के एक साथ रहने पर आपत्ति नहीं कर सकता, क्योंकि उनके विवाह को दोनों



परिवारों की सहमति प्राप्त थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और एससी शर्मा की पीठ अमन सिद्दीकी की सुनवाई कर रही थी। अंतरधार्मिक विवाह के तुरंत बाद उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 2018 के तहत कुछ व्यक्तियों, संगठनों द्वारा आरोप लगाया गया था।

## नए तापमान मानदंडों का अनुपालन कुछ महीनों के भीतर

# एसी उद्योग तापमान मानकों के अनुपालन के लिए ग्राहकों से नहीं लेगा कोई शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनियां सरकार के नये तापमान मानदंडों का अनुपालन कुछ महीनों के भीतर करेंगी और इसके लिए उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राशि नहीं चुकानी होगी। एयर कंडीशनर बनाने वाली वोल्टास, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्लू स्टार और हायर जैसी प्रमुख कंपनियों ने इस कदम का स्वागत किया है।

यह कदम न केवल ऊर्जा की बचत करके उद्योग को स्थायी रूप से बढ़ने में मदद करेगा, बल्कि बिजली की खपत को अनुकूलतम बनाएगा। यह गर्मियों में बिजली खपत को कम करेगा और एसी का जीवनकाल भी बढ़ाएगा।

### 28 से ऊपर तापमान ले जाया जा सकेगा

बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा था कि सरकार वाहन और घरों में लगे एसी के तापमान को मानकीकृत करने को लेकर उपकरण विनिर्माताओं तथा राज्यों के साथ बातचीत कर रही है। इसके तहत इसे 20 डिग्री से कम नहीं किया जा सकेगा और न ही 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ले जाया जा सकेगा।



### कूलिंग की दिशा में स्वागत योग्य कदम

उद्योग को इसके क्रियान्वयन के लिए रिमोट कंट्रोल और इसके डिजाइन और सेटिंग्स में कुछ मामूली संशोधन करने होंगे और इसके क्रियान्वयन के लिए छह महीने तक का समय चाहिए। वोल्टास के मनोनीत प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि कमरे में उपयोग होने वाले एयर कंडीशनर (आरएसी) के तापमान दायरे को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने का निर्णय, स्मार्ट और पर्यावरण अनुकूल 'कूलिंग' की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।

### जरूरत से अधिक ठंडा करने का मुद्दा लंबे समय से

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कमरों को जरूरत से अधिक ठंडा करने का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में था। उन्होंने कहा, ''उद्योग इसे लागू करने में बहुत सहज है। सवाल यह है कि रिमोट फर्मवेयर (हार्डवेयर उपकरणों में लगा सॉफ्टवेयर) को बदलना होगा और पुराने माल को निर्धारित तिथि पर प्रबंधित करना होगा। यह एक सरल काम है। इसलिए, कोई समस्या नहीं है।'

- सरकार से इस कदम का प्रमुख कंपनियों ने किया स्वागत
- बिजली की खपत कम होगी और एसी की लाइफ बढ़ेगी
- रिमोट कंट्रोल के डिजाइन और सेटिंग्स में संशोधन करने होंगे

### उपकरण फिर से डिजाइन करने होंगे

मंत्री ने कहा, ''यह कदम भारत के व्यापक ऊर्जा दक्षता लक्ष्यों और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'' हालांकि, क्रियान्वयन के लिए विनिर्माताओं को संशोधित तापमान मानकों का अनुपालन करने के लिए उपकरणों को फिर से डिजाइन करना होगा या सॉफ्टवेयर लगाना होगा।

### जेब पर बोझ कम पड़ेगा

सतीश ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए, कम बिजली की खपत का मतलब बिजली की बचत है, जो उनकी जेब पर पड़ने वाले बोझ को कम करेगा। वोल्टास के प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रदीप बख्शी ने कहा, ''यह लोगों, सरकार और सभी के लिए फायदे वाली स्थिति है। यह सरकार का एक अच्छा कदम है।'' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसे अगले दो से तीन महीनों में हासिल किया जा सकता है।

### सबसे तेजी से बढ़ रहा एसी बाजार

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक 'प्रगतिशील कदम' है और भारत को जिम्मेदार ऊर्जा उपयोग के लिए प्रतिबद्ध देशों के चुनिंदा समूह में रखता है। भारत में कमरे में लगने वाले एयर कंडीशनर बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। एक अनुमान के अनुसार, इसका बाजार लगभग 1.5 करोड़ इकाइयों का है।

## सेबी 1 अक्टूबर से लागू करेगा नया यूपीआई पेमेंट सिस्टम, पैसा होगा सुरक्षित

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए एक नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं। **गैर-पंजीकृत संस्थाओं ने निवेशकों को किया गुमराह :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी। हाल के वर्षों में कई गैर-पंजीकृत संस्थाओं ने धोखाधड़ी के जरिये निवेशकों को गुमराह किया है। सेबी चेक नाम की नई क्षमता विकसित कर रहा पांडेय ने कहा, ''यह अभिनव तंत्र सत्यापित और सुरक्षित भुगतान माध्यम देकर प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में महत्वपूर्ण रूप से सुधार करने के लिए तैयार है।''

### मार्केट न्यूज

## 'ओह माय गॉड' फेम उमेश शुक्ला की नई पेशकश – 'हीर एक्सप्रेस' का टीज़र लाँच, दिविता जुनेजा का दमदार डेब्यू

मुंबई, 10 जून। ट्यूलिप एंटरटेनमेंट और दिविसा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी पारिवारिक फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का टीज़र आज भव्य रूप से 'जी म्यूजिक कंपनी' पर लांच किया गया। लांच के कुछ ही घंटों में टीज़र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और फिल्म इंडस्ट्री में उत्सुकता का माहौल बना चुका है। फिल्म का निर्माण मैरी गो राउंड स्टूडियोज और क्रिएटिव स्ट्रोक्स ग्रुप के सहयोग से हुआ है। निर्देशन की कमान संभाली है राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और 'ओह माय गॉड' एवं '102 नॉट आउट' जैसी सराही गई फिल्मों के निर्देशक उमेश शुक्ला ने। वहीं फिल्म के निर्माता हैं उमेश शुक्ला, आशीष वाघ, मोहित छाबड़ा और संजय ग्रोवर। 'हीर एक्सप्रेस' एक साफ - सुथरी पारिवारिक फिल्म है, जो इमोशंस, रोमांच, हास्य और संगीत का सुंदर समागम प्रस्तुत करती है। यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों के लिए एक ऐसा अनुभव लेकर आती है, जो दिल को छू जाएगा और लंबे समय तक याद रहेगा। फिल्म से थिएटर बैकग्राउंड की कलाकार दिविता जुनेजा अपना सशक्त डेब्यू कर रही हैं। कथक और शास्त्रीय संगीत में दक्ष दिविता, पहले कई म्यूज़िक वीडियो में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं और अब सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाने को तैयार हैं। दिविता के साथ नज़र आएंगे प्रीत कमानी, जिनका आकर्षण, सहज अभिनय और चुलबुला अंदाज़ यूथ आडियंस में खासा लोकप्रिय है। फिल्म की स्टारकास्ट में शामिल हैं बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा और मेघना मलिक, जिनके अभिनय की गहराई और अनुभव फिल्म को एक सशक्त आधार प्रदान करते हैं। इसके अलावा लंदन के भी कई जाने-माने कलाकार इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन की खूबसूरत और प्रतिष्ठित लोकेशनों पर की गई है। टीम ने जुनून और समर्पण के साथ लंबे-लंबे शेड्यूल पूरे किए। इमोशनल सीन्स से लेकर हल्के-फुल्के मोमेंट्स तक, हर फ्रेम में एक सिनेमैटिक सौंदर्य और भावनात्मक गहराई है, जो दर्शकों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देगा। फिल्म का संगीत इसकी आत्मा है। इसमें कुल 6 गाने हैं, जिनका संगीत दिया है तनिष्क बागची, एवी सरा, जेरी सिंह और सक्कर सिंह ने। इन गीतों को आवाज़ दी है लोकप्रिय गायकों जावेद अली, निकिता गांधी, नक्काश अज़ीज़ और जसबीर जस्सी ने। संगीतकारों और गायकों की इस शानदार टीम ने फिल्म के हर गाने को इमोशन्स और मेलोडी से भरपूर बनाया है। गाने रोमांस, विरह, उमंग और रिश्तों की संवेदनाओं को बड़े ही खूबसूरती से दर्शाते हैं। टीज़र लॉन्च के साथ ही फिल्म को भारत के टॉप फिल्म विश्लेषकों और एंटरटेनमेंट प्लेटफार्म्स ने भी कवर किया। जिनमें तरन आदर्श, कोमल नाहटा, वायरल भयानी, मानव मंगलानी, वरिंदर चावला, योगेन शाह, वूम्पला, ज़ूम टीवी, फिल्मफेयर, और फिल्मीज्ञान प्रमुख हैं। सोशल मीडिया पर भी 'हीर एक्सप्रेस' हैशटैग ट्रेंड कर रहा है और दर्शकों की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। एक लंबे समय के बाद दर्शकों को एक ऐसी फिल्म मिलने जा रही है, जो पूरे परिवार के साथ बैठकर देखी जा सकती है वो भी बिना किसी झिझक के। यह फिल्म 8 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।




## एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। इसमें कहा गया, चयन प्रक्रिया फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल, 2025 में मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई। इनमें से करीब 13,500 लिपिक, 3,000 परिवीक्षाधीन अधिकारी और स्थानीय स्तर के अधिकारी हैं।

## रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 85.51 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 85.51 पर बंद हुआ। मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह तथा विश्व की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर कमजोर होने के साथ रुपये में तेजी आई। मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक बाजार से दूर रहे और लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.53 पर खुला।

# विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स 123 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक चढ़ गया। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से वैश्विक बाजारों में बढ़त के बीच घरेलू बाजार में मजबूती रही।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 123.42 अंक की बढ़त के साथ 82,515.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 391.79 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी में छठे दिन भी तेजी रही और यह 37.15 अंक की बढ़त के साथ 25,141.40 अंक पर बंद हुआ।रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि स्थिर शुरुआत के बाद निफ्टी कारोबार के पहले चरण में धीरे-धीरे ऊपर चढ़ा और 25,200 अंक के स्तर तक गया, लेकिन उस स्तर पर टिके रहने में विफल रहा।

- अमेरिका व चीन के बीच व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद बढ़ी



### पावर ग्रिड रहा नुकसान में

*दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।*

### इंफोसिस में रही तेजी

*सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और इटर्नल प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

## गोल्ड ईटीएफ में मई के दौरान 292 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रवाह

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों के जुझारू रुख और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मई के दौरान गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 292 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह देखा गया। नवीनतम आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। गोल्ड ईटीएफ ऐसा निवेश साधन हैं जो भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन इन्हें कागज या डीमैट (इलेक्ट्रॉनिक) रूप में रखा जाता है। म्यूचुअल फंड उद्योग के निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से जारी मई माह के आंकड़ों से पता चलता है कि दो महीने तक निकासी का सिलसिला कायम रहने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध प्रवाह देखा गया। इस वजह से गोल्ड ईटीएफ श्रेणी में प्रबंधन-अधीन संपत्तियां बढ़कर 62,453 करोड़ रुपये हो गईं, जो अप्रैल में 61,422 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में पिछले महीने 292 करोड़ रुपये का शुद्ध प्रवाह देखा गया।



## इरेडा ने संस्थागत नियोजन से 2,005 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाये हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि यह निर्गम पांच जून को खुलकर 10 जून को बंद हुआ था। इसे पात्र घरेलू और विदेशी संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) दोनों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इसमें बीमा कंपनियां, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शामिल हैं। कंपनी के निदेशक मंडल ने बुधवार को आयोजित अपनी बैठक में पात्र संस्थागत खरीदारों को इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। पात्र संस्थागत नियोजन के तहत जारी 1,500 करोड़ रुपये के निर्गम को 1.34 गुना अभिदान मिला। कुल 2,005.90 करोड़ रुपये की बोलियों मिलीं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत आने वाला इरेडा ने कहा कि पूंजी 165.14 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 12.15 करोड़ इक्विटी शेयर जारी कर जुटाई गई।

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(ORDER V, RULE 20 of the Code of Civil Procedure)
**IN THE COURT OF SURINDER S. RATHI, LD. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-11, CENTRAL DISTRICT, ROOM NO. 310, TIS HAZARI COURT, DELHI**
**CASE NO. CS(COMM)/263/2025**
M/S KUNDAN LAL AND SONS VS SANJIB BHUNIA
TO
MR. SANJIB BHUNIA PROPRIETOR M/S BHUNIA IMPEX
FOURTH FLOOR, 2801/20, BEADON PURA,
KAROL BAGH, NEW DELHI-110005
WHEREAS the Plaintiff has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reasons to be rcorded in writing and on payment of such costs as the Court deems fit, but which shall not be later than 120 days from the date of service of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statement and the Court shall not allow the written statement to be taken on record.
You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on 02.07.2025 in the forenoon, to answer the claim, and further you are hereby directed to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.
Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit wil be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of the Court, on this 02.06.2025
DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-11,
TIS HAZARI COURT, DELHI

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
**VEHICLES FOR SALE**
1 ) MAH FURIO14FBT
REG. NO. UP14HT8814-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 2,72,518.16
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 26-06-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL–punit.parshar@kotak.com

## भविष्य में एआई दूरसंचार नेटवर्क की होगी आधारभूत प्रौद्योगिकी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) भविष्य के दूरसंचार नेटवर्क के लिए एक आधारभूत प्रौद्योगिकी के रूप में काम करेगा और एआई-जनित प्रणालियां अनुभूतिपरक अनुभव, स्वायत्त संचालन और एकीकृत संवेदन जैसी नई सेवाओं को सक्षम करेंगी। दूरसंचार विभाग में सदस्य (प्रौद्योगिकी) संजीव के बिदवई ने बुधवार को कहा कि सी-डॉट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और अन्य प्रमुख शोध एवं विकास केंद्र स्वदेशी एआई-संचालित दूरसंचार प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। बिदवई ने कहा, ''आईटीयू-आर के दृष्टिपत्र एम.2160 के मुताबिक, भविष्य के नेटवर्क के लिए एआई एक महत्वपूर्ण अंशदाता होगा। इसमें बुद्धिमान रेडियो इंटरफेस प्रबंधन से लेकर व्यक्तिगत सेवा वितरण तक शामिल होंगे।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को 'निवेश सलाहकार' के तौर पर सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को भारत में निवेश सलाहकार के रूप में बिजनेस शुरू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और बीएसई लिमिटेड की मंजूरी मिल गई है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) और अमेरिका की ब्लैकरॉक इंक का संयुक्त उद्यम है जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड। वैश्विक वित्तीय सेवा क्षेत्र में 25 से अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले मार्क पिलग्रेम को कंपनी का एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया है। इससे पहले 27 मई को जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को देश में म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए सेबी की मंजूरी मिली थी। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हितेश सेठिया ने कहाः "हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को विनियामक से अनुमोदन प्राप्त हुआ है, जो ब्लैकरॉक के साथ हमारी साझेदारी में एक मील का पत्थर है।

- मार्क पिलग्रेम को एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



## माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नई दिल्ली स्थित अपने परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया। (एनजीटी के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव ने अधिकरण के अन्य सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में इस पहल की अगुवाई की) इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस पर "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" थीम के तहत इस समय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक - प्लास्टिक कचरे से निपटने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया गया है। एनजीटी का पौधारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण और सतत प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## डॉ सन्तराम देशवाल को पद्मश्री पुरस्कार 2025 से नवाजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित भव्य 'अलंकरण समारोह' में भारत की माननीय राष्ट्रपति महोदया, श्रीमति द्रोपदी मुर्मू ने 'साहित्य एवं शिक्षा' के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. सन्तराम देशवाल को पद्मश्री परस्कार-2025 से नवाजा। इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी, गृहमत्री श्री अमित शाह, आदि केन्द्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में समारोह की शोभा बढाई और इन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी। इस अलंकरण समारोह में भारत सरकार के अनेक उच्च अधिकारियों के साथ-साथ पद्म पुरस्कातर विजेता और उनके परिजन भी उपस्थित थे।




## भारत ने स्विस दवा कंपनियों के उत्पादों की नकल को नकारा

**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय दवा कंपनियों द्वारा स्विस कंपनियों के उत्पादों की नकल करने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करता है और कभी भी दूसरों की प्रौद्योगिकी की नकल नहीं करता है। यह एक मिथक है जिसे वर्षों से प्रचारित किया जा रहा है।' स्विट्जरलैंड के आधिकारिक दौरे पर आए गोयल ने कहा कि स्विस दवा कंपनियों ने एक भी ऐसा उदाहरण नहीं दिखाया है कि भारतीय कंपनियों ने उनके किसी ट्रेडमार्क या पेटेंट या कॉपीराइट प्रौद्योगिकी की अवैध रूप से नकल की हो।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करन उर्फ राहुल पुत्र श्री सटेल उर्फ सैटेल पता झुग्गी नं.7, ब्लॉक 38, शक्ति नगर, दिल्ली ने एफआईआर सं. 9650/2021 धारा 411 भा.द.स. के तहत** थानाः रूप नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करन उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करन उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 9650/2021 धारा 411 भा.द.स. के तहत** थानाः रूप नगर, दिल्ली **के उक्त करन उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
राज कुमार सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
केन्द्रीय जिला, कमरा नं.241,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/7157/N/2025

## शब्द पहेली - 5895




**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5894 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | मि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | ख | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |



# इंग्लैंड दौरे पर भारतीय क्रिकेट टीम की ये हैं कुछ यादगार जीत

## 2021 में कोहली की कप्तानी में भारत ने जीता था ओवल टेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 20 जून से इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद उन्हें ये जिम्मेदारी मिली है। भारत ने पिछले कुछ सालों में इंग्लैंड दौरों पर कुछ यादगार जीत हासिल की हैं। इस बीच इंग्लैंड की धरती पर भारत की कुछ ऐसी जीत हैं जो यादगार बन गई हैं।

### 2014 (लॉर्ड्स)

2014 में, भारत ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की थी। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व वाली में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 95 रनों से हराया था और 28 साल बाद लॉर्ड्स में कोई टेस्ट मुकाबला अपने नाम किया था। उस मैच में इशांत शर्मा ने अपने टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इशांत ने अंतिम पारी में (7/74) घातक गेंदबाजी करते हुए जीत दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी।



### 2021 (ओवल)

2021 में, भारत ने 50 साल बाद ओवल में अपनी दूसरी टेस्ट जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही विराट कोहली इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले भारतीय कप्तान बन गए (3) थे। उस मुकाबले में भारत ने अपनी पहली पारी में 191 रन और दूसरी पारी में 466 रन बनाए थे। इंग्लिश टीम ने 290 और 210 रन के स्कोर किए थे। भारत से रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में शतक (127) लगाया था।

### 2007 (ट्रेंट ब्रिज)

राहुल द्रविड़ की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में ट्रेंट ब्रिज में ही इसी तरह की जीत दर्ज की थी। पहले खेलते हुए मेजबान इंग्लैंड पहली पारी में 198 रन पर ढेर हो गया था। जवाब में भारत ने सचिन तेंदुलकर (91) के अर्धशतक की बदौलत 481 रन बनाए थे। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने जुझारू प्रदर्शन किया और 355 रन बनाए। भारत ने 73 रन के लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था।




### 2000 : गांगुली की कप्तानी में विदेशों में जीतना शुरू

भारत ने 2000 के दशक में सौरव गांगुली की कप्तानी में विदेशों में जीतना शुरू किया था। लीड्स में 2002 में हुए मैच में भारत ने द्रविड़ (148), तेंदुलकर (193) और गांगुली (128) के शतकों की बदौलत, 628/8 के स्कोर पर पारी घोषित की थी। उन्होंने इंग्लैंड को फॉलो-ऑन खेलने पर मजबूर किया और पारी व 46 रन के बड़े अंतर से मैच जीता था। उस मैच में इंग्लैंड की टीम ने 273 और 309 रन बनाए थे।

---

## खबर संक्षेप



### विश्व कप में इलावेनिल को मिला कांस्य पदक

**म्यूनिख।** भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

### पूरन बने एमआई न्यूयॉर्क एमएलसी टीम के कप्तान

**न्यूयॉर्क।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग



क्रिकेट के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन।' पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र गुरुवार से शुरू होगा।

### फाल्कंस और रॉयल्स में खिताबी मुकाबला आज

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा



रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे। दूसरे सेमीफाइनल में मराठा रॉयल्स ने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स को आठ विकेट से हराया।

### भारतीय टीम ने बेल्जियम को 2-1 से दी शिकस्त

**एंटवर्प।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी



जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिए गोल किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिए पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिए आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया।

---

### क्वालीफायर मैच में ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराया

# ब्राजील और गत चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶ साओ पाउलो

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दोगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।

ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमें को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा।



#### जापान ने 8वीं बार बनाई जगह

जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया आस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन क्वालीफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालीफाई करेंगी और यह दौर अक्टूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

#### फर्नांडिस को लाल कार्ड

लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिए 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।

#### आस्ट्रेलिया ने सउदी अरब को हराया

**मेलबर्न।** कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया। सउदी अरब के लिए 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिए सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी।

---

### क्रिकेट

# फिर टकराएंगी आईपीएल और पीएसएल की तारीखें





एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान सुपर लीग का अगले साल हाई प्रोफाइल इंडियन प्रीमियर लीग से टकराव होना तय है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस टी20 लीग को आईपीएल के दौरान ही आयोजित करने पर विचार कर रहा है।

इसका कारण यह बताया जा रहा है कि अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले आईसीसी विश्व टी20 कप और कुछ एफटीपी प्रतिबद्धताओं के कारण पीएसएल को फरवरी-मार्च की अपनी सामान्य विंडो में आयोजित करना फिर से संभव नहीं होगा। एक सूत्र ने कहा, 'पाकिस्तान बोर्ड के पास दिसंबर और जनवरी के पहले पखवाड़े में विंडो उपलब्ध है लेकिन उसने इस अवधि में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश में खेलने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पहले ही एनओसी दे दी है और कुछ घरेलू गतिविधियों की योजना भी बनाई है। इसलिए अब फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ चर्चा इस साल की तरह अप्रैल-मई में पीएसएल के आयोजन की तैयारी करने की है।'

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार, अर्जेंटीना से 3-4 से हारी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है। भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की।भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए।नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा।

---

### महिला वनडे विश्व कप

## आयोजन समिति के गठन में देरी बीसीसीआई की हो रही किरकिरी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है।

## मनु भाकर, चैन सिंह फाइनल में पहुंचे, लेकिन पदक से चूके म्यूनिख

**म्यूनिख,(भाषा)।** पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया। ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था।चैन सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे। मंगलवार को प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था।

### शतरंज : अभिजीत ने गरीबयान को हराकर हासिल की बढ़त



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने उलटफेर करते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर ममीकोन गरीबयान को पराजित करके दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त हासिल कर ली। इस जीत से अभिजीत के 6.5 अंक हो गए हैं। पिछले दौर तक शीर्ष पर चल रहे ग्रैंडमास्टर एस एल नारायणन और ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको के बीच शीर्ष बोर्ड पर मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ, जिससे दोनों के छह अंक हो गए। इन तीनों के अलावा कई अन्य खिलाड़ियों ने भी सातवें दौर में अनुकूल परिणाम हासिल करके खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा।

## टी20: इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज पर 3-0 से किया क्लीन स्वीप




**साउथम्पटन।** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

### भांबरी-गैलोवे की जोड़ी बॉस ओपन से बाहर



**स्टटगार्ट।** भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे को बॉस ओपन टेनिस प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। युकी और गैलोवे की जोड़ी को मैक्सिको के सैंटियागो गोंजालेस और अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक के हाथों 6-7, 6-7 से पराजय मिली। भारत के रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी भी अपने अपने जोड़ीदारों के साथ यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं। बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला का सामना फ्रांस के दूसरी वरीयता प्राप्त सादियो दुम्बिया और फेबियन रेबाउल से होगा। वहीं बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर जाइल की टक्कर जर्मनी के जैकब श्नाइटेर और मार्क वालनेर से होगी।

---

### दिग्गज फुटबॉलर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज

# भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। कुछ अन्य हितधारकों ने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है। भूटिया ने कहा, 'यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए




हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं। उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।'मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी।

पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। मंगलवार हुए अहम मैच से पहले भारत ने कोलकाता में करीब तीन सप्ताह तक अभ्यास किया था लेकिन उसे विश्व रैंकिंग में अपने से 26 पायदान नीचे की टीम (भारतः 127, हांगकांगः 153) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फीफा रैंकिंग में देश के 133वें स्थान पर खिसकने की संभावना है।

#### सरकार-भट्टाचार्य ने भी लताड़ा

भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौतम सरकार ने भूटिया का समर्थन करते हुए टीम के खराब प्रदर्शन और महासंघ की विफलताओं पर निराशा व्यक्त की। सरकार ने कहा, 'हमने एक इंच भी प्रगति नहीं की है। अगर आपके पास सुनील छेत्री का विकल्प नहीं है तो क्या इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण कुछ हो सकता है? बेशक, महासंघ पूरी तरह से जिम्मेदार है। वे पूरी तरह से विफल रहे हैं।' दिग्गज डिफेंडर और कोच सुब्रत भट्टाचार्य ने कहा, 'इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि विदेशी कोच आपको सफलता दिलाएंगे। पीके बनर्जी और अमल दत्ता जैसे घरेलू कोचों ने गौरव दिलाया।'




## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद में फिनलैंड का वाणिज्य दूतावास खुला

**अहमदाबाद।** फिनलैंड ने गुजरात के अहमदाबाद में नए मानद वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इससे



फिनलैंड और गुजरात के बीच व्यापार, निवेश और जानकारियों का आदान-प्रदान बढ़ने की उम्मीद है। गुजरात कारोबार जगत की नामी गिरामी शख्सियत कुलिन लालभाई को फिनलैंड का मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया गया है। वे आपसी आर्थिक रिश्तों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने कहा कि गुजरात एक बेहद महत्वपूर्ण और रणनीतिक इलाका है। उन्होंने गांधीनगर में सीएम भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात भी की।

### फ्रांस में बच्चों के लिए बैन होगा सोशल मीडिया

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संकेत दिए हैं कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए



सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। मैक्रों ने कहा कि हमें 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना होगा। मैं यूरोप से इस दिशा में प्रयास की उम्मीद कर रहा हूं। अगर नहीं हुआ, तो फ्रांस अकेले ही कदम उठाएगा। हम अब और इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की अनियंत्रित पहुंच एक बड़ी वजह बन रही है। प्लेटफॉर्म्स के पास उम्र की पुष्टि करने की तकनीक है, उन्हें इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

### पूर्व राष्ट्रपति को 6 साल की सजा बरकरार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के उच्चतम न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की भ्रष्टाचार के



जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। इसके साथ ही उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद पर काबिज होने से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। यह फैसला 'पेरोनिज्म' विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, जो पिछले दो दशकों में अर्जेंटीना की राजनीति की सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक रही हैं। इस निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। फर्नांडीज ने 2007 में अपने पति नेस्टर किर्चनर के बाद देश की बागडोर संभाली और आठ वर्षों तक राष्ट्रपति रहीं।

### राजधानी में आयोजित एक कार्यशाला में एयर मार्शल दीक्षित ने किया इस मामले की ओर इशारा

# अंतरिक्ष में बढ़ती चीन की सैटेलाइट ताकत भारत की सेनाओं के लिए खतरे की घंटी?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए स्वदेशी हथियारों की मदद से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी ठिकानों को अपने अचूक वार से नष्ट करने में सफलता हासिल की है। लेकिन अब देश के समक्ष उसके एक अन्य पड़ोसी चीन की अंतरिक्ष में बेहद तेजी से बढ़ती सैटेलाइट क्षमता चिंता का सबब बन रही है। मामले का संबंध भारतीय वायुसेना से है। वहीं, चीन की बात करें तो पृथ्वी के निचले भाग (लो अर्थ ऑर्बिट) में उसकी सैटेलाइट डाग फाइट ने पूरी दुनिया को हैरान करके रख दिया था। ये एक ऐसा प्रयास था। जिसमें ड्रैगन ने अपनी सैटेलाइट के जरिए दुश्मन की सैटेलाइट का पता लगाकर उसे जाम कर दिया था। अब वह अपनी सैटेलाइट को हथियार सिस्टम से भी जोड़ रहा है। यह जानकारी बुधवार को चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ



(सीआईडीएस) एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने राजधानी के सुब्रतो पार्क में थिंक-टैंक सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (सीएपीएस) और इंडियन मिलिट्री रिव्यूज (आईएमआर) द्वारा आयोजित की गई एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए दी। यहां बता दें कि मौजूदा दौर में बने हुए चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच एयर मार्शल दीक्षित का ये बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

#### निगरानी डेटा को एआई से जोड़ा जाए

*उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में यह प्रदर्शित हुआ कि भारत के स्वदेशी हथियार वैश्विक मानकों से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। वायुसेना के एकीकृत हवाई कमांड और कंट्रोल सिस्टम, सेना के आकाशतीर की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध के समय जो सबसे पहले दूर और सटीक देखेगा। वो ही बढ़त के साथ कामयाब होगा। एयर मार्शल दीक्षित ने गहराई में निगरानी की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि कैसे भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा उक्त सैन्य कार्रवाई में प्रयोग की गई स्कैल्प, हैमर, ब्रह्मोस मिसाइल के साथ ही ड्रोन से एक साथ बड़े पैमाने पर किया गया आक्रमण भौगोलिक परिस्थितियों की बाधा को अप्रासंगिक बना रहा है? एयर मार्शल दीक्षित ने कहा कि भारत को तीनों युद्धक्षेत्रों और अंतरिक्ष से मिलने वाले निगरानी डेटा को कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से नेटवर्क केंद्रित बनाना चाहिए।*

#### चीन के पास एक हजार सैटेलाइट

*एयर मार्शल दीक्षित ने अपने संबोधन में चीन के सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम के विस्तार के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2010 में चीन के पास केवल 36 सैटेलाइट थीं। जो बीता साल 2024 आते-आते एक हजार के करीब हो गई हैं। इनमें से 360 सैटेलाइट ड्रैगन ने इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकोनिसेंस (आईएसआर) के लिए ली हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम अपना निगरानी क्षमताओं को बढ़ाना चाहते हैं तो हमें हमारे परिदृश्य में तेजी से बढ़ते खतरों के बारे में भी समझना होगा। इसमें खासतौर पर उत्तर में किया गया हमारे पड़ोसियों का विस्तार शामिल है। उन्होंने चीन की हालिया गठित की गई पृथक वायु सैन्य कमांड का भी उल्लेख किया।*

### एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण स्थगित

# फाल्कन-9 में आई तकनीकी खराबी, तारीख का ऐलान नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला सहित तीन अन्य लोगों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) लेकर जाने वाले अंतरिक्ष यान एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। स्पेसएक्स ने यह ऐलान किया। स्पेसएक्स ने बताया कि पोस्ट स्टैटिक फायर बूस्टर के निरीक्षण के दौरान फाल्कन-9 रॉकेट में ऑक्सीजन लीक की समस्या पाई गई। जिसकी मरम्मत के लिए इंजीनियरों ने और समय मांगा है। ऐसे में प्रक्षेपण को फिलहाल टाल दिया गया है।

#### चौथी बार टला प्रक्षेपण

बता दें, यह चौथी बार है जबकि यह बहुप्रतीक्षित मिशन टल गया है। सबसे पहले इसकी लॉन्चिंग की तारीख 29 मई तय की गई थी, फिर इसे बढ़ाकर 8 जून कर दिया गया। प्रक्षेपण की तारीख में बदलाव करके 10 जून को 5.30 बजे कर दिया गया। फिर 10 जून से पहले ही नौ जून को भी मिशन को 11 जून तक टाल दिया गया था। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले यान एग्जियोम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 के बदले 11 जून 2025 तक स्थगित कर दिया गया है।

#### अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे शुक्ला

स्पेसएक्स ने ट्वीट कर बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होने वाले फाल्कन 9 के एक्स-4 प्रक्षेपण को स्थगित किया जा रहा है। जिससे कि इंजीनियरों को पोस्ट स्टैटिक फायर बूस्टर के निरीक्षण के दौरान पहचाने गए एलओएक्स रिसाव की मरम्मत के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। स्पेसएक्स ने कहा कि अब मरम्मत होने के बाद हम जल्द ही एक नई लॉन्च तिथि जारी करेंगे। इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत भारत जल्द ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला है। भारत के शुभांशु शुक्ला अब अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनने वाले हैं। इतना ही नहीं, वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचने वाले पहले भारतीय होंगे।

### स्विट्जरलैंड में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले

# इस साल सितंबर से एफटीए होगा लागू, दोनों देशों को मिलेगा फायदा, निवेश की संभावनाएं बढ़ीं

एजेंसी ▶▶ बर्न

भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल स्विट्जरलैंड दौरे पर हैं जहां उन्होंने बताया कि भारत और स्विट्जरलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हाल ही में मुहर लगी है और सितंबर से यह समझौता लागू हो जाएगा। गोयल ने समझौते को लेकर कहा कि इससे दोनों देशों को फायदा होगा और भारत, स्विट्जरलैंड का विश्वसनीय सहयोगी बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड में 100 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद है। स्विट्जरलैंड की 1500 से ज्यादा कंपनियां रिसर्च, प्रीसिशन, मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग के काम में लगी हुई हैं। इन कंपनियों को उपकरण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं। गोयल ने कहा कि मेरी यहां कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई, जो काफी अच्छी रही। दोनों देशों में कई क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं हैं, जिनमें अंतरिक्ष, इंजीनियरिंग और खाद्य प्रसंस्करण और कृषि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।



#### भारत के पास दक्ष लोग, श्रम भी सस्ता

भारत को स्विट्जरलैंड की तकनीक से फायदा मिल सकता है। हमारे पास दक्ष लोग हैं हमारे यहां श्रम सस्ता भी है। भारत स्विट्जरलैंड का विश्वसनीय सहयोगी बनेगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हमारी मंत्री स्तर की तीन बैठकें हो चुकी हैं और जल्द ही मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के साथ भी जल्द बातचीत पूरी हो सकती हैं। अमेरिका के साथ भी चर्चा चल रही है और सितंबर 2025 तक इसके होने की उम्मीद है।

### यूएस ने जुलाई के लिए वीजा बुलेटिन किया जारी

# एम्प्लॉयमेंट के लिए ग्रीन कार्ड पाने के लिए इंतजार 3 से 12 वर्ष का हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने जुलाई के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है, जिसमें ग्रीन कार्ड को लेकर बड़े अपडेट दिए गए हैं। यूएस में काम करने वाले विदेशी वर्कर्स को सरकार स्थायी रूप से रहने के लिए ग्रीन कार्ड मुहैया कराती है। हालांकि, भारतीय वर्कर्स के लिए ग्रीन कार्ड का वेटिंग टाइम काफी ज्यादा है। इस बार ईबी-3 श्रेणी में तारीख थोड़ी आगे बढ़ी है, जिससे प्रोफेशनल्स, स्किल वर्कर्स और अन्य वर्कर्स के बीच परमानेंट रेजिडेंसी हासिल करने की उम्मीद जगी है। एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड में कुल मिलाकर पांच श्रेणियां हैं, जिसमें ईबी-1 श्रेणी के लिए 'फाइनल एक्शन डेट' 15 फरवरी, 2022 है। ईबी-2 के लिए 1 जनवरी, 2013 है। ईबी-3 के लिए 22 अप्रैल, 2013 हो गई है, जो पहले 15 अप्रैल थी। ईबी-4 में 1 फरवरी, 2021 और ईबी-5 श्रेणी में 'फाइनल एक्शन डेट' 1 मई, 2019 है, जिसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### लॉस एंजिलिस हिंसा पर भड़के ट्रंप

# बोले- हम इस शहर को आजाद कराकर रहेंगे, फिर से साफ और सुरक्षित बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कैलिफोर्निया का लॉस एंजिलिस शहर इन दिनों हिंसा की चपेट में है। नेशनल गाड्र्स की तैनाती के बावजूद हिंसा काबू में नहीं आ रही है। मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति सेना की 250वें वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए।

इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप लॉस एंजिलिस के प्रदर्शनकारियों पर जमकर भड़के और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन तक कह दिया। साथ ही ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में सेना तैनाती के अपने फैसले का बचाव किया और लॉस एंजिलिस को आजाद करने की बात कही। ट्रंप ने लॉस एंजिलिस को कचरे का ढेर कहा और कहा कि लॉस एंजिलिस पर अपराधियों का कब्जा है। उन्होंने कहा कि संघीय सरकार हिंसा को खत्म करने और कानून व्यवस्था कायम करने के लिए हर कदम उठाएगी। हम लॉस एंजिलिस को आजाद कराएंगे और इसे फिर से साफ और सुरक्षित बनाएंगे।



#### नरम पड़े मस्क, कहा- ट्रंप से लंबा खिंचा विवाद

*ट्रंप के समर्थक रहे अरबपति उद्योगपति एलन मस्क अब उनकी नीतियों की मुखर आलोचना करने के करीब एक हफ्ते बाद अपने बयानों पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि एक्स पर जारी वार-पलटवार का मामला लंबा खिंच गया। मस्क ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर उन्होंने जो भी बयान दिए, इसका उन्हें गहरा अफसोस है।*




### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के अविश्वसनीय 11 साल

# दक्षिण कोरिया में रह रहे प्रवासी बोले- पूरी दुनिया में गूंज रहा भारत का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया में रह रहे प्रवासी भारतीयों ने नरेंद्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री 11 साल पूरे होने पर बधाई दी। भारतीय प्रवासियों ने भारत की बढ़ती व्यावसायिक क्षमता और दुनियाभर के देशों के साथ मजबूत होते संबंधों की भी प्रशंसा की। भाजपा-एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने पर एक प्रवासी भारतीय महिला ने कहा कि आज किसी भारतीय को अपना परिचय देने की जरूरत नहीं है, हमारा नाम अब पूरी दुनिया में गूंज रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने वैश्विक मंच पर भारत की पहचान को मजबूती से स्थापित किया है। हम शांति के प्रतीक हैं, लेकिन समय आने पर हम अदम्य साहस भी दिखा सकते हैं।



#### हर क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ

एक अन्य भारतीय ने कहा कि हम सभी स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि भारत में कितनी प्रगति हुई है। हर कोई हर क्षेत्र में बदलावों को देख रहा है, खासकर कोरियाई लोग जो तब और अब यहां आए हैं। उनका कहना है कि परिवर्तन उल्लेखनीय है। हम अक्सर बुनियादी ढांचे, स्वच्छता और समग्र विकास में अंतर पर चर्चा करते हैं।

#### कोरियाई व्यवसायी ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की

कोरियाई व्यवसायी ह्यून ही चोई ने भारत की बढ़ती व्यावसायिक क्षमता और बेहतर होते द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों में भारत में काफी बदलाव आए हैं। 20 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था, तकनीक, और बुनियादी ढांचा आज की तुलना में कम विकसित था। उस समय मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सीमित था और विदेशी निवेश भी आज जितना नहीं था। भाजपा सरकार के पिछले 11 सालों में, खासकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है।

***भारत ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई:*** *एक अन्य प्रवासी महिला ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की अविश्वसनीय यात्रा, जी-20 में नेतृत्व से लेकर चंद्रयान-3 के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण, यूपीआई जैसे डिजिटल नवाचारों तक, उल्लेखनीय रही है। हम एनआरआई ने वैश्विक मंच पर भारत के उत्थान को गर्व के साथ देखा है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109